आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 33°C | 27°C |

इनसाइड न्यूज

घंटे भर की बारिश से राजधानी हुई पानी-पानी, कई इलाकों में तालाब...
उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

रविवार 13 जुलाई, 2025 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 268 www.janexpresslive.com/epaper



पुष्कर शर्मा का केन्या टीम में चयन... 12

## अहमदाबाद प्लेन क्रैश: 15 पेज की रिपोर्ट में खुलासा

# दोनों इंजन बंद हुए

## एक पायलट ने दूसरे से पूछा, तुमने फ्यूल बंद किया, जवाब, नहीं

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

अहमदाबाद प्लेन हादसे के एक महीने बाद शुरुआती जांच रिपोर्ट आ गई है। एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो ने 12 जुलाई को 15 पेज की रिपोर्ट सार्वजनिक की। प्रारंभिक जांच के मुताबिक यह हादसा विमान के दोनों इंजन बंद होने की वजह से हुआ था। टेकऑफ के तुरंत बाद एक-एक करके दोनों फ्यूल स्विच बंद हो गए थे, इस वजह से दोनों इंजन भी बंद हो गए। इस दौरान कॉकपिट की रिकॉर्डिंग से पता चला है कि एक पायलट ने दूसरे से पूछा था कि क्या तुमने स्विच बंद किया है? दूसरे ने जवाब दिया, नहीं। अमेरिकी मीडिया न्यूयॉर्क टाइम्स ने एक्सपर्ट के हवाले से कहा है कि रिपोर्ट में शामिल सभी प्वाइंट्स प्लेन में टेक्निकल गड़बड़ी न होने और पायलट से चूक की ओर इशारा कर रहे हैं। 12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रही फ्लाइट एआई 171 टेकऑफ के कुछ ही देर बाद एक मेडिकल हॉस्टल की इमारत से टकरा गई थी। इसमें 270 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें 241 यात्री और क्रू मेंबर शामिल थे। सिर्फ एक यात्री इस हादसे में जिंदा बचा है।



### कॉकपिट रिकॉर्डिंग से क्या पता चला?

एएआईबी ने कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर का भी विश्लेषण किया है। इसमें एक पायलट दूसरे से पूछता है, तुमने कटऑफ क्यों किया? जवाब मिलता है, मैंने नहीं किया। इससे अंदेशा है कि ये कटऑफ स्वचालित या तकनीकी गड़बड़ी के चलते हुआ, जिसे अब गहराई से जांचा जा रहा है। इतना ही नहीं, रिपोर्ट में ये भी बताया गया कि पायलटों ने दोनों इंजनों को फिर से शुरू करने की कोशिश की। इंजन-1 दोबारा शुरू होने लगा और उसकी गति रिकवर होने लगी, लेकिन इंजन-2 बार-बार फ्यूल रीइंट्रोड्यूस करने के बावजूद पर्याप्त गति नहीं पकड़ पाया।

### रखरखाव में कोई खामी नहीं मिली

एएआईबी ने विमान वीटी-एएनबी के मेंटेनेंस रिकॉर्ड की भी जांच की। इसमें पाया गया कि थ्रॉटल कंट्रोल मॉड्यूल 2019 और 2023 में बदला गया था, लेकिन इसका संबंध फ्यूल कटऑफ से नहीं था। फ्यूल स्विच को लेकर साल 2023 के बाद कोई शिकायत दर्ज नहीं की गई। फिलहाल एएआईबी ने बी787-8 या जीई जेनएक्स -1बी इंजन ऑपरेटर्स के लिए कोई विशेष चेतावनी जारी नहीं की है।

### पायलट कोशिश के बाद क्रैश से नहीं बचा पाए

रिपोर्ट के मुताबिक, हादसे वाले विमान में दोनों इंजनों के फ्यूल स्विच बंद थे, जिसके बाद पायलटों ने इसे चालू किया और दोनों इंजन को दोबारा शुरू करने की कोशिश की थी। लेकिन विमान बहुत कम ऊंचाई पर था, इसलिए इंजनों को दोबारा ताकत पाने का समय नहीं मिल सका और विमान क्रैश हो गया। हालांकि ये सामने नहीं आया है कि फ्यूल स्विच बंद कैसे हुए थे। 15 पन्नों की रिपोर्ट के मुताबिक, टेकऑफ से लेकर हादसे तक की पूरी उड़ान करीब 30 सेकेंड ही चली। इस समय तक रिपोर्ट में बोइंग 787-8 विमान और जीई जेनएक्स -1बी इंजन को लेकर किसी ऑपरेटर के लिए कोई चेतावनी या कार्रवाई की सिफारिश नहीं की गई है। साथ ही रिपोर्ट में मौसम, बर्ड-हिट और सबोटाज जैसे किसी भी कारण का जिक्र नहीं है।

### फ्यूल स्विच का काम और तकनीक

फ्यूल स्विच विमान के कॉकपिट में थ्रस्ट लीवर के पास होते हैं। ये इंजन में फ्यूल की सप्लाई को कंट्रोल करते हैं। इसका मुख्य काम इंजन में फ्यूल की सप्लाई को शुरू करना (रन पोजिशन) या बंद करना (कटऑफ पोजिशन) है। हर इंजन के लिए अलग-अलग फ्यूल कंट्रोल स्विच होता है। उदाहरण के लिए, बोइंग 787 में दो इंजन हैं, तो दो स्विच होंगे – एक बाएं इंजन के लिए, एक दाएं के लिए।

#### रन पोजिशन

जब स्विच रन पर होता है, तो फ्यूल वाल्व खुलता है और इंजन में फ्यूल की सप्लाई शुरू हो जाती है। इससे इंजन चालू रहता है और विमान को थ्रस्ट मिलता है।

#### कटऑफ पोजिशन

जब स्विच को कटऑफ पर किया जाता है तो फ्यूल वाल्व बंद हो जाता है और इंजन में फ्यूल की सप्लाई रुक जाती है। इससे इंजन तुरंत बंद हो जाता है। फ्यूल स्विच स्प्रिंग-लोडेड होते हैं और इनमें डिटेंट (एक तरह का लॉक) होता है, जो इन्हें अपनी पोजिशन में स्थिर रखता है। स्विच को हिलाने के लिए तीन स्टेप्स चाहिए – पकड़ना, डिटेंट से बाहर निकालना, और रिलीज करना। ये कोई नॉर्मल स्विच नहीं है जो गलती से धक्का लगने से दब जाए जाए।

### एपीएआई ने कहा- पायलट्स की बातचीत से किसी निष्कर्ष पर न पहुंचे

एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने एजेंसी को लेटर लिखा है। इसमें कहा है कि एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो की शुरुआती जांच रिपोर्ट से लग रहा है कि क्रैश में पायलट्स की गलती है। हम इस बात को पूरी तरह से खारिज करते हैं। हम निष्पक्ष और सबूत आधारित जांच की मांग करते हैं। एपीएआई ने कहा- जांच रिपोर्ट बिना किसी जिम्मेदार अधिकारी के साइन और जानकारी के मीडिया में लीक कर दी गई। जांच में पारदर्शिता की कमी है। जांच की विश्वसनीयता पर सवाल है। जनता का विश्वास कम हो रहा है। योग्य, अनुभवी कर्मचारियों विशेषकर लाइन पायलटों को अभी भी जांच टीम में शामिल नहीं किया जा रहा है।

### विमान के उड़ते ही रैम एयर टर्बाइन खुली

रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि इंजन बंद होते ही रैम एयर टर्बाइन खुल गया। यह एक छोटी प्रॉपेलर जैसी डिवाइस होती है। यह हवा की गति से घूमती है और बिजली और हाइड्रॉलिक पावर पैदा करती है। खासतौर पर तब जब विमान की मेन पावर कट हो जाए, या हाइड्रॉलिक सिस्टम फेल हो जाए। आरएटी विमान को कम से कम नेविगेशन और कंट्रोल सिस्टम को थोड़ा बहुत चालू रखने में मदद करता है।

## पीएम मोदी ने 51,000 युवाओं को बांटे नियुक्ति पत्र, बोले

# बिना पर्ची, बिना खर्ची हो रही भर्ती

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



देशभर के 47 शहरों में शनिवार को रोजगार मेले का आयोजन हुआ। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने देशभर के युवाओं को एक बड़ी सौगात देते हुए 51,000 से ज्यादा नियुक्ति पत्र बांटे। साथ ही पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए युवाओं को संबोधित भी किया। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य पारदर्शी और ईमानदार भर्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ाना है। पीएम मोदी ने कहा कि देश के लाखों युवाओं को ऐसे रोजगार मेलों के माध्यम से नौकरी मिली है और वे आज राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा मंत्र है.. बिना पर्ची, बिना खर्ची।

### 'देश की विकास रफ्तार तेज करेंगे ये युवा'

युवाओं के संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि अलग-अलग विभागों में नियुक्त हो रहे ये युवा आने वाले समय में देश के विकास की रफ्तार को तेज करेंगे। उन्होंने कहा कि कुछ देश की रक्षा करेंगे, कुछ सबका साथ, सबका विकास के सच्चे सिपाही बनेंगे। कुछ वित्तीय समावेशन मिशन को मजबूत करेंगे, तो कुछ उद्योगों के विकास में योगदान देंगे।

### राष्ट्र सेवा ही सबसे बड़ी पहचान: पीएम मदी

इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि भले ही नियुक्ति पाने वाले युवाओं के विभाग अलग-अलग हैं, लेकिन उनका उद्देश्य एक ही है राष्ट्र सेवा। उन्होंने कहा कि आपके विभाग अलग हो सकते हैं, लेकिन आप सब एक ही शरीर के अंग हैं, और वह है- देश की सेवा। बता दें कि इस दौरान पीएम मोदी ने खास तौर पर इस बात पर जोर दिया कि रोजगार मेले के अभियान ने यह विश्वास जगाया है कि सरकारी नौकरी अब सिफारिश या रिश्वत के बिना भी मिल सकती है, केवल काबिलियत के आधार पर।

### रोजगार मेले के आयोजन का लक्ष्य

गौरतलब है कि केंद्र सरकार की तरफ से आयोजित रोजगार मेला एक विशेष अभियान है, जिसका उद्देश्य युवाओं को तेज और पारदर्शी तरीके से सरकारी नौकरियों में नियुक्त करना है। इसके तहत अब तक लाखों युवाओं को केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में रोजगार मिल चुका है। प्रधानमंत्री मोदी के अनुसार, इस अभियान ने यह विश्वास जगाया है कि सरकारी नौकरी अब सिफारिश या रिश्वत के बिना भी मिल सकती है, केवल काबिलियत के आधार पर।

### पीएम के स्पीच की 5 बड़ी बातें

- आज हमारा देश दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। ये हमारे देश के नौजवानों का कमाल है। मुझे खुशी होती है कि मेरे देश का नौजवान तेज गति से आगे बढ़ रहा है।
- मेन्युफैक्चरिंग सेक्टर को गति देने के लिए मिशन मेन्युफैक्चरिंग की घोषणा की गई है। सिर्फ [illegible] से 11 लाख रोजगार बने हैं। इलेक्ट्रानिक सेक्टर का विस्तार हुआ है। 11 लाख करोड़ रुपए की इलेक्ट्रानिक मेन्युफैक्चरिंग हो रही है। पहले मोबाइल फोन मेन्युफैक्चरिंग की दो या चार यूनिट थीं। इस समय 300 यूनिट हैं इसमें लाखों युवा काम कर रहे हैं।
- डिफेंस मेन्युफैक्चरिंग में भी भारत नए रिकॉर्ड बना रहा है। डिफेंस प्रोडक्शन सवा लाख करोड़ से ऊपर पहुंच चुका है। भारत सबसे ज्यादा लोकोमोटिव बनाने वाला देश बन गया है। कई देश में एक्सपोर्ट हो रहा है।
- ऐसी अनेक योजनाओं की वजह से 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए। अब आप कल्पना कीजिए इनका आत्मविश्वास कितना होगा। वर्ल्ड बैंक जैसी संस्थाएं भारत को मॉडल की तरह पेश करती हैं। भारत की कम असमानता वाले शीर्ष देशों में रखा जा रहा है।
- भारत के 90 करोड़ लोगों को वेलफेयर स्कीम के तहत लाया गया है। इससे बड़ी संख्या में रोजगार बने हैं। पीएम आवास के तहत 4 करोड़ पक्के घर बने हैं। 3 करोड़ घर बन रहे हैं। इसमें मिस्त्री, लेबर, ट्रांसपोर्ट, ट्रक ऑपरेटर कितने लोगों को जॉब मिली। खुशी की बात है ज्यादातर रोजगार गांव में मिल रहे हैं।

# पुलिस की सरपरस्ती में मिट्टी का कारोबार

## हरदोई के बेनीगंज में खुलेआम अवैध खनन, सरकार को करोड़ों का चूना

**जन एक्सप्रेस। हरदोई/बेनीगंज**

हरदोई ज़िले का बेनीगंज कस्बा इन दिनों खनन माफिया के कब्जे में है। हैरानी की बात यह है कि यह अवैध कारोबार ठीक उसी कोतवाली के सामने फल-फूल रहा है, जिसकी जिम्मेदारी कानून-व्यवस्था और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने की होती है।

### जनता का सवाल

बेनीगंज की जनता पूछ रही है खनन विभाग और पुलिस को अंधा-बहरा किसने बना दिया है? रोजाना निकलने वाले दर्जनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को देखकर भी एफआईआर क्यों नहीं होती? जब आम आदमी एक बालू ढोने पर पकड़ लिया जाता है, तो यहां माफिया खुलेआम क्यों घूम रहे हैं?



### पर्यावरण और सड़कें भी हो रही बर्बाद

खनन के कारण जहां एक ओर खेतों की उर्वरा शक्ति खत्म हो रही है, वहीं दूसरी ओर सड़कों पर मिट्टी गिरने से यातायात में बाधा और हादसों की आशंका भी बढ़ गई है। कई ग्रामीण क्षेत्रों की कच्ची सड़कें तो इन ट्रैक्टरों के भार से टूट चुकी हैं।

### कानून का खुला उल्लंघन फिर भी खामोशी!

उत्तर प्रदेश खनिज (नियंत्रण) अधिनियम और पर्यावरण संरक्षण कानूनों के अनुसार, किसी भी प्रकार का खनन बिना वैध अनुमति के अपराध है — जिसमें भारी जुर्माना और जेल तक का प्रावधान है। लेकिन यहां न कोई नोटिस, न कोई सीलिंग, न कोई जब्ती क्या यह कानून की हार नहीं?

### पुलिस की चुप्पी शर्मनाक क्या मिलीभगत नहीं है ये?

बेनीगंज कोतवाली से चंद मीटर की दूरी पर हो रहे इस खनन पर जब कोई पुलिसकर्मी सवाल नहीं उठाता, तो यह स्पष्ट संकेत है कि यह लूट किसी अघोषित अनुमति के बिना संभव नहीं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि माफिया पुलिस को हिस्सा देकर बेखौफ होकर खेल खेलते हैं।

#### जनता पूछ रही है

अगर पुलिस चौकसी के बावजूद ट्रैक्टर-ट्रॉलियां चौक पार कर सकती हैं, तो क्या यह मिलीभगत नहीं है?

### मिट्टी लूट का अड्डा बना बेनीगंज, कानून को दिखाया जा रहा ठेंगा

नगर क्षेत्र में कई स्थानों पर जेसीबी और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के जरिए दिन-रात मिट्टी की खुदाई की जा रही है। यह मिट्टी नगर के आसपास के निर्माण स्थलों पर बेची जा रही है बिना किसी वैध परमिट, खनन स्वीकृति या सरकारी टैक्स के भुगतान के। सूत्रों की मानें तो इस पूरे खेल में खनन माफिया, स्थानीय दबंग और पुलिस-प्रशासन के कुछ मौन अधिकारी शामिल हैं। मिट्टी से भरे ट्रैक्टरों का काफिला बेनीगंज के मुख्य बाजार, बस स्टॉप और थाने के सामने से गुजरता है लेकिन न कोई रोकता है, न कोई पूछता है।

### राजस्व को भारी नुकसान, प्रशासन चुप

हर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली से सरकार को औसतन 1,500 से ?2,000 का राजस्व मिलना चाहिए, लेकिन बिना पर्ची, बिना अनुमति खनन से यह पूरा पैसा निजी जेबों में जा रहा है। अनुमान के मुताबिक बीते कुछ हफ्तों में सरकार को लाखों रुपये का सीधा नुकसान हो चुका है। राजस्व विभाग, खनन अधिकारी और उपजिलाधिकारी कार्यालय तक को इसकी जानकारी होने के बावजूद कार्रवाई न होना इस बात की तस्दीक करता है कि माफिया को राजनीतिक और प्रशासनिक संरक्षण प्राप्त है।

**क्या कहता है प्रशासन?:** जब इस बारे में खनन अधिकारी या एसडीएम से बात करने की कोशिश की गई, तो या तो फोन नहीं उठे या जांच कराएंगे कहकर बात टाल दी गई। यह रवैया दर्शाता है कि या तो अधिकारी खुद इस लूट में हिस्सेदार हैं, या फिर डर के मारे कुछ कहने की स्थिति में नहीं हैं।

## धर्मांतरण मामला: प्रशासन ने सील किया मदरसा, कागजात अपने साथ ले गई टीम

**जन एक्सप्रेस। श्रावस्ती**

हिंदू परिवारों का धर्म परिवर्तन, लव जिहाद व देश विरोधी गतिविधियों के आरोपी बलरामपुर के उतरौला निवासी जमालुद्दीन उर्फ छांगुर मामले की जांच अब श्रावस्ती के इकौना तक पहुंच गई है। पुलिस व प्रशासनिक टीम शनिवार को इकौना देहात के रहमान पुरवा स्थित जामिया नूरिया फातिमा लिल बनात संस्था/मदरसा पहुंची। एडीएम के नेतृत्व में पहुंची टीम ने मदरसा सील करके वहां रखे अभिलेख अपने साथ ले गई। गुजरात के वडोदरा जिले के धोबोई निवासी सैयद सिराजुद्दीन हाशमी ने इकौना देहात के रहमान पुरवा में 2019 में जामिया नूरिया फातिमा लिल बनात संस्था/मदरसा बनवाया था। इस आवासीय बालिका मदरसे में 300 छात्राएं रहकर शिक्षा ग्रहण कर रही थीं। जबकि, इसकी मान्यता भी नहीं थी। बाद में उसने मदरसे के बगल में करीब दो बीघा भूमि और खरीदी। उस पर भवन निर्माण शुरू कराया था। एक मई को एसडीएम की जांच में मदरसा संचालन से संबंधित अभिलेख नहीं मिले। सैयद सिराजुद्दीन हाशमी की ससुराल बलरामपुर के उतरौला में है।

### मदरसा सील करके अभिलेख अपने साथ ले गई टीम

इसके बाद तीन मई को डीएम के निर्देश पर मदरसे को सील कर दिया गया था। इसमें सैयद सिराजुद्दीन हाशमी का आवास होने के कारण आवासीय परिसर को बाद में खोल दिया गया। हालांकि, मदरसा सील था। अब छांगुर मामले में नाम आने के बाद शनिवार को एडीएम अमरेंद्र कुमार वर्मा के नेतृत्व में एसडीएम ओम प्रकाश, सीओ भिनगा सतीश शर्मा, नायब तहसीलदार अमरेश कुमार, एसओजी टीम प्रभारी नितिन यादव व एसओ अखिलेश पांडेय की टीम मदरसा पहुंची। इस दौरान वहां रखे अभिलेख टीम अपने साथ ले गई।

## कांवड़ियों पर फूल बरसाकर सौहार्द का पैगाम दें मुसलमान: मौलाना शहाबुद्दीन



**जन एक्सप्रेस। बरेली**

ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने मुस्लिम समाज से कांवड़ियों पर फूल बरसाने की अपील की है। मौलाना ने कहा कि सावन का महीना शुरू हो चुका है। अच्छे से कांवड़ यात्रा संपन्न हो। इससे पहले मोहर्रम और बकरीद के त्योहार बहुत शानदार तरीके से संपन्न हो चुके हैं। सरकार की गाइडलाइंस पर अमल करते हुए सभी लोगों ने जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दिया है। मौलाना ने कहा कि मुस्लिम त्योहारों के दौरान पुलिस-प्रशासन की व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त रही। उम्मीद है कि अब कांवड़ यात्रा के दिनों में भी व्यवस्थाएं अच्छी रहेंगी। ये इसलिए भी जरूरी है कि इसमें लंबा सफर और काफी समय लगता है। मौलाना ने कहा कि मोहर्रम का जुलूस जब विवादित जगह से निकल रहा था तो वहां के रहने वाले हिंदू भाइयों ने पुष्प वर्षा की। फिर हिंदू भाइयों ने जुलूस में शामिल हर व्यक्ति को माला पहना कर स्वागत किया। अब मुसलमानों की बारी है कि मुसलमान सिर्फ एक ही जगह पर नहीं बल्कि जिन-जिन रास्तों से कांवड़ यात्रा निकले, उन पर फूल बरसा कर स्वागत करें और पानी पिलाएं।

### पुलिस प्रशासन को दी मुबारकबाद

मौलाना ने कहा कि बरेली में 32 साल पुराना जोगी नवादा का विवाद पुलिस प्रशासन ने सुलझा दिया है। यहां के रास्ते को लेकर हमेशा दोनों समुदाय के दरम्यान विवाद हो जाता था। मगर पुलिस अधिकारियों ने दोनों समुदाय से बातचीत करके ऐतिहासिक समझौता करा दिया। उन्होंने इस विवाद को खत्म कराने पर पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को मुबारकबाद दी।

## प्रदेश में बजा पंचायत चुनाव का बिगुल, मतदाता सर्वेक्षण 14 अगस्त से

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए तैयारियों का बिगुल बज चुका है। घर-घर जाकर मतदाताओं की गणना, सर्वेक्षण और हस्तलिखित ड्राफ्ट तैयार करने का काम 14 अगस्त से 29 सितंबर के बीच होगा। 1 जनवरी 2025 को 18 वर्ष की उम्र पूरी करने वाले सभी पात्र व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में शामिल किए जाएंगे। राज्य निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूचियों को संशोधित करने के लिए विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है। जारी अधिसूचना के अनुसार, किसी ग्राम पंचायत के आंशिक भाग के किसी अन्य ग्राम पंचायत या नगरीय निकाय में शामिल होने की स्थिति में समाप्ति एवं मतदाता सूची के प्रिंट करने की कार्यवाही 18 जुलाई से 13 अगस्त के बीच होगी।

## बिहारीगढ़ से आशारोड़ी के बीच खुलेगा दून-दिल्ली एक्सप्रेस हाईवे, कांवड़ यात्रा को देखते हुए फैसला

**जन एक्सप्रेस। देहरादून**



कांवड़ यात्रा में जुटने वाली भीड़ व ट्रैफिक के दबाव से निपटने के लिए बिहारीगढ़ से आशारोड़ी तक बनकर तैयार एक्सप्रेस हाईवे को हल्के वाहनों के लिए खोला जा सकता है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर प्रमुख सचिव आरके सुधांशु ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अध्यक्ष संतोष कुमार यादव से एक्सप्रेस हाईवे को कांवड़ यात्रा की अवधि 12 जुलाई से 23 जुलाई तक हल्के वाहनों के लिए खोलने का अनुरोध किया है। प्रमुख सचिव के मुताबिक कांवड़ यात्रा में अन्य राज्यों से बड़ी तादाद में कांवड़ियों के आने की संभावना है। पिछली कांवड़ यात्रा के अनुभवों को देखते हुए दिल्ली हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग व अन्य प्रमुख मार्गों पर भीड़ का दबाव रहेगा। राष्ट्रीय राजधानी तक आवागमन के लिए दून दिल्ली एक्सप्रेस हाईवे का विकल्प है, जिसे और अधिक सहज करने के प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय व एनएचएआई से हाईवे खोलने का अनुरोध कर दिया गया है। बिहारीगढ़ से आशारोड़ी के बीच तैयार हो चुका एक्सप्रेस हाईवे अभी नहीं खुला है। आशा है कि आपात स्थिति को देखते हुए इसे अल्पावधि के लिए खोल दिया जाएगा। बता दें कि राज्यसभा सांसद नरेश बंसल भी मुख्यमंत्री से एक्सप्रेस हाईवे खुलवाने का अनुरोध कर चुके हैं।

### हाईवे खुला तो मिलेगी बहुत बड़ी राहत

दिल्ली-दून एक्सप्रेस हाईवे के बिहारीगढ़-आशारोड़ी वाले हिस्से का अभी उद्घाटन नहीं हुआ है। लेकिन इसके कांवड़ यात्रा के दौरान खुलने से बहुत बड़ी राहत मिलेगी। एक्सप्रेस हाईवे वाले हिस्से को दोपहिया व चौपहिया वाहनों के लिए ही खोला जाने की तैयारी है। ट्रक, बस व अन्य बड़े वाहन पुराने मार्ग का ही प्रयोग करते रहेंगे। इससे ट्रैफिक जाम से बचाव होगाा और यात्रियों को भी दिल्ली तक यात्रा करने का सहज विकल्प मिल जाएगा।

# भारी वर्षा से मंदाकिनी में जलस्तर वृद्धि, प्रशासन ने किया रामघाट का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



रात्रि में हुई भारी वर्षा के कारण मंदाकिनी नदी में बढ़े जलस्तर को देखते हुए जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम ने मंदाकिनी नदी रामघाट का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि कलेक्ट्रेट में बाढ़ संबंधी नियंत्रण कक्ष स्थापित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि बढ़ते जलस्तर से प्रभावित लोगों के लिए भोजन और पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने नगर पालिका परिषद कर्वी के अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिए कि जैसे-जैसे जलस्तर कम होता जाए, प्रभावित क्षेत्रों की साफ-सफाई कराई जाए और ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराया जाए। उन्होंने आए हुए श्रद्धालुओं से अपील की कि मंदाकिनी नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण बाहर ही स्नान करें। जिलाधिकारी ने जनपद के सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर बाढ़ की व्यवस्थाओं पर नजर रखें तथा जहां भी आवश्यकता हो समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लालजी यादव सहित सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

बाढ़ की जानकारी मिलने पर मण्डलायुक्त अजीत कुमार एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक राजेश एस ने रामघाट, निर्मोही अखाड़ा सहित अन्य बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया तथा सुरक्षा व्यवस्था की जांच-पड़ताल की। इस दौरान अपर जिलाधिकारी उमेश चन्द्र निगम, अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह, उपजिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल आदि मौजूद रहे।

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर राज कमल के पर्यवेक्षण में कोतवाली कर्वी के अन्तर्गत चैकी सीतापुर क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र रामघाट, निर्मोही अखाड़ा आदि की ड्रोन कैमरे से निगरानी की गयी।

# डीएम और एसपी ने हाईटेक नर्सरी का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस। उरई



बोहदपुरा क्षेत्र में विकसित की जा रही हाईटेक नर्सरी का जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार ने स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए अधिशासी अभियंता विद्युत को शीघ्र बिजली कनेक्शन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि जैसे ही विद्युत कनेक्शन की व्यवस्था पूरी होगी, नर्सरी में उत्पादन कार्य शुरू कर दिया जाएगा।कहा कि यह नर्सरी जिले के किसानों के लिए बड़ी सौगात है, क्योंकि अब उन्हें बाजार से महंगे और अप्रमाणिक पौधे नहीं खरीदने पड़ेंगे। यहां उपलब्ध पौधे न केवल प्रमाणिक और रोगमुक्त होंगे, बल्कि उत्पादन की गुणवत्ता भी सुनिश्चित करेंगे।कहा कि आगामी सितंबर माह से हाईटेक नर्सरी का विधिवत संचालन आरंभ कर दिया जाएगा। हाईटेक नर्सरी में बैंगन, टमाटर, मिर्च, फूलगोभी, बंदगोभी, गांठगोभी, लौकी, कद्दू, करेला और खीरा जैसी विविध प्रकार की सब्जियों के पौधे भूमि रहित तकनीक से तैयार किए जाएंगे। यह पूरी प्रक्रिया वैज्ञानिक पद्धति पर आधारित है, जिससे पौधे एक समान ऊँचाई वाले, स्वस्थ एवं रोगमुक्त होते हैं। इससे किसानों को अधिक उपज के साथ आर्थिक लाभ भी होगा। जिला उद्यान अधिकारी परवेज खान ने बताया कि बोहदपुरा पर हाईटेक नर्सरी का निर्माण राजदीप एग्रीप्रोडक्ट्स प्रा. लि. द्वारा 1.09 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। किसानों को यदि बीज विभाग से उपलब्ध पौधों के माध्यम से चाहिए, तो पौध की कीमत में बीज लागत के साथ एक रुपये प्रति पौधा जोड़ा जाएगा। वहीं, यदि कृषक स्वयं बीज लेकर आते हैं तो उन्हें प्रति पौधा केवल एक रुपया देना होगा। नर्सरी में पौध उत्पादन के लिए तीन प्रमुख आधुनिक चैम्बर बनाए गए हैं, सीड सोइंग चैम्बर, अंकुरण चौम्बर और हाईडिनिंग चैम्बर। सीड सोइंग चैम्बर में ऑटोमैटिक मशीन द्वारा एक घंटे में दस हजार बीजों की बुवाई की जा सकती है। अंकुरण चैम्बर का क्षेत्रफल 500 वर्गमीटर है, जिसमें एक लाख पौधों को एक साथ तैयार किया जा सकता है। इस चैम्बर में पॉली कार्बोनेट संरचना, बूमर सिंचाई प्रणाली और ऑटोमैटिक फैन-पैड कूलिंग सिस्टम जैसी आधुनिक सुविधाएं हैं, जो तापमान और नमी को नियंत्रित रखती हैं। अंकुरित पौधों को इसके बाद हाईडिनिंग चैम्बर में 15 से 20 दिनों तक रखा जाता है, जहाँ से उन्हें खेतों में रोपण के लिए तैयार किया जाता है।

# जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर किया जाए समाधान: राजेश

## डीएम व एसपी ने सम्पूर्ण थाना दिवस में सुनीं फरियादियों की शिकायतें, दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस। उरई



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार की अध्यक्षता में थाना कुठौंद परिसर में सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना दिवस के दौरान उन्होंने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आम जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजनमानस की शिकायतो को गंभीरता से सुना जाए और उसका निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस का यह आयोजन प्रशासन और जनता के बीच संवाद का एक सशक्त माध्यम बनता जा रहा है, जिससे जनविश्वास में वृद्धि हो रही है और समस्याओं का समाधान भी प्रभावी ढंग से हो पा रहा है। पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने भी जनसमस्याओं की सुनवाई के दौरान कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया। उन्होंने कहा कि शिकायतो का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं समयबद्ध किया जाए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी विनय कुमार मौर्य, सीओ शैलेंद्र कुमार बाजपेई थानाध्यक्ष अजय ब्रह्म तिवारी आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# काम में लापरवाह उपायुक्त उद्योग को डीएम ने दी बैड इंट्री

## अधिशासी अभियंता लोनिवि को भी मिली प्रतिकूल प्रविष्टि

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से निर्गत विकास कार्यों को लेकर लापरवाही करने के मामले में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने जिला उद्योग केन्द्र के उपायुक्त संदीप कुमार केशरवानी और लोनिवि के अधिशासी अभियंता अखिलेश कुमार को प्रतिकूल प्रविष्टि दे दी है। डीएम ने बताया कि सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से निर्गत विकास कार्यों की प्रगति पुस्तिका माह जून के अनुसार जिला उद्योग केन्द्र के उपायुक्त को विभागीय कार्यक्रम ओडीओपी टूल किट योजना में चित्रकूट को शून्य अंक प्राप्त हुए एवं मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में दो अंक के साथ डी ग्रेड प्राप्त हुआ। पिछले माह भी इस विभाग की योजनाओं में जनपद की प्रगति अत्यंत न्यून थी। इसी प्रकार लोनिवि के विभागीय विकास कार्यक्रम के तहत नई सड़कों के निर्माण एवं अनुरक्षण में चित्रकूट को क्रमशः एक व दो अंक के साथ डी-ग्रेड प्राप्त हुआ है। इसी प्रकार लोनिवि के विभागीय विकास कार्यक्रम के तहत नई सड़कों के निर्माण एवं अनुरक्षण में चित्रकूट को क्रमशः एक व दो अंक के साथ डी-ग्रेड प्राप्त हुआ है। इन दोनों विकास कार्यक्रमों में अपेक्षित उपलब्धि प्राप्त न होने पर जिले की ओवरआल रैंकिंग में विपरीत प्रभाव पड़ा है। डीएम ने बताया कि पूर्व में भी वह समीक्षा बैठकों में सभी विभागीय अधिकारियों को इसमें सुधार लाने के लिए कह चुके है। इसके बावजूद इन दोनों अधिकारियों द्वारा पदीय दायित्वों के प्रति संवेदनशीलता न रखते हुए कार्यों के प्रति शिथिलता एवं लापरवाही की गई है। ऐसे में उपायुक्त उद्योग संदीप कुमार केशरवानी और अधिशासी अभियंता लोनिवि अखिलेश कुमार की भर्त्सना करते हुए प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है।

# कर अधिवक्ताओं ने समस्याओं को लेकर जीएसटी कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



जीएसटी कार्यालय सीतापुर में एडिशनल कमिश्नर ग्रेड एक दिनेश सचान और ग्रेड दो राकेश कुमार के चित्रकूट आगमन पर जिला कर अधिवक्ता संघ ने जोरदार स्वागत किया।

एडिशनल कमिश्नरों ने अधिक्ताओं के साथ बैठक भी की। जिसमें जिला कर अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने कार्यालय एवं जीएसटी से सम्बन्धित विभिन्न प्रकार की समस्याओं के निराकरण के लिए ज्ञापन सोंपा। इस मौके पर जॉइंट कमीशनर बाँदा राम नारायण, संतोष वर्मा, डिप्टी कमिश्नर विक्रम अजीत, सीनियर अधिवक्ता संजय अग्रवाल, पीयूष गोयल, शिवनाथ त्रिपाठी, अभिनव केशरवानी, अनिल शुक्ला, प्रदीप गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### बच्चों ने मंच पर मचाया धमाल

**जन एक्सप्रेस/उरई।** फैशन वर्ल्ड और रूप नटराज प्रोडक्शन द्वारा बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने को चल रही ग्रीष्मकालीन कार्यशाला का शनिवार को धूमधाम से समापन हुआ। समापन पर आधा सैकड़ा से अधिक बच्चों ने डांसिंग, सिंगिंग आदि एक्टिविटी में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। सिंगिंग में विष्णु नामदेव, संतोषी और खुशी ने अपने टैलेंट दिखाए। जबकि मॉडलिंग में निशा, सुरभि, अनुष्का, दिया, निशि, प्रिंस, सुमन, जोया, कल्पना, अवनी, नंदिका, मोंटी, मिस्टी, यशी, अंतिका, तमन्ना और निशु ने हुनर दिखाए। वहीं नटराज ग्रुप के डायरेक्टर प्रदीप यादव नटराज ने कहा कि मंच तक आना ही बच्चे के लिए बड़ी उपलब्धि है और यह उपलब्धि व्यर्थ नहीं जाएगी। उन्होंने कहा कि अभिभावक अपने बच्चे की प्रतिभा को सामने लाएं। उनको मंच पर लाने का प्रयास करें। साथ ही उन्होंने कहा कि डांसिंग सिंगिंग आदि में उत्कृष्ट करने वाले बच्चों को रविवार को ग्रैंड फिनाले में टाउन हॉल में सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान कोरियोग्राफर कपिल, सौम्या तिवारी, आदर्श गुप्ता, सोनू शर्मा, दीपक गुप्ता रहे।

### ग्रामीणों ने हैंडपंप का रिबोर कराने की एसडीएम से की मांग

**जन एक्सप्रेस/जालौन।** हैंडपंप का रीबोर न होने से गांव के लोग पेयजल के लिए परेशान हो रहे हैं। परेशान ग्रामीणों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर हैंडपंप का रीबोर कराने की मांग की है। तहसील क्षेत्र के ग्राम शहजादपुरा निवासी अंकित वर्मा, जुम्मन खां, अलाउद्दीन, रफी खां, ताजत मोहम्मद, ईसब, रूबी, भूरे खां आदि ने एसडीएम विनय मौर्य को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके मोहल्ल में सार्वजनिक रूप से पेयजल आपूर्ति के लिए सरकारी हैंडपंप लगा हुआ है। इसी से मोहल्ले के लोग पेयजल भरते हैं। लगभग पांच माह पूर्व यह हैंडपंप खराब हो गया। ग्रामीणों ने स्थानीय स्तर पर जांच कराई तो पता चला कि हैंडपंप का रीबोर होना है।

# गैंगस्टर के चार मुजरिमों की 3 करोड़ 97 लाख 72 हजार की प्रापर्टी हुई जप्त

जन एक्सप्रेस। हमीरपुर



उत्तर प्रदेश सरकार की अपराधियों और बदमाशों के खिलाफ की जा रही सख्त कार्यवाही के बाद एक्शन मोड में आई

हमीरपुर पुलिस ने गैंगस्टर के चार मुजरिमों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुये तीन करोड़, सत्तानवे लाख, बाहत्तर हजार की प्रापर्टी जप्त करने की कार्यवाही की है। पुलिस ने बताया कि गैंगस्टर

सोनू गुप्ता उर्फ शिवकुमार उर्फ शिवप्रकाश पुत्र दिनेश कुमार गुप्ता उर्फ साधू की पत्नी गीता गुप्ता, वही रामप्रकाश उर्फ प्रांशू गुप्ता पुत्र दिनेश कुमार गुप्ता उर्फ साधू निवासीगण मुहल्ला चाँदथोक, उमाकान्त गुप्ता पुत्र रामसजीवन निवासी चाँदथोक सहित रिजवान उर्फ गुड्डू पुत्र स्व0 नाजिम खान निवासी चाँदथोक सुमेरपुर हमीरपुर ने अपराधिक वारदातों के बल पर

खुद के नाम, परिवार और दोस्तों के नाम चल, अचल प्रापर्टी खरीदी गई थी, जिनमें मकान, प्लाट, खेत, आरा मशीन सहित धर्मकांटा, जिनकी अंदाजन कीमत करीब 3 करोड़ 97 लाख 72 हजार रुपये की है, जो जप्त की गई है। पुलिस ने बताया कि चारों अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, चारों अपराधियों के खिलाफ गैंग बनाकर लोगों को डराने -धमकाने के साथ ही समाज में दहशत फैलाने की अपराधिक

वारदातों को अंजाम देकर उगाही करने के संगीन मामले सुमेरपुर थाने में दर्ज हैं। वहीं बड़ी बात ये है कि इनके पास आमदनी का कोई दूसरा जरिया नहीं है।

# हमीरपुर के राठ में दबंगों को नहीं पुलिस और कानून का खौफ, मामला दर्ज होने के बावजूद पीड़ित को फोन पर दे रहे हैं उठा ले जाने की धमकी

जन एक्सप्रेस। हमीरपुर




उत्तर प्रदेश के हमीरपुर के राठ में दबंगों को नहीं पुलिस और कानून का खौफ। क्योंकि मामला दर्ज होने के बावजूद दबंग और बेखौफ अपराधी पीड़ित युवक को फोन पर उठा ले जाने की दे रहा है धमकी, जबकि इस मामले को देख रहे राठ पुलिस के दरोगा को दो चार हजार रुपये देकर कर रहा सैट करने की बात। वही पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम चिरवा निवासी आलोक कुमार पुत्र प्रमोद कुमार ने 11 जुलाई को राठ कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि 10 जुलाई 2025 को जब वो दोपहर में दुकान पर बैठा था। उसी दौरान कपिल पांचाल पुत्र चंद्रशेखर निवासी कुर्रा अपने साथी के साथ आया और उसे मोटरसाइकिल से अपने साथ नहर बाईपास कुर्रा रोड पर ले गया, जहां पर उसके दो तीन अज्ञात साथी पहले से ही मौजूद थे। वहीं बाईक चला रहे युवक ने बाईक रोककर अपने साथियों के साथ मिलकर उसके साथ गाली गलौज करते हुये उसे बैल्ट और लात घूँसों से बुरी तरह से पीटना शुरू कर दिया, जबकि घटना को अंजाम देने के बाद दबंग और बेखौफ अपराधी मौके से फरार हो गये थ। वही राठ पुलिस ने पीड़ित युवक की तहरीर पर दबंग युवक कपिल पांचाल पुत्र चंद्रशेखर निवासी कुर्रा राठ सहित उसके बाकी साथियों के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 329/ 25 धारा 115(2) /352/ 351(3) /324(4) बीएनएस के तहत दर्ज कर जांच शुरू करदी है। वही अगर घटना में शामिल दबंगों के खिलाफ वक्त रहते राठ पुलिस ने कड़ी कार्यवाही को अंजाम नहीं दिया तो, हो सकता है कि दबंग किसी बड़ी घटना को दे दें अंजाम।

# शहर पुलिस को मिली बड़ी सफलता, चोरी की बैट्रियों के साथ चार को दबोचा



जन एक्सप्रेस। उरई

एसपी के निर्देशन में धर पकड़ अभियान चलाने में लगे कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। जिनके पास से चोरी की बैटरियां एवं तमंचा बरामद किया। एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार के निर्देशन मे शहर कोतवाल अरुण कुमार राय, उप निरीक्षक विपिन सहित टीम के साथ शनिवार की रात क्षेत्र के झांसी रोड पर चेकिंग अभियान चलाने में लगे हुए थे। इसी दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक बैगनआर कार में कुछ बैटरी चोर बैटरी लेकर बेचने जा रहे थे। खबर मिलते ही कोतवाल अरुण कुमार राय ने कड़ा रुख अपनाते हुए चेकिंग और सख्त कर दी। इसी दौरान शहर की तरफ से हाईवे की ओर कार सवार युवक जाते नजर आए, जिन्हें रोकने का प्रयास किया गया। लेकिन पुलिस बल देखकर कार सवार लोगों ने पुलिस को चकमा देकर भागने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस टीम ने उनका पीछा किया और कार को आगे जाकर रोक लिया और कार पर सवार चार लोगों को पकड़ लिया। जबकि कार की तलाशी लेने पर उसमें रखी कुछ बैटरियां बरामद की गई। पुलिस की पूछताछ में युवकों ने अपना नाम छोटू सिद्दीकी पुत्र नवाब सिद्दीकी निवासी ग्राम चमारी, गुलशाद अंसारी पुत्र जब्बार अंसारी तिलक नगर उरई, एहतिशाम अंसारी पुत्र नसीम अंसारी बल्लभ नगर जामा मस्जिद के पास उरई व मो. उमर पुत्र बाबू खां तिलक नगर उरई बताया। इस दौरान पुलिस ने उनके पास से 10 एटीएम से चोरी की गई बैटरियां, बैगनआर कार व तमंचा बरामद किया है।

### पुलिस ने आरोपी युवक को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/जालौन।** लगभग डेढ़ माह पूर्व मायके आई नवविवाहिता द्वारा फांसी लगाकर खुदकुशी कर लेने के मामले में मृतका के पिता ने गांव के ही एक युवक पर बेटी का शोषण करने और धमकाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले में आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम एदलपुर निवासी मान सिंह ने गांव के ही युवक बीटू के पास खिलाफ बीती 14 जून को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि बीटू के पास उनकी बेटी रश्मि की तस्वीरें और वीडियो थीं। जिनको वायरल करने की धमकी देकर वह उसे परेशान करता था। उन्हें जानकारी मिलने पर उन्होंने युवक के परिजनों से बात की तो उन्होंने एक न सुनी उल्टा उन्हें खरी खोटी सुनाकर घर से भगा दिया था। जिसके बाद उन्होंने पांच मई 2025 को बेटी की शादी कर दी। शादी के बाद 18 मई को उनकी बेटी मायके आई। इसकी जानकारी बीटू को हुई तो वह पुनः बेटी को परेशान करने लगा। 24 मई को वह पत्नी को लेकर एक निमंत्रण में गए थे।

# सोच से ही इंसान अपने लक्ष्य को प्राप्त करता है: इमरान अली

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



इमरान अली इस समय ''प्यार बिना सब सुना'' की चित्रकूट में शूटिंग कर रहे है। जिनसे कुछ इस तरह संवाद हुए

- आप इस समय कौन सी फिल्म बना रहे है और इसकी कहानी क्या है? इस समय ''प्यार बिना सब सुना'' फिल्म का निर्माण हो रहा है जो एक बॉलीवुड फिल्म है, और फिल्म की कहानी एक सैलून चलाने वाले युवक के इर्द गिर्द घूमती है और ये कहानी बहुत ही मजेदार है।

- यह फिल्म किस प्रोडक्शन हाउस एवं इसके निर्माता कौन है?

इस फिल्म का निर्माण शिव कृष्णा एंटरटेनमेंट बैनर से हो रहा है और इसके निर्माता संजय प्रताप सिंह है।

- आप की अभी तक कितनी फिल्म बना चुके है?

यह मेरी तीसरी फिल्म है डायरेक्टर के तौर पर इसके पहले 35 फिल्मों में सह निर्देशक के तौर पर काम कर चुके है। - आपने फिल्मों में कब कदम रखा?

2014 से फिल्म इंडस्ट्री में इंट्री की और सुजीत कुमार सिंह हमें आगे बढ़ने का रास्ता बताया और उनसे बहुत कुछ सीखने को मिला।

- प्यार बिना सुना फिल्म कब तक रिलीज होंगी?

फिल्म पूरी होते ही पोस्ट प्रोडक्शन का काम स्टार्ट हो जायेगा और जल्द ओ टी टी पे रिलीज हो जाएगी।

# व्यापारियों ने मनाया कैबिनेट मंत्री नंदी का पुनर्जन्म उत्सव, बांटी मिठाईयां

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल 'नंदी' का पुनर्जन्म उत्सव शनिवार को कर्वी तहसील स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर मनाया गया। इस दौरान मंदिर में पूजा-अर्चना कर लोगों को मिठाई का वितरण किया गया।

मंदिर परिसर में मंत्री प्रतिनिधि प्रकाश चन्द्र के सहित व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों एवं जनता ने हवन-पूजन कर भगवान शिव का रूद्राभिषेक किया। इसके साथ ही भण्डारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। साथ ही मिठाई का भी वितरण किया गया। बताया गया कि बीती 12 जुलाई 2010 को उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मंत्री नंद गोपाल 'नंदी' के ऊपर राजनीतिक द्वेष व ईर्ष्या के कारण आरडीएक्स रिमोट बम से जानलेवा हमला किया गया था। जिसमें एक पत्रकार व एक सुरक्षा गार्ड की मौके पर ही मौत हो गई तथा मंत्री नंदी गंभीर रूप से घायल हो गए। इस हमले का उद्देश्य न केवल मंत्री नंदी, बल्कि समस्त व्यापारी समुदाय का दमन करना था, परन्तु इस हमले से न तो मंत्री नंदी का साहस टूटा, न ही उनके प्रशंसकों का, बल्कि उनका साहस और भी बढ़ गया। जिसके बाद न केवल प्रयागराज, बल्कि संपूर्ण उत्तर प्रदेश के समाज के सभी वर्गों के लोगों ने हवन-पूजन व रुद्राभिषेक कर मंत्री के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। जिसके बाद लगभग सात माह बाद मंत्री नंदी पूरी तरह स्वस्थ होकर वापस अपने लोगों के बीच पहुँचे, तो पूरे समाज ने उनका स्वागत किया। इसके बाद से पूरे प्रदेश में प्रशंसकों द्वारा 12 जुलाई को मंत्री नंदी का पुनर्जन्म उत्सव का आयोजन किया जाता है।

इस मौके पर जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राजीव अग्रवाल, महामंत्री गुलाब गुप्ता, प्रदेश मंत्री ओम केशरवानी, व्यापार मंडल के युवा जिलाध्यक्ष अंकित केशरवानी, आशुतोष केशरवानी, सत्यम केशरवानी, भाजपा नेता रवि गुप्ता, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे, शुभम केशरवानी, अंकुर केशरवानी, यशु केशरवानी, आयुष गुप्ता, विवेक अग्रहरि, निखिल केशरवानी, दीपक दिवेदी, सोनू खंगार, अतुल केशरवानी, दिनेश केशरवानी, विक्रम, ऋषि आर्य, विनीत पयासी, लवकुश यादव, शैलेन्द्र सोनी, पवन बद्री, अनिल गुप्ता, दिलीप, राहुल गुप्ता, विष्णु गुप्ता, संचित अग्रवाल, बार एसोसिएशन अध्यक्ष अशोक गुप्ता, रामबाबू गुप्ता, राकेश केशरवानी, अनंतराम केशरवानी आदि मौजूद रहे।



**'कुर्सी ढूंढना मुश्किल', मौका मिलते ही बैठ...**

कर्नाटक की राजनीति में इन दिनों कुर्सी हर किसी की जुबान पर है। जिसे देखो वही इसी पर बात कर रहा है, कोई कह रहा है कि डीके शिवकुमार को सीएम बनना चाहिए तो वहीं कोई सिद्धारमैया को सीएम बने रहते देखना चाहता है। हालांकि खुद शिवकुमार या सिद्धारमैया खुलकर... पढ़ें पेज 10 पर...

# घंटे भर की बारिश से राजधानी हुई पानी-पानी, कई इलाकों में तालाब बनीं सड़कें, बिजली व्यवस्था ध्वस्त

- सड़कों व मुहल्लों में जलभराव से लोगों की आवाजाही मुश्किल हो गई

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



झमाझम बारिश से राजधानी की सड़कें जलमग्न हो गईं। ऐशबाग में बिजली के खंभे गिर गए। बाजारखाला में कॉलोनी की जर्जर दीवार ढह गई। सड़कों व मुहल्लों में जलभराव से लोगों की आवाजाही मुश्किल हो गई। बारिश से पहले नाले-नालियों की सफाई, जलभराव से राहत आदि को लेकर महापौर सुषमा खर्कवाल से लेकर नगर आयुक्त तक ने भले ही लाख निर्देश दिए हों। लेकिन अफसरों की संजीदगी की पोल शनिवार को खुल गई। सुबह हुई झमाझम बारिश से सड़कें जलमग्न हो गईं। नाले उफनाने लगे और वाहनों का सड़कों पर चलना दूभर हो गया। बारिश के चलते ऐशबाग के मोतीझील में बिजली के छह खंभे गिर गई। इससे तकरीबन पांच सौ लोगों के घरों में बिजली आपूर्ति बंद हो गई। वहीं बाजारखाला में कॉलोनी की जर्जर बाउंड्रीवॉल ढह गई। बिजली व टेलीकॉम के खंभे भी गिर गए। भारी बारिश के चलते शहर के अंदर के साथ-साथ हाइवे भी पानी से लबालब भर गए। शनिवार को सुलतानपुर, अयोध्या व सीतापुर हाइवे पर कई जगहों पर पानी भर गया। हाइवे नदियों जैसे हो गए, जिसमें वाहनों को चलाने में लोगों को पसीने छूट गए।

### स्टेशन लबालब

चारबाग रेलवे स्टेशन के सरकुलेटिंग एरिया में शनिवार को लबालब पानी भर गया। यात्रियों को पानी से बचते हुए प्लेटफॉर्मों तक पहुंचना पड़ा। कमोबेश लखनऊ एयरपोर्ट पर भी पानी भरने से यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं उत्तर व पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के रेलखंडों पर जलभराव हुआ। हालांकि, इससे ट्रेनों का संचालन बाधित नहीं हुआ।

### राहगीर बचकर निकले

लखनऊ के ग्रामीण इलाकों में बारिश के चलते पुराने दरख्तों की शाखाएं भी टूटीं। हालांकि, इससे किसी को नुकसान नहीं हुआ। न ही कोई हादसा दर्ज किया गया। छावनी में तेलीबाग की ओर जाने वाली सड़क पर भी कुछ शाखाएं टूटीं, लेकिन इससे वाहन चालकों को कोई हानि नहीं हुई।

धर्मांतरण की छांगुर कहानी: 'राष्ट्रविरोधी साजिशों का पर्दाफाश हुआ...', सीएम बोले

# ऐसे दुश्मनों से सतर्क रहें

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के 350वें शहीदी पर्व पर राजधानी लखनऊ से दिल्ली तक संदेश यात्रा का शनिवार को शुभारंभ हुआ। सुबह गुरुद्वारा नाका हिंडोला से निकली यात्रा मुख्यमंत्री आवास तक पहुंची। यहां पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। सीएम ने यात्रा को दिल्ली के लिए रवाना किया। इस मौके पर शबद कीर्तन एवं कथा विचार के बाद गुरु लंगर वितरित किया गया। यात्रा लखनऊ से प्रारंभ होकर कानपुर, इटावा, आगरा होते हुए दिल्ली के चांदनी चौक, शीशगंज स्थित गुरुद्वारा पहुंचकर समाप्त होगी। इस मौके पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने धर्मांतरण पर कहा कि हमने बलरामपुर मामले में जांच शुरू की है। जांच में सामने आया कि जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा ने धर्मांतरण के लिए दरें तय कर रखी थीं। उसे विदेशी फंडिंग मिल रही थी। उसके 40 बैंक खातों में 100 करोड़ रुपये से अधिक का लेनदेन पाया गया है। सीएम ने आगे कहा कि देश का स्वरूप बदलने की कोशिश हुई। भय और लालच देकर धर्मांतरण कराया जा रहा है। हम राष्ट्रविरोधी साजिशों का पर्दाफाश कर रहे हैं। ऐसे दुश्मनों को नाकाम करना है। आप लोग भी ऐसे लोगों से सजग रहिए।

# छुट्टियों के बाद सोमवार से शुरू होगी लखनऊ विवि में पढ़ाई, चीफ प्रॉक्टर ने जारी की नई गाइडलाइन



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ विश्वविद्यालय में नए सत्र 2025-26 की तैयारियां पूरी हो गई हैं। बीए, बीएससी, बीकॉम सहित विषम सेमेस्टर की पढ़ाई 14 जुलाई सोमवार से शुरू होगी। उससे पहले विश्वविद्यालय प्रशासन ने शनिवार को छात्रों के लिए गाइडलाइन जारी की है। नए सत्र से विश्वविद्यालय परिसर में छात्र-छात्राएं अपने वाहन नहीं ला सकेंगे। कोई छात्र अपने वाहन सहित प्रवेश करने की कोशिश करता है या फिर अंदर वाहन के साथ घूमता पाया जाता है तो सिक्योरिटी गार्ड के साथ-साथ छात्रों पर भी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। छात्र अपना निर्धारित वाहन स्टैंड गेट संख्या एक पर खड़े कर सकेंगे। परीक्षा विभाग के पीछे, विवेकानंद द्वार संख्या तीन पर गाड़ी खड़ी कर सकते हैं। इसके साथ ही दाहिनी ओर द्वार संख्या चार के पास दो पहिया वाहन और विवेकानंद द्वार के बायीं ओर द्वार संख्या दो पर चार पहिया वाहन और द्वार संख्या सात पर अपना वाहन रखने के बाद ही शैक्षणिक परिसर में पैदल प्रवेश करेंगे।

### नई गाइड लाइन का पालन जरूरी

विश्वविद्यालय का वातावरण बेहतर बनाने के लिए सभी को नई गाइडलाइन का पालन करना होगा। छात्रों के साथ-साथ कर्मचारियों और सुरक्षा कर्मियों को भी ध्यान रखने के लिए कहा गया है।
– डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव
प्रवक्ता लखनऊ विश्वविद्यालय

### बाहरी छात्रों पर रोक

छात्र-छात्राएं परिसर में अनावश्यक रूप से समूह बनाकर नहीं बैठ सकेंगे। बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक रहेगी। ऐसे में छात्रों को नियमित अपने परिचय पत्र लाने होंगे।

### विश्वविद्यालय को नो व्हीकल जोन बनाने की तैयारी

लखनऊ विश्वविद्यालय के इस सत्र से नो व्हीकल जोन बनाने की तैयारी है। चीफ प्रॉक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी ने बताया कि विश्वविद्यालय में स्वच्छता व सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ये निर्णय लिया गया है।

# टूटी पुलिया में फिसला पैर...नाले में गिर गया युवक, नगर निगम की टीम तलाश में जुटी

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



राजधानी लखनऊ में शनिवार की सुबह एक युवक नाले में गिर गया। बारिश के बाद नाले में तेज बहाव के कारण वह बह गया। खबर फैली तो मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची नगर निगम की टीम युवक को ढूंढ रही है। घटना से घरवालों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना ठाकुरगंज थाना क्षेत्र के मंजू टंडन ढाल के पास की है। यहां की रहने वाली रेनू बताया कि उसके पति सुरेश सुबह 7.00 काम पर जा रहे थे। बारिश के बाद नाले के आसपास पानी भरा था। वहां की पुलिया टूटी थी। पुलिया में पैर फिसलने से वह नाले में गिर गए। तब से उनका पता नहीं चल रहा है। मोहल्ले की महिलाओं ने बताया कि लापरवाही का आलम यह कि टूटी पुलिया को बनवाने के लिए कई बार शिकायत की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। नाला साफ भी नहीं कराया जाता। बारिश में पानी भरने से खतरा बना रहता है। इसी का नतीजा है कि आज सुरेश नाले में गिर गया।

# एस एस ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस बीकेटी लखनऊ में आयोजित हुआ पौधरोपण कार्यक्रम



- छात्र-छात्राओं ने लगायें पेड़,सभी को करना चाहिए पौधारोपण

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

एसश एसश ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस के अंतर्गत एसश एसश इंटरनेशनल स्कूल, लखनऊ एवं एसश एसश पब्लिक स्कूल, हेमी, बी के टी में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका विषय मुख्यतः पर्यावरण को हरा भरा बनाना एवं एवं बच्चों को पर्यावरण संरक्षण में पेड़ों का महत्व के बारे में बताना था साथ ही साथ इस कार्यक्रम को एक पेड़ माँ के नाम के रूप में भी मनाया गया ताकि जिस प्रकार हम अपने परिवार को हमेशा स्वस्थ रखना चाहते हैं उसी प्रकार से बच्चों के द्वारा रोपित किए गए पौधों को भी जीवित एवं स्वस्थ रखा जा सके उक्त कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष प्रवीण सिंह चौहान उपस्थित रहे जिन्होंने बच्चों को पेड़ लगाने के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण का भी संकल्प दिलवाया। इस कार्यक्रम में दोनों विद्यालयों की प्रधानाचार्या चन्द्रकांति शर्मा एवं प्रिया उपाध्याय जी समेत छात्र छात्राएँ एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# केशव मौर्य बीजेपी के लिए 'सियासी तुरुप का इक्का'

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- प्रदेश अध्यक्ष बनाकर बीजेपी साध सकती एक तीर से दो निशाने?
- शाह, राजनाथ से मुलाकात ने दी चर्चाओं को हवा

सत्तारूढ़ बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और यूपी अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर चर्चाएं जोरों पर है। बीजेपी केशव मौर्य को संगठन में भेजकर मुख्यमंत्री चेहरे के लिए योगी आदित्यनाथ का रास्ता साफ कर देगी। इस तरह बीजेपी एक तीन से दो निशाने साध देगी। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की हाल की मुलाकातों ने सूबे की राजनीति का पारा बढ़ा दिया है। केशव मौर्य ने 8 जुलाई को गृहमंत्री अमित शाह से बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से अहम मुलाकात की है।अभी प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से भी भेंट कर चुके हैं।इन मुलाकातों को शिष्टाचार भेंट कहा गया लेकिन मतलब तो गम्भीर है। मुलाकात में यूपी विधानसभा चुनाव को लेकर अहम चर्चा हुई है।अमित शाह से मुलाकात के बाद केशव मौर्य ने खुद कहा, 2027 में 2017 दोहराने और यूपी में जीत हैट्रिक लगाने पर चर्चा हुई। 2017 में केशव प्रसाद मौर्य बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष थे और उनकी अगुवाई में बीजेपी ने जीत दर्ज की थी। केशव के बयान ने उन्हें फिर प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने की चर्चाओं को हवा दे दी है।डिप्टी सीएम केशव मौर्य को बीजेपी का ओबीसी समुदाय का सबसे बड़ा चेहरा माना जाता है। उत्तर प्रदेश में पिछड़े वर्ग की बड़ी आबादी है और पार्टी को 2017 और 2019 में इस वर्ग से भरपूर समर्थन मिला था। जब समाजवादी पार्टी पीडीए पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक फॉर्मूले के जरिए बीजेपी के ओबीसी वोट बैंक में सेंध लगाने की कोशिश कर रही है,तब केशव प्रसाद मौर्य को सामने लाकर बीजेपी पिछड़े वर्ग को साधने की रणनीति पर काम कर सकती है।केशव 2017 में यूपी बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष थे तो पार्टी ने 403 में 312 सीटें जीत रिकॉर्ड कायम किया था। वे जमीनी नेता माने जाते हैं, सांगठनिक क्षमता बहुत है। बीजेपी 2027 में वैसी ही जीत के लिए उनके अनुभव और पकड़ का फायदा उठाना चाहती है।बीजेपी में अमित शाह जैसे आक्रामक रणनीतिकार हैं, राजनाथ सिंह जैसे संतुलनकारी चेहरे हैं। केशव मौर्य दोनों के बीच संवाद रखने में सक्षम हैं। अमित शाह और राजनाथ सिंह से उनकी बैक-टू-बैक मुलाकातें संकेत हैं कि केशव मौर्य संगठन और सरकार दोनों के बीच संतुलन में माहिर हैं।केशव प्रसाद मौर्य की सबसे बड़ी ताकत है कि वे संघ और संगठन की नर्सरी से निकले नेता हैं। उनकी छवि साधारण कार्यकर्ता से लेकर उपमुख्यमंत्री तक की यात्रा करने वाले नेता की है। वे जमीनी कार्यकर्ताओं के बीच लोकप्रिय है। पार्टी को ऐसे ही चेहरे की तलाश है जो कार्यकर्ताओं को फिर से ऊर्जा दे सके। 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर बीजेपी मिशन मोड पर है। विपक्ष खासकर अखिलेश यादव का पीडीए फार्मूला बीजेपी के परंपरागत वोट बैंक के लिए चुनौती बन रहा है। ऐसे में मौर्य को प्रदेश अध्यक्ष बनाकर बीजेपी विपक्ष को सामाजिक समीकरणों के स्तर पर कड़ी टक्कर देने की रणनीति पर काम कर सकती है।केशव प्रसाद मौर्य को संगठन में भेजने की मुख्य वजह मुख्यमंत्री दावेदारी को लेकर आपस में टकराव माना जा सकता है।

# भारत में पशु नस्लों का विकास विषय पर कार्यशाला आयोजित, सीएम योगी ने किया शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**




राजधानी लखनऊ में शनिवार को भारत में पशु नस्लों का विकास विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के हाल में किया गया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने इसका शुभारंभ किया। साथ ही गोरखपुर के कृत्रिम गर्भाधान प्रशिक्षण संस्थान तथा पशुपालन अवसंरचना विकास निधि के तहत यूपी में तीन प्रोजेक्ट (अमेठी, बरेली व मथुरा) का बटन दबाकर उद्घाटन किया। अतिथियों ने पुस्तिका का विमोचन भी किया। कार्यक्रम में योगी सरकार में पशुधन, दुग्ध विकास एवं राजनैतिक पेंशन विभाग के मंत्री धर्मपाल सिंह, केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह, केंद्रीय राज्यमंत्री एसपी सिंह बंघेल, केंद्रीय राज्यमंत्री जॉर्ज कुरियन मौजूद रहे। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है। किसान की समृद्धि के बिना खुशहाली नहीं आ सकती। भारत में कृषि व पशुधन एक-दूसरे से जुड़े रहे हैं। अन्नदाता किसान के घर में पशुधन होगा और पशुपालक भी खेतीबाड़ी से अवश्य जुड़ा होगा। इनके आपसी संबंध को ध्यान में रखते हुए पीएम मोदी के नेतृत्व में 11 वर्ष में किसानों की खुशहाली व समृद्धि के लिए बढ़ाए गए कदम अत्यंत महत्वपूर्ण व सराहनीय हैं। डबल इंजन सरकार की ऊर्जा का लाभ यूपी ने लिया है। यूपी दुग्ध उत्पादन में देश में नंबर एक पर है।

### बहुत सारी स्थानीय नस्लें लुप्तप्राय की ओर हैं

सीएम योगी ने एफएमडी बीमारी (खुरपका-मुंहपका) की चुनौतियों का जिक्र किया। कहा कि एफएमडी के वैक्सीनेशन कार्यक्रम प्रारंभ हुए, फिर बीच में उसे रोका गया। पशुधन का असर वहां के क्लाइमेटिक जोन, उसके पालन, रखरखाव, नस्ल पर भी प्रभाव पड़ता है। यूपी के अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग गोवंश दिखेंगे। स्थानीय स्तर पर देसी पद्धतियों से जिन्होंने नस्ल को सुधारने के लिए प्रयास किए, उन्होंने अच्छी नस्ल को बढ़ाने में सफलता प्राप्त कर ली। जो लोग प्रयास नहीं कर पाए, वहां पशुधन काफी पिछड़ा हुआ था। आज के समय में बहुत सारी स्थानीय नस्लें लुप्तप्राय की ओर हैं। उन पर ध्यान देंगे तो पशुपालकों को स्थायी समृद्ध निधि दे सकते हैं। सीएम ने आगे कहा कि झांसी के बलिनी, गोरखपुर, आगरा, काशी समेत यूपी में पांच मिल्क प्रोड्यूसर कार्यरत हैं। इससे लाखों महिलाएं जुड़ी हैं, जो समितियों के माध्यम से दुग्ध कलेक्शन, आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करती हैं। पशुपालन की अच्छी नस्ल की भी चिंता करती हैं।

### 10 हजार से अधिक परिवारों को एक-एक गाय दे रखी है

तीन स्कीम का जिक्र करते हुए सीएम ने बताया कि सरकार 12 लाख गोवंशों की देखभाल अपने निराश्रित गोआश्रय स्थल के माध्यम से करती है। दूसरी स्कीम-सहभागिता योजना के माध्यम से चालू की गई है। हम किसी भी पशुपालक को चार गोवंश तक देते हैं। उसकी देखभाल के लिए हर महीने 1500 रुपये प्रति गोवंश देते हैं। इसमें लगभग दो लाख से अधिक पशुधन 1.25 लाख किसानों के पास है। तीसरी स्कीम-कुपोषित परिवारों को निराश्रित गोआश्रय स्थल से बियाई हुई गाय देते हैं। 10 हजार से अधिक परिवारों को एक-एक गाय दे रखी है। 1500 रुपये हर महीने रुपये गाय की सेवा के लिए उपलब्ध कराते हैं। इससे गोवंश के संरक्षण व संवर्धन को बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है।

# रोपित पौधे को दरख़्त बनने तक निभानी होगी जिम्मेदारी



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

वृक्षारोपण अभियान में हर सरकारी और गैर सरकारी विभाग ने हिस्सा लिया।स्वयंसेवी संस्थाओं और आम नागरिक भी अभियान में भागीदारी बने। यह बहुत ही शुभ संदेश है कि अब लोगों में भावी पीढ़ी को बेहतर भविष्य देने की इच्छा जागृत हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर बीजेपी लीडर एवं सदस्य इस्पात उपभोक्ता परिषद कमल सिंह चंदेल ने एक पेंड़ मां के नाम अभियान में प्रतिभाग करने के बाद बताया कि वृक्षारोपण में तो हम सबने बड़ी रूचि दिखाई है,लेकिन इतना नाकाफी है। हमें अपने हाथों से रोपित पौधे को दरखत बनाकर भावी पीढ़ी को सौंपना है। यह जिम्मेदारी बड़ी है जिसे निभाये बिना मिशन अधूरा रह सकता है।जागृति जितनी वृक्षारोपण खातिर है, उससे ज्यादा पौधे को पाल पोषकर वृक्ष बनाने की निमित्त जरूरी है।वही अधिशासी अभियंता राजीव कुमार सिंचाई विभाग बाराबंकी ने बताया की लगाये गये और लगाए जा रहे पेड़ों की सुरक्षा का पूरा इंतजाम किया जाएगा। पर्यावरण संरक्षण सबकी जिम्मेदारी है।पेड़ को अपने नौनिहालों की तरह ही पालन और संरक्षण देंगे ताकि हमारी अगली पीढ़ी स्वच्छ और सुंदर वातावरण में सांस ले सकेंगे।वृक्ष नही होंगे तो पानी भी नहीं होगा। पर्यावरण शुद्ध हो तो मानव जीवन निरोगी होगा।प्रधानमंत्री का प्रयास लोगों को खुशहाल जीवन देने खातिर ही है।

# टी.टी.एफ. में पर्यटन विभाग को मिला एक्सीलेन्स अवॉर्ड

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

देश के सबसे बड़े ट्रैवल शो नेटवर्क, ट्रैवल एंड टूरिज्म फेयर (टी.टी.एफ.-2025) में उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा लगाये गये स्टॉल पर भारी भीड़ रही। समापन के अवसर पर विभिन्न स्टॉलों को पुरस्कृत किया गया। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग को एक्सीलेन्स अवॉर्ड प्रदान किया गया। इस अवॉर्ड को फेयर फैस्ट के चेयरमैन व सी.ई.ओ. श्री संजीव अग्रवाल ने प्रदान किया। कोलकाता के बिस्वा बांग्ला मेला प्रांगण में आयोजित टीटीएफ में उत्तर प्रदेश की समृद्ध विरासत, धार्मिक, सांस्कृतिक, साहसिक एवं प्राकृतिक पर्यटन स्थलों का प्रचार-प्रसार किया गया। आगंतुकों ने यूपी के स्टॉल पर राज्य के गंतव्यों की विस्तार से जानकारी ली। शनिवार को तीन दिवसीय पर्यटन मेले (10-12 जुलाई) का भव्य समापन हुआ। यह जानकारी उत्तर प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि, इस वर्ष का संस्करण विशेष रूप से बीटूबी (बिजनेस टू बिजनेस) स्वरूप में आयोजित किया गया। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की टीटीएफ में सक्रिय भागीदारी रही।उन्होंने कहा, ट्रैवल एंड टूरिज्म फेयर ने उद्योग जगत के पेशेवरों के लिए अवसरों के नए द्वार खोले, जो राज्य के पर्यटन विकास में मददगार साबित होगा। टूर-ट्रैवल ऑपरेटर्स और ट्रैवल एजेंट्स से आग्रह किया गया कि वे अपने पर्यटन पैकेज में उत्तर प्रदेश को अवश्य शामिल करें।

जयवीर सिंह ने बताया, टीटीएफ में उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के स्टॉल पर राज्य के प्रमुख गंतव्यों से जुड़ी जानकारियां प्रदर्शित की गई। विभाग द्वारा काशी, अयोध्या, मथुरा-वृंदावन, चित्रकूट, नैमिषारण्य, बरेली सहित अन्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों की जानकारी आगन्तुकों को दी गई। इसके साथ ही ईको-टूरिज्म, हेरिटेज टूरिज्म एवं प्रदेश के महोत्सवों से जुड़ी जानकारी भी साझा की गई। प्रदेश के वन्य जीव अभ्यारण्य, पक्षी विहार, 12 मेगा टूरिस्ट सर्किट, होटल, रिसोर्ट, फार्म स्टे, वेलनेस टूरिज्म और क्रूज आदि से संबंधित जानकारियां लोगों को दी गई। साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस तरह के आयोजनों में भागीदारी राज्य के पर्यटन की व्यापक संभावनाओं को दर्शाती है। टीटीएफ में देश भर के साथ विदेशों से भी आए लोगों ने उत्तर प्रदेश को जाना-समझा। उन्होंने बताया कि इस तरह का आयोजन न सिर्फ नेटवर्किंग के लिए बेहतर अवसर प्रदान करता है, बल्कि क्षेत्रीय साझेदारी को भी गहराई से जोड़ता है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि कोलकाता में आयोजित ट्रैवल एंड टूरिज्म फेयर (टी.टी.एफ.) में 500 से अधिक एग्जीबिटर्स ने अपने पर्यटन और यात्रा संबंधी उत्पादों का प्रदर्शन किया। इस आयोजन में देश के 25 से अधिक राज्यों और दुनियाभर के 14 से अधिक देशों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा, झारखंड, उत्तराखंड समेत पूर्वोत्तर भारत से करीब 5,500 से अधिक व्यापारिक खरीदार व्यापार मेले का हिस्सा बने। टीटीएफ में पर्यटन क्षेत्र में नवाचार और रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म को बढ़ावा देने के उद्देश्य से श्डेस्टिनेशन अपडेट और क्विज़श् कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एक महत्वपूर्ण पैनल चर्चा का आयोजन भी किया गया, जिसमें विशेषज्ञों ने खेल एवं एडवेंचर टूरिज्म में निहित आर्थिक संभावनाओं और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसरों पर चर्चा की। चर्चा में बताया गया कि कैसे पर्वतारोहण, रिवर राफ्टिंग और ट्रैकिंग जैसे एडवेंचर एक्टिविटी पर्यटन को नई दिशा दे रहे हैं। कार्यक्रम के समापन पर पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ। जयवीर सिंह ने कहा, टीटीएफ जैसे आयोजन ट्रैवल और टूरिज्म सेक्टर में व्यापार विकास और सहयोग के लिए एक अद्वितीय मंच प्रदान करता है। बताया कि उत्तर प्रदेश मंडप पर विशेष रूप से अयोध्या, प्रयागराज और वाराणसी (स्पिरिचुअल ट्रायंगल) सहित राज्य के अन्य लोकप्रिय और उभरते पर्यटन स्थलों की जानकारी दी गई।

# तकनीक और टैलेंट का संगम होगा कौशल ओलंपिक

- विश्व युवा कौशल दिवस: 15 और 16 जुलाई को लखनऊ में योगी सरकार की अनूठी पहल

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

विश्व युवा कौशल दिवस-2025 के अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार 15 और 16 जुलाई को लखनऊ में कौशल ओलिंपिक का भव्य आयोजन करने जा रही है।यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत आयोजित होगा। इसका उद्देश्य युवाओं के नवाचारों को मंच देना है, खासकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी आधुनिक तकनीकों के माध्यम से किए गए टेक-बेस्ड कौशल नवाचारों को।मिशन निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश के सभी जनपदों में संचालित प्रशिक्षण केंद्रों से चयनित प्रशिक्षणार्थी इस ओलिंपिक में भाग लेंगे और अपने-अपने प्रोजेक्ट्स, मॉडल्स, ऐप्स या टेक सॉल्यूशन का प्रदर्शन करेंगे। इससे युवाओं को न केवल तकनीकी पहचान मिलेगी, बल्कि वे इंडस्ट्री के लिए तैयार वर्कफोर्स के रूप में उभर सकेंगे।कौशल ओलंपिक में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, मशीन लर्निंग, ड्रोन टेक्नोलॉजी, हेल्थटेक, स्मार्ट एग्रो और डिजिटल डिजाइनिंग जैसे क्षेत्रों के नवाचारों की प्रदर्शनी होगी। प्रतियोगिता आधारित फॉर्मेट में विजेता नवाचारों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। उद्योग प्रतिनिधि, स्टार्टअप इनक्यूबेटर, निवेशक व शिक्षाविद् भी इस आयोजन का हिस्सा होंगे।मिशन निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि यह आयोजन सिर्फ प्रदर्शनी नहीं बल्कि युवाओं को सशक्त करने का प्लेटफॉर्म है। जो युवा कभी बेरोजगार थे, वे अब एआई-ट्रेंड स्किल्ड एंटरप्रेन्योर के रूप में नज़र आएंगे।

शिक्षा के मंदिर में भय का साया...

# महिला शिक्षिका को धमकी-चार्ज, ट्रांसफर अटका

जन एक्सप्रेस | अमेठी




जनपद के सिंहपुर विकासखण्ड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय पूरे जलाल दुबे में शनिवार को घटित घटनाक्रम ने जिले की शिक्षा- व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए।चार्ज ट्रांसफर के लिए पहुँची शिक्षिका प्रीति त्रिपाठी को सहकर्मी सहायक अध्यापक सुमन यादव ने न केवल विद्यालय का प्रभार सौंपने से इनकार किया,बल्कि अभद्र भाषा और धमकियों के सहारे उन्हें बदनाम करने की खुली चेतावनी भी दे डाली द्यखंड शिक्षा अधिकारी सिंहपुर के ताज़ा आदेश के तहत प्रीति त्रिपाठी का स्थानांतरण प्राथमिक विद्यालय चिलौली प्रथम से पूरे जलाल दुबे प्राथमिक विद्यालय को किया गया था।शिक्षिका के अनुसार जैसे ही वह विद्यालय पहुँचीं,सुमन यादव ने गाली-गलौज करते हुए कहा कि यदि तुमने प्रधानाध्यापक सिद्धार्थ द्विवेदी या किसी और को बुलाया, तो मैं यह कह दूँगी कि तुमने मेरा हाथ पकड़ा।भयाक्रांत शिक्षिका ने तत्काल प्रधानाध्यापक को सूचना दी।स्थिति की गंभीरता देखते हुए प्रधानाध्यापक अकेले विद्यालय न जाकर ग्राम प्रधान और दो जिम्मेदार ग्रामीणों को साथ लाए,ताकि किसी भी झूठे आरोप से खुद को बचाया जा सके और पारदर्शिता बनी रहे। किंतु सुमन यादव का आक्रामक रवैया बरकरार रहा।उन्होंने दोबारा चार्ज देने से मना कर दिया।और शिक्षिका पर व्यक्तिगत टिप्पणियाँ कीं।इसी बीच सुमन के भाई राहुल यादव ने प्रधानाध्यापक को फोन कर चेतावनी दी कि यदि ज़्यादा होशियारी दिखाओगे तो नौकरी करना सिखा दूँगा।घटना की सूचना मिलते ही विद्यालय परिसर में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया। विद्यार्थी भी शिक्षकों के तनाव से व्याकुल दिखे।ग्रामीण अभिभावक रामचरन तिवारी ने कहा कि यदि शिक्षक ही बच्चों के सामने ऐसा व्यवहार करेंगे,तो शिक्षा पर विश्वास कैसे टिकेगा? इस बीच बीईओ सिंहपुर ने स्पष्टीकरण दिया कि वरिष्ठ अधिकारी अवकाश पर हैं। उनके लौटते ही चार्ज ट्रांसफर की प्रक्रिया दुबारा कराई जाएगी। महिला शिक्षक पर अतिरिक्त दबाव नहीं डाल सकते।शिक्षकों ने इस तर्क को न्याय की भावना के विपरीत बताया।उनका कहना है कि आदेश की अवहेलना और धमकी,चाहे किसी से भी हो,अनुशासनहीनता के दायरे में आती है।स्कूल प्रबंधन समिति ने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह में समाधान नहीं हुआ, तो जिला मुख्यालय पर धरना दिया जाएगा।अभिभावक संघ ने शिक्षा विभाग से दोषियों पर तत्काल अनुशासनात्मक कार्रवाई की माँग की है।फिलहाल निगाहें अधिकारियों की संभावित कार्रवाई पर टिकी हैं।यह घटना दर्शाती है कि सुरक्षित व सम्मानजनक कार्य वातावरण के अभाव में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की कल्पना भी अधूरी रह जाती है।

# जमीनी विवाद में घर में घुसकर बांके से हमला, बुजुर्ग दंपती और पौत्र घायल

जन एक्सप्रेस | अमेठी



जनपद के टिकरी गांव में जमीनी विवाद ने शुक्रवार रात खौफनाक मोड़ ले लिया,जब एक व्यक्ति ने आधी रात के समय घर में घुसकर बुजुर्ग दंपती और उनके पौत्र पर बांके से जानलेवा हमला कर दिया। इस वारदात में 77 वर्षीय राजपति देवी,उनके पति शेर बहादुर सिंह और पौत्र विष्णु प्रताप सिंह उर्फ शुभम गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार घटना रात 12 से एक बजे के बीच की है।आरोपी अनिरुद्ध सिंह पुत्र शिव मूर्ति सिंह, जो उसी गांव का निवासी है,ने पहले बुजुर्ग महिला राजपति देवी पर बांके से वार किया।शोर सुनकर जब शेर बहादुर सिंह जागे तो हमलावर ने उन पर भी हमला कर दिया।इसके बाद घर में मौजूद पौत्र विष्णु प्रताप सिंह को निशाना बनाते हुए उस पर ताबड़तोड़ तीन वार किए।रक्तरंजित हालत में तीनों को परिजन और ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौगिरवा पहुंचाया,जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें अमेठी सीएचसी रेफर किया गया।फिलहाल सभी घायलों का उपचार कर उन्हें घर भेज दिया गया है।घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली प्रभारी रवि सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।और मामले की जांच की जा रही है।यह घटना न सिर्फ आपसी भूमि विवादों की गंभीरता को दर्शाती है,बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती आपराधिक प्रवृत्तियों की ओर भी इशारा करती है।पुलिस प्रशासन से ग्रामीणों ने आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी और कठोर कार्रवाई की मांग की है।

# मिश्ररौली मार्ग की बदहाली से ग्रामीण बेहाल, स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को हो रही भारी परेशानी

## नियमित आवागमन वाला मार्ग भी उपेक्षा का शिकार

जन एक्सप्रेस | अमेठी



जिले में जगदीशपुर क्षेत्र का प्रमुख मिश्ररौली मार्ग इन दिनों अपनी जर्जर हालत को लेकर चर्चा में है। यह मार्ग पुराने एनएच-56 और फोरलेन को जोड़ता है।जिससे मिश्ररौली,गूंगेमऊ,गाईमऊ,अतरौना समेत दर्जनों गांव जुड़े हैं।लेकिन मामूली बारिश में ही इस सड़क की हालत इतनी खराब हो गई है कि जगह-जगह एक-एक फीट गहरे गड्ढे बन गए हैं।गड्ढों में भरे पानी से वाहन चालकों,स्कूली बच्चों और बुजुर्ग राहगीरों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि यह मार्ग जिला पंचायत सदस्य,ब्लॉक प्रमुख आदि का नियमित आवागमन मार्ग है,फिर भी इसकी मरम्मत की ओर जिम्मेदारों का कोई ध्यान नहीं है।मार्ग की दयनीय स्थिति के कारण आए दिन छोटे-मोटे हादसे भी हो रहे हैं।लोक निर्माण विभाग की चुप्पी चिंता का विषय बन गई है।ग्रामीणों ने पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को पत्र भेजकर सड़क मरम्मत की मांग की है।पत्र भेजे जाने के कई सप्ताह बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही इस सड़क की मरम्मत नहीं की गई तो वे जन आंदोलन शुरू करने को विवश होंगे। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है,ताकि आए दिन हो रही परेशानियों और संभावित दुर्घटनाओं से राहत मिल सके।

### बेटे की चाह में ओझा के पास जा रही महिला ने सड़क पर दिया बच्ची को जन्म

जन एक्सप्रेस/अमेठी। अमेठी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत अंधविश्वास के चलते एक गर्भवती महिला ने सड़क पर ही बच्ची को जन्म दे दिया ।घटना कोतवाली क्षेत्र के बंदोईया गांव की है,जहां एक महिला अपनी पांचवीं संतान के रूप में बेटे की चाह लिए झाड़-फूंक कराने मुसवापुर गांव स्थित एक ओझा के पास जा रही थी ।रास्ते में अचानक उसे तेज प्रसव पीड़ा शुरू हो गई ।और सड़क किनारे ही डिलिवरी हो गई ।स्थानीय महिलाओं ने मौके पर पहुंचकर तत्परता से मदद की और मां-बच्ची को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया ।सीएचसी प्रभारी डॉ. अभिमन्यु वर्मा के अनुसार महिला की हालत सामान्य है,जबकि नवजात बच्ची अपरिपक्व अवस्था में जन्मी है ।और उसे विशेष निगरानी में रखा गया है ।फिलहाल दोनों का उपचार जारी है ।बताया गया कि महिला की पहले से ही चार बेटियां हैं,लेकिन परिवार बेटे की चाह में लगातार झाड़-फूंक जैसी कुप्रथाओं का सहारा ले रहा था ।महिला की मां ने स्वीकार किया कि यह घटना अंधविश्वास का परिणाम है ।और अस्पताल की बजाय ओझा के पास ले जाने का निर्णय जानलेवा साबित हो सकता था।

# नहर में पानी न आने से नाराज़ किसानों का प्रदर्शन अधिकारियों को सौंपा चेतावनी भरा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस | तिलोई,अमेठी




हैदरगढ़ खंड-28 के अंतर्गत नहर में लंबे समय से पानी न आने से परेशान किसानों का गुस्सा आखिरकार शनिवार को फूट पड़ा। क्षेत्र के सैकड़ों किसान तहसील अध्यक्ष तिलोई नंद कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में हैदरगढ़ खंड 28 नहर कार्यालय पहुंचे और जोरदार नारेबाजी करते हुए अपनी नाराज़गी जताई।किसानों ने बताया कि खंड के अंतर्गत आने वाली नहरों में कई हफ्तों से पानी नहीं आ रहा है, जिससे खेत सूखे पड़े हैं।और धान की रोपाई शुरू नहीं हो सकी है। जल संकट के कारण कृषि कार्य पूरी तरह प्रभावित हो चुका है।फिर भी सिंचाई विभाग इस गंभीर समस्या के प्रति निर्लिप्त बना हुआ है।प्रदर्शन के दौरान जब किसानों ने उच्च अधिकारियों से मिलने गए तो बताया गया कि अधीक्षण अभियंता और अधिशासी अभियंता कार्यालय में उपस्थित नहीं हैं।इस पर किसानों का आक्रोश और बढ़ गया।बाद में दोनों अधिकारियों से फोन पर वार्ता कराई गई।जिसमें उन्होंने किसानों को नहर में शीघ्र पानी उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।और कहा कि समस्या का जल्द निराकरण किया जाएगा।अधिकारियों की अनुपस्थिति से नाराज़ किसानों ने स्थानीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।जिसमें साफ चेतावनी दी गई कि अगर एक सप्ताह के भीतर नहर में पानी नहीं छोड़ा गया,तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।ज्ञापन में किसानों ने यह भी उल्लेख किया कि नहरों की नियमित साफ-सफाई और जल प्रवाह व्यवस्था को सुनिश्चित किया जाए।इस मौके पर तहसील अध्यक्ष नंद कुमार पाण्डेय ने कहा कि खेती की हालत बेहद चिंताजनक है।धान की बुआई का समय निकल रहा है। और नहरों में पानी नहीं है।यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ,तो हम लोग उग्र आंदोलन के लिए तैयार हैं। किसानों ने स्पष्ट किया कि यह प्रदर्शन केवल चेतावनी है,यदि समय रहते कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया,तो प्रशासन को इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

### रायबरेली के भदोखर में एम्बुलेंस दुर्घटनाग्रस्त

जन एक्सप्रेस | रायबरेली

रायबरेली के भदोखर थाना क्षेत्र में एक सरकारी एम्बुलेंस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। शुक्रवार देर रात लखनऊ-प्रयागराज हाईवे पर मुंशीगंज के पास यह हादसा हुआ। एम्बुलेंस सड़क किनारे जा टकराई और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

भदोखर थाना प्रभारी दयानंद तिवारी के अनुसार एम्बुलेंस चालक लालू प्रसाद शराब के नशे में था। 40 वर्षीय लालू संत कबीर नगर का निवासी है। प्रत्यक्षदर्शियों ने भी पुष्टि की कि हादसे के समय चालक नशे की हालत में था।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे में किसी की जान को नुकसान नहीं पहुंचा। हालांकि, सरकारी एम्बुलेंस को काफी क्षति हुई है।

# संदिग्ध हालात में किशोरी की मौत, परिवार में पसरा मातम

जन एक्सप्रेस | रायबरेली



रायबरेली- गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र में रायबरेली रोड पर गन्ना काटा मैदान के पास शनिवार सुबह एक 19 वर्षीय युवती का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पानी मे पड़ा मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया. शव की पहचान शिवानी पुत्री राजू, निवासी लालू का पुरवा, मजरे सतांव के रूप में हुई है. परिजन और ग्रामीण इस घटना से स्तब्ध हैं. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. शिवानी अपने परिवार की सबसे बड़ी संतान थी. ग्रामीणों के अनुसार घटना की रात शिवानी अपनी बहन व पिता के साथ घर पर थी, क्योंकि उसकी माँ किसी पारिवारिक कार्य से मायके गई हुई थी. सुबह शिवानी गायब मिली तो खोजबीन शुरू की गई।थोड़ी देर बाद घर से करीब पचास फिट दूर एक घर के बेसमेन्ट के बगल मे भरे पानी में उसका शव पड़ा मिला. शव मिलने की सूचना पर आसपास के ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई और पुलिस को सूचित किया गया. मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. घटनास्थल की जांच कर साक्ष्य जुटाए गये, पुलिस अधिकारी प्रथम दृष्टया इसे संदिग्ध मानते हुए हर पहलू से मामले की जांच कर रहे हैं. शिवानी की मौत से परिवार सदमे में है। गांव के लोगों का कहना है कि शिवानी शांत स्वभाव की लड़की थी और घर के कार्यों में हाथ बंटाया करती थी। पिता राजू का रो-रोकर बुरा हाल है। उन्होंने किसी से रंजिश की बात से इनकार किया है, पुलिस के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। फिलहाल परिजनों के बयान दर्ज कर मामले की गहन जांच की जा रही है।

### जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा-06 में प्रवेश हेतु करें ऑनलाइन आवेदन

जन एक्सप्रेस | रायबरेली

जवाहर नवोदय विद्यालय रायबरेली के प्रभारी-प्राचार्य बी0के0 पाठक ने बताया है कि जवाहर नवोदय विद्यालय रायबरेली में सत्र 2026-27 में कक्षा-06 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए जा रहे हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 29 जुलाई 2025 निर्धारित है। उन्होंने बताया कि केवल वही अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में प्रतिभाग कर पायेंगे जो ऑनलाइन माध्यम से आवेदन करेंगे। अधिक जानकारी हेतु नवोदय विद्यालय समिति की अधिकारिक वेबसाइट https://navodaya.gov.in डाउनलोड का अवलोकन कर सकते है। आवेदन की जानकारी हेतु इन नम्बरों 8318660476, 9653059158, 9415524308 पर भी संपर्क कर सकते है।

# धारा 163 के अंतर्गत निषेधाज्ञा 06 सितम्बर तक लागू: एडीएम (प्रशासन)

जन एक्सप्रेस | रायबरेली




जनपद में 11 जुलाई 2025 से श्रावण मास का प्रारम्भ हो गया है, सावन मास के सोमवार/पर्व 14 जुलाई को प्रथम सोमवार, 21 जुलाई को द्वितीय सोमवार/अमावस्या, 28 जुलाई को तृतीय सोमवार, 04 अगस्त का चतुर्थ सोमवार/पूर्णिमा, 09 अगस्त को रक्षा बन्धन/पूर्णिमा व 15 अगस्त को राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस, 16 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, 05 सितम्बर को ईद-ए-मिलाद/बारावफात, 06 सितम्बर को अनन्त चतुर्दशी व स्थानीय गंगा घाटो पर पूर्णिमा/अमावस्या, पर्व पर गंगास्नान एवं आयोग से प्रायोजित होने वाली प्रतियोगी परिक्षाये, प्राविधिक शिक्षा परिषद/विश्वविद्यालय की गतिमान वार्षिक/सेमेस्टर परिक्षाओं के आयोजन, परीक्षा पुस्तिकाओं का मूल्याकन व संचारी रोगों के प्रभावी रूप से रोकथाम के सम्बन्ध में शासन द्वारा समय-समय पर जारी दिशा निर्देश का क्रियान्वयन किया जाना है। उक्त परिस्थितियों के दृष्टिगत वर्तमान में समवाभाव के कारण पक्षों को सुनने के उपरान्त आदेश पारित किया जाना सम्भव नही है। अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) सिद्धार्थ ने भारतीय नागरिक सुरक्षा सहिता-2023 की धारा 163 के अधीन प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये जनपद में लोक परिशान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु एकपक्षीय रूप से 11 जुलाई 2025 से 06 सितम्बर 2025 तक सम्पूर्ण जनपद में निषेधाज्ञा जारी किया है।

## एडीजी पीएसी ने परखी अयोध्या की सुरक्षा-व्यवस्था, हनुमंत लला के दरबार में टेका मत्था



जन एक्सप्रेस | अयोध्या

रामनगरी अयोध्या की सुरक्षा व्यवस्था को पररखने के लिए एडीजी पीएसी डॉ. राम कृष्ण स्वर्णकार शनिवार को अयोध्या पहुंचे। उन्होंने हनुमानगढ़ी पहुंचकर हनुमंत लला का आशीर्वाद भी लिया। एडीजी पीएसी डॉ. स्वर्णकार ने बताया कि अयोध्या में जो पीएसी के जवान तैनात हैं, उनकी बेहतर ट्रेनिंग हो। सुरक्षा के बेहतर इंतजाम हों, यही हकीकत देखने के लिए अयोध्या पहुंचा हूं। सुरक्षा व्यवस्था को परखा गया है। चाहे सावन मेला हो या कोई अन्य त्योहार सभी में पीएसी के जवान सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहते हैं। अयोध्या की सुरक्षा व्यवस्था पहले से ही पुख्ता कर रखी गई है। ऐसे में समय-समय पर सुरक्षा व्यवस्था देखी जाती है कि उसमें कोई कमी तो नहीं है। पीएसी के जवानों की बेहतर ट्रेनिंग और बेहतर सुरक्षा के लिए समय-समय पर अलग-अलग जगह पर उनका डेप्लॉयमेंट किया जाता है ताकि अयोध्या की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता रहे और सभी अपनी ड्यूटी पूरी ईमानदारी और तत्परता से कर सकें।

### रायबरेली में 8 मुकदमों का आरोपी गिरफ्तार: हिस्ट्रीशीटर शुभम यादव के पास से अवैध तमंचा और कारतूस मिले

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** के थाना भदोखर पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान हिस्ट्रीशीटर शुभम यादव को गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर 12 जुलाई 2025 को यह कार्रवाई की गई। शुभम यादव उर्फ बोथा पूरे सिकरवारन मजरे मनहेरु का रहने वाला है। पुलिस ने उसके पास से 315 बोर का एक अवैध तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। आरोपी के खिलाफ पहले से आठ मुकदमे दर्ज हैं। इनमें शस्त्र अधिनियम के तीन मामले हैं। धमकी और मारपीट के पांच मामले भी दर्ज हैं। थाना भदोखर में उसके खिलाफ मुकदमा नंबर 272/2025 धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम के तहत दर्ज किया गया है। गिरफ्तारी में उप-निरीक्षक समय सिंह और पवन कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम शामिल थी। टीम में मुख्य आरक्षी मनोज कुमार, आरक्षी दुर्गाप्रसाद यादव और आरक्षी अनूप यादव थे। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। थाना प्रभारी दयानंद तिवारी के नेतृत्व में भदोखर थाना लगातर एक्सन मोड में दिख रहा है

### सावन की पहली बारिश से मिली राहत: गर्मी से परेशान लोगों को मिली ठंडक, पेड़-पौधों में लौटी हरियाली

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।**सावन के महीने की शुरुआत के साथ ही पहली बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दी है। पिछले कुछ दिनों से भीषण गर्मी के कारण पेड़-पौधों की हरियाली सूखने लगी थी। सावन की इस पहली बारिश ने प्रकृति को नई जान दी है।

बारिश के कारण मौसम में ठंडक आ गई है। पेड़-पौधों में नई हरियाली देखने को मिल रही है। आम जनता को भी मानसून की इस बारिश से काफी राहत मिली है। लंबे समय से चल रही गर्मी के बाद यह बारिश वरदान साबित हुई है।

# नगर पालिका की बरसात में खुली पोल: मोहल्लों से लेकर मार्केट में घुसा बरसात का पानी

जन एक्सप्रेस | रायबरेली



रायबरेली में कल रात से हो रही रुक-रुक के झमाझम बारिश की वजह से उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत मिली है। वहीं खेतों में पानी की कमी से जूझ रहे किसानों के चेहरे भी खिल गए हैं। अगस्त के अंतिम हफ्ते में हो रही बारिश धान की फसल के लिए काफी लाभदायक है।

शहरी क्षेत्र की बात की जाए तो निचले इलाकों में जल भराव की समस्या एक बार फिर पैदा हो गई है। बहुत से सड़क मार्ग, गली मोहल्ले में बरसाती पानी के जलभराव के कारण लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। अमृत योजना के तहत डाली गई सीवर लाइन के लिए खोदी गई सड़कों का बुरा हाल है। घरों के सामने सड़कों ने दलदल होने से लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है।

आपको बता दें कल रात से हो रही बारिश ने जिला प्रशासन की पोल खोल के रख दी है। शहर के डिग्री कॉलेज चौराहे स्थित हेमू कल्याणी पार्क के बगल में बनी मार्केट में नगर पालिका द्वारा जल निकासी की व्यवस्था न होने के कारण मार्केट में लोगों की दुकानों के अंदर तक पानी घुस गया जिससे दुकानदारों का समान बरसात के पानी से खराब हो गया व्यापारियों का कहना था कि यह पहली बार नहीं है हर साल बरसात के समय उन्हें इस गंभीर समस्या से गुजरना पड़ता है कई बार शिकायत करने के बाद भी आज तक कोई नगर पालिका ने निदान नहीं निकला है और हर साल व्यापारियों का काफी नुकसान बरसात के समय हो जाता है वही शहर के सर्वोदय नगर, सोनिया नगर, तेलिया कोट, इंदिरा नगर सहित अन्य मोहल्ले में बरसाती पानी भर गया है। बहुत से इलाकों में पानी घरों के अंदर भी घुस गया है। जिसके कारण लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। गौरतलब है कि नगर पालिका ने मानसून आने से पहले अपने तैयारी को लेकर ढिंढोरा पीटा था। लेकिन उसकी पोल इस बरसात ने खोल कर रख दी है।

नालियों की सफाई की बात कही जाती थी। लेकिन नालियों के चोक होने से जल निकासी नहीं हो पा रही है। जिससे पानी गली नालियों में से निकल नहीं पा रहा है। इंदिरा नगर निवासी राकेश कुमार ने बताया कि जल भराव की समस्या हमेशा रहती है। वहीं दूसरी ओर राणा नगर मोहल्ले में हुआ जीपीएस स्कूल मोड पर बरसात के बाद भारी जल भराव हो गया जिससे स्कूली बच्चों को घर जाने मे व वाहन चालको, राहगीरो को भारी समस्या का सामना करना पड़ा इस बार भी नगर पालिका को कहा गया था कि समय रहते नालियों की सफाई करवा दें। लेकिन खाना पूर्ति करके नगर पालिका के कर्मचारी यहां से चले जाते हैं। इसकी हकीकत बारिश के बाद मालूम चलती है।



**मण्डलायुक्त और डीआईजी ने भदेश्वरनाथ मंदिर...**

श्रावण मास कांवड़ यात्रा को लेकर मंडल आयुक्त अखिलेश सिंह व पुलिस उप महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती संजीव त्यागी डीएम व एसपी व अन्य अधिकारियों के... ▸ शेष पेज 10 पर...

# 200 साल पुरानी बिल्डिंग का छज्जा ढहा, मलबे में दबा दूधिया गंभीर





**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

अनवरगंज थानाक्षेत्र के आलम मार्केट चौराहे के पास शनिवार दोपहर बारिश के कारण 200 साल पुराने मकान का जर्जर छज्जा भरभराकर गिर गया। हादसे में एक दूधिया मलबे में दबकर घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस, अग्निशमन, नगर निगम की टीम ने बिल्डिंग के अंदर से लोगों को बाहर निकाला। साथ ही एहतियातन जेसीबी से मकान के जर्जर हिस्से को ढहा दिया गया। मकान में 75 वर्षीय ध्रुव सक्सेना और उनके 65 वर्षीय भाई हरी प्रसाद सक्सेना का परिवार रहता है। भाइयों ने बताया कि मकान के नीचे भूतल में अंडे, चाय और पान मसाला की दुकान है। शनिवार को वह लोग घर पर थे तभी दोपहर करीब 12 बजे बिल्डिंग का बाहरी छज्जा तेज आवाज के साथ गिर गया। समी की चाय की दुकान में दूध देने आया कुलीबाजार निवासी दूधिया एहेतशाम दब गया। लोगों ने मलबे से एहेतशाम को निकालकर निजी नर्सिंग में भर्ती कराया। मौके पर पुलिस बल के साथ पहुंचे एसीपी अनवरगंज अभिषेक राहुल ने आलम मार्केट चौराहे से अनवरगंज रोड तक सुरक्षा की दृष्टि से बैरिकेडिंग कराई। वहीं, अग्निशमन कर्मियों ने बिल्डिंग में घुसकर हरी प्रसाद की पत्नी सुधा, ध्रुव की पत्नी विमला को सकुशल बाहर निकाला। बाद में पुलिसकर्मियों ने यातायात को डायवर्ट किया जिसके बाद नगर निगम की टीम ने जेसीबी से बिल्डिंग के जर्जर हिस्से को ढहाना शुरू किया। दोपहर 12.30 बजे से शुरू हुआ कार्य शाम चार बजे तक चला।

## रबर के पाइप से युवक ने फंदा लगा दी जान, घटना के समय घर पर अकेला था

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



रसूलाबाद कस्बा के लोहिया नगर वार्ड में शनिवार की शाम एक युवक ने पानी की रबर के पाइप से फंदा लगाकर जान दे दी। घटना के समय मां पड़ोस में बने दूसरे घर पर गई थी। लोहिया नगर निवासी गणेश शंकर उर्फ नन्हे (30) वर्ष पुत्र रतीराम चालक था। वह गाड़ी चलाकर परिवार का भरण पोषण कर रहा था। शनिवार शाम छह बजे के करीब छत के जाल में उसका शव रबर के पाइप से फंदे पर लटका मिला। कुछ देर बाद पड़ोस के दूसरे घर से मां विट्टन देवी घर पहुंची तो चीख निकल गई। बेटे के शव को मां बिलखती रही। मां ने बताया कि बेटे की शादी नहीं हुई है। वह उनके साथ ही रहता था। उसने ऐसा कदम किस बात को लेकर उठाया वह नहीं बता सकीं। रसूलाबाद थानाध्यक्ष हरमीत सिंह ने बताया उन्हें घटना की जानकारी नहीं है। मौके पर पुलिस भेज कर जांच कराई जाएगी।

# शिवराजपुर सीएचसी का सीएमओ ने किया औचक निरीक्षण, जल्द होगी डॉक्टरों की तैनाती

- जन्म प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर पैसा मांगने वाले को बुलाकर हिदायत देकर छोड़ा

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**





बिल्हौर तहसील क्षेत्र के शिवराजपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ उदयनाथ ने औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने लाइट, एक्स-रे फिल्म, डांक्टर्स की कमी आदि पर जल्द समाधान का आश्वासन दिया। सीएमओ डॉ उदय नाथ ने अस्पताल की साफ सफाई का अटेंडेंस रजिस्टर चेक भ्रमण कर स्टाफ की मौजूदगी देखी। अटेंडेंस के अनुरूप सभी डॉक्टर्स व स्टाफ मौके पर मौजूद मिले। उन्होंने सीएचसी अधीक्षक डॉ दिलीप कटियार को व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए उन्होंने एक्स-रे मशीन होने के बावजूद एक्स-रे फिल्म न मिलने की शिकायत पर उन्होंने तत्काल प्रभाव से निर्देश देते हुए सोमवार तक एक्स-रे फिल्म सीएचसी भिजवाने के निर्देश दिए और मरीजों को सोमवार से एक्स-रे फिल्म मिलने के प्रति आश्वस्त किया। सीएचसी स्टाफ के द्वारा लाइट न होने पर जनरेटर न चलने के कारण आने वाली समस्याओं के लिए अवगत कराने पर उन्होंने सीएचसी में सोलर पैनल के लिए प्रस्ताव भेजकर जल्द समस्या का हल कराने का आश्वासन दिया। डॉक्टरों की कमी कारण मरीजों को समुचित नहीं मिल पा रहा था।, एमबीबीएस डॉक्टरों की तैनाती व आने वाली समस्याओं को जल्द से जल्द निस्तारण करने को कहा उन्होंने बताया कि 4 अगस्त में चार से पांच एमबीबीएस डॉक्टर सीएचसी में तैनात करने का आश्वासन दिया। इसके बाद उन्होंने क्षेत्र के चकबाका गांव में चल रहे टीककरण का गांव पहुंचकर जायजा लिया।जहां सभी कर्मचारी मौजूद मिले। ब्लॉक प्रमुख शुभम बाजपेई ने जोरदार स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में डां डीएस सचान, डॉ अर्पणा श्रीवास्तव, एनएम कुसुम यादव, अमित श्रीवास्तव के साथ अन्य स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ मौजूद रहा।

# जर्नलिस्ट क्लब में श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन पत्रकार सुरेश त्रिवेदी की याद में साथियों की आँखे हुई नम

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



पत्रकारिता के अमिट हस्ताक्षर वरिष्ठ पत्रकार सुरेश त्रिवेदी की श्रद्धांजलि सभा आज अशोक नगर स्थित हिंदी पत्रकार भवन में हुई। पत्रकारों ने स्वर्गीय सुरेश जी निष्पक्ष व निडर पत्रकारिता की जमकर तारीफ की। वक्ताओं ने कहा कि सुरेश जी की पत्रकारिता से नौजवान पत्रकारों को सीखना चाहिए। वह सभी के लिए नजीर पेश कर गए हैं। अशोक नगर स्थित कानपुर जर्नलिस्ट क्लब हिंदी पत्रकार भवन आयोजित श्रद्धांजलि सभा में सुरेश जी के चाहने वालों का तांता लगा रहा। वरिष्ठ पत्रकार कैलाश अग्रवाल ने सुरेश जी के साथ अपने अनुभव को साझा किया। वरिष्ठ पत्रकार कुमार त्रिपाठी ने उन्हें सच्चा व निडर पत्रकार बताते हुए उनके आदर्शों पर चलने की सलाह दी। वरिष्ठ पत्रकार गजेंद्र सिंह ने उन्हें पथ प्रदर्शक बताया।

संघर्ष काल के अपने और उनके अनुभवों को साझा किया। इस मौके पर कानपुर जर्नलिस्ट के महामंत्री अभय त्रिपाठी ने कहा कि सुरेश जी के देखे सपने को साकार किया जाएगा, उनके सिद्धांतों पर चलकर पत्रकारों के लिए जर्नलिस्ट क्लब संघर्ष करता रहेगा।

वरिष्ठ पत्रकार पुष्कर बाजपेयी और शैलेन्द्र मिश्रा ने सुरेश त्रिवेदी जी को पत्रकारिता का क्रांतिवीर बताया। श्रद्धांजलि सभा में सुरेश जी के पुत्र मनी वह अन्य परिजन उपस्थित रहे। इस मौके पर पत्रकार विवेक शुक्ला, जीपी अवस्थी, प्रकाश श्रीवास्तव, विशाल सैनी, पंकज अवस्थी, कृष्ण मोहन त्रिपाठी, अमित पटेल, सूर्य नारायण, यस त्रिपाठी समेत सैकड़ों पत्रकार मौजूद रहे।

# घर पर मां, बेटा और मौसी चला रहे थे देह व्यापार गिरोह, पकड़ा गया



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर में कल्याणपुर पुलिस ने शुक्रवार रात को देह व्यापार गिरोह का भंडाफोड़ किया। यह देह व्यापार गिरोह गूबा गार्डन के एक घर में मां बेटे और मौसी मिलकर चला रहे थे। पुलिस ने मौके से संचालकों समेत 12 लोगों को पकड़ा है। उनसे पूछताछ की जा रही है। आईआईटी कानपुर के पास गूबा गार्डन में लंबे समय से देह व्यापार गिरोह चल रहा था। आसपास के लोगों ने इसकी शिकायत पुलिस से की थी। पुलिस ने शुक्रवार को घर में अचानक छापा मारा। मौके पर छह लड़के और तीन लड़कियां मिलीं। इसके अलावा संचालक भी पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। उनसे पूछताछ की जा रही है। वहीं, पड़ोसियों का कहना है कि इससे क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा था। सुबह से लेकर रात तक लड़के और लड़कियों का आना जाना लगा रहता था। कल्याणपुर थाना प्रभारी सुधीर कुमार ने बताया कि देह व्यापार गिरोह पकड़ा गया है। जो लोग इसमें संलिप्त हैं। उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए

# गोकुल बाबा मन्दिर समिति में शिव महापुराण कथा का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

परियर। पवित्र सावन माह में श्री आदि गुरु वैदिक सेवा संस्थान एंव गोकुल बाबा मन्दिर समिति के सौजन्य से लोक विख्यात शैवाचार्थ प्रशान्त प्रभु महाराज के पावन सानिध्य में षष्टम विशाल शिव पुराण कथा का आयोजन सुनिश्चित हुआ है।

कथा का मुख्य उद्देश्य हिन्दू हृदय सम्राट महंत आदित्य नाथ योगी जी को 2027 में पुनः मुख्यमंत्री पद पर आसीन कराने एवं आतंकवाद के मूल सफाये हेतु किलकार भैरव तंत्र महायज्ञ का आयोजन समस्त राष्ट्र भक्तो एवं सनातनियो द्वारा किया जा रहा है।

इसी निमित्त आगामी 14 जुलाई को वृहत कलश यात्रा बड़े हनुमान मंदिर से गांधी नगर तिराहे तक सायं 4 बजे भ्रमण करेगी।

15 जुलाई से 25 जुलाई तक भारत की रक्षा एंव राष्ट्र रक्षा में शहीद हुए वीर सैनिको की सदगति हेतु किलकाल भैरव यज्ञ प्रातः 7 बजे से 12 बजे तक एवं सायं 5 बजे से श्री शिव पुराण कथा का रसपान श्री प्रशान्त प्रभु के सानिध्य में सभी शिव भक्तों को कराया जायेगा।

24 जुलाई को सम्पूर्ण मनोकामना पूर्ति हेतु 1008 पार्थिव शिवलिंगों द्वारा सामूहिक रुद्राभिषेक का शुभारम्भ दोपहर दो बजे से होगा।

तत्पश्चात महाराज जी के द्वारा किलकार भैरव रक्षा कवच और कल्याण कारी कुबेर का खजाना भी भक्तो को प्रदान किया जायेगा।

उक्त जानकारी ब्रह्म चिंतन शिविर के संस्थापक जितेन्द्र द्विवेदी ने पत्रकारों से साझा करते हुए सभी शिव भक्तो से अधिक से अधिक संख्या में गोकुल बाबा मन्दिर परिसर में पहुंच कर श्री शिव पुराण कथा का रसपान करने का आग्रह किया है।

## कांवड़ियों की टोली को जलाभिषेक करने में ना हो दिक्कत: दीपक भूकर

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

परियर । सदर तहसील के परियर गंगा तट से सावन माह में श्रद्धालु गंगा स्नान कर पूजा अर्चना कर जल भरते हैं। कांवड़ियों की टोली जलाभिषेक करने शिव मंदिरों के लिए इसी तट से जाते हैं।

शनिवार को कावड़ यात्रा को लेकर पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने परियर में बने कावड़िया सहायता बूथ पर व्यवस्था का जायजा लिया। इसके बाद गंगा तट की तरफ कप्तान का काफिला गया किंतु बीच रस्ते से ही वापस लौट आए।

इस मौके पर सफीपुर क्षेत्राधिकारी मधुपनाथ मिश्रा, सफीपुर उपजिलाधिकारी शिवेंद्र कुमार वर्मा, सफीपुर थाना अध्यक्ष एस एन त्रिपाठी, परियर चौकी प्रभारी अनिल कुमार राजपूत सहित कई विभाग के लोग मौजूद रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### शिवराजपुर में कार-बाइक भिडंत में तीन घायलों में से एक की मौत

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** बिल्हौर तहसील क्षेत्र के शिवराजपुर में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। कानपुर-अलीगढ हाईवे पर पाठकपुर गांव के सामने शुक्रवार रात एक अज्ञात कार ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक पर सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में शिवराजपुर कस्बे के वार्ड नंबर ज निवासी आनंद अवस्थी के दो बेटे मयंक और कल्लू के साथ उनका दोस्त सत्यम यादव शामिल थे। तीनों कस्बा बाजार से लौट रहे थे घायलों में शिवराजपुर कस्बे के वार्ड नंबर 5 निवासी आनंद अवस्थी के दो बेटे मयंक और कल्लू के साथ उनका दोस्त सत्यम यादव शामिल थे। तीनों कस्बा बाजार से लौट रहे थे। पुलिस ने घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत के चलते तीनों को कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर किया गया। शनिवार दोपहर उपचार के दौरान कल्लू की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिवार पर दुखों का पहाड़ टूटा है। पिछले साल आनंद अवस्थी के एक अन्य बेटे की गंगा मेंडूबने से मौत हो गई थी। पुलिस अज्ञात कार चालक की तलाश कर रही है।

### बिल्हौर कस्बे में रिक्शा सवारों ने जेब काटकर लगभग डेढ़ लाख के जेवर किए पार

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** बिल्हौर कस्बे में एक किसान के साथ जेब कटी की वारदात सामने आई है। नानामऊ गोहलियापुर के रहने वाले देवी गुलाम अपने गिरवी रखे जेवर छुड़ाकर घर लौट रहे थे। उन्होंने ज्वेलर्स रामकुमार की दुकान से लगभग 1.50 लाख रुपए में एक जंजीर, एक बृजबाला और एक जोड़ी कुंडल छड़ाए थे। किसान के बेटे महेश ने बताया कि उनके पिता बस अड्डे से ई-रिकशा में बैठे। उस समय रिक्शे में दो लड़कियां पहले से मौजूद थीं। रास्ते में कॉलेज के सामने दो युवक भी सवार हुए। दो युवक नानामऊ रोड पर आरपीएस कोल्ड के सामने उतर गए। घर पहुंचने पर देवी गुलाम को पता चला कि उनकी पॉकेट ब्लेड से काटी गई है और जेवर गायब हैं। पीड़ित ने तुरंत थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की और एक संदिग्ध की पहचान की है। ई-रिक्शा चालक को भी पूछताछ के लिए थाने लाया गया है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा। क्षेत्र में ई-रिक्शा पर सक्रिय अपराधी गिरोह की यह पहली वारदात नहीं है।

### लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर कंटेनर में पीछे से घुसी कार एक युवक की मौत, दो घायल

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** बिल्हौर तहसील क्षेत्र के अरौल थाना अंतर्गत लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार रात एक बड़ा हादसा हुआ। क्षेत्र में किलोमीटर 218 पर एक तेज रफ्तार ब्रेजा कार आगे जा रहे कंटेनर से टकरा गई। हादसे में कार में सवार संदीप की मौके पर ही मौत हो गई। कार चालक विपिन और उनका साथी रोहित गंभीर रूप से घायल हो गए। विपिन प्रतापगढ़ के लालगंज का रहने वाला है। हादसे के बाद कंटेनर चालक अपना वाहन छोडकर मौके से फरार हो गया। हाईवे एंबुलेंस घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिल्हौर ले गई। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया। अरौल थाना प्रभारी जनार्दन सिंह ने बताया पुलिस मृतक के परिजनों को सूचना दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। क्रेन की मदद से दोनों वाहनों को सड़क किनारे हटाकर यातायात बहाल किया गया।

### दबंगों से परेशान होकर बस्ती के लोगों ने मीडिया से न्याय की गुहार लगाई

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** कानपुर में दबंगों से परेशान होकर व बजरिया थाना द्वारा आरोपियो पर कार्रवाई न करने को लेकर एक घनी आबादी वाली बस्ती के लोगों ने मीडिया से न्याय की गुहार लगाई है कानपुर प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता करते हुए पीड़ितों ने बताया कि हिस्ट्रीशीटर अजय चूरी, राजेश और श्रीष जो कि अपराधी किस्म के व्यक्ति हैं अपने 8 से 10 अन्य लोगों के साथ क्षेत्र में घूम-घूम कर वसूली करते हैं घर की बहन बेटियों को छेड़ते हैं वह पैसे की मांग करते हैं और ऐसा पिछले एक वर्ष से होता आ रहा है इस संबंध में बजरिया थाने से कई बार शिकायत करी लेकिन कभी भी कोई सुनवाई नहीं करी गई पीड़ितो ने बताया कि इन दबंगों ने कई लोगों को मार मार के अधमरा भी किया है।

## भूसा टोली बर्तन बाजार में सड़क धंसी, आवागमन बाधित



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर में लगातार हो रही बारिश का असर अब सड़कों पर भी दिखने लगा है। भूसा टोली स्थित बर्तन बाजार में सड़क का एक बड़ा हिस्सा धंस गया है और यह लगातार और धंसती जा रही है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए, प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मौके पर दो जेसीबी मशीनें बुलाई हैं।

बताया जा रहा है कि बारिश के कारण सड़क के नीचे की मिट्टी कमजोर हो गई, जिससे यह हादसा हुआ। सड़क धंसने से इलाके में हड़कंप मच गया और आवागमन भी बाधित हो गया है। जेसीबी मशीनों के पहुंचने के बाद मरम्मत का काम तुरंत शुरू कर दिया गया है। यह घटना शहर की पुरानी और कमजोर इंफ्रास्ट्रक्चर पर सवाल उठाती है।खासकर मानसून के मौसम में स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क को ठीक करने की मांग की है, ताकि रोजमर्रा की जिंदगी सामान्य हो सके और कोई बड़ी दुर्घटना न हो।

# सरसौल ब्लॉक में 11 करोड़ से 10 किमी बनेगी सीसी सड़क: सतीश महाना



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

महोली गांव में आयोजित कार्यक्रम में कानपुर के सरसौल ब्लॉक में 11 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली सीसी सड़क का शिलान्यास उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने किया। विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि स्वतंत्रता के बाद से विधानसभा में पहचान बनाने वाले चार विशिष्ट नामों में उनका भी नाम शामिल है। सरसौल को आदर्श ब्लॉक बनाने की दिशा में करबिगवा ओवरब्रिज और सरसौल ब्रिज प्रमुख उपलब्धियां हैं। क्षेत्र में बनने वाली सड़कों की कुल लंबाई साढ़े दस किलोमीटर होगी। उन्होंने बताया कि पिछले आठ वर्षों में क्षेत्र में भूमि मूल्य दस गुना बढ़ा है। भविष्य की योजनाओं में अगले पांच वर्षों में एयरपोर्ट तक मेट्रो सेवा का विस्तार किया जाएगा। आने वाले दस वर्षों में मेट्रो फतेहपुर-कानपुर बॉर्डर के गांव पुरवामीर तक पहुंचेगी। 2012 के बाद से सड़कों की व्यवस्था सुदृढ़ हुई है।

### इन ग्राम पंचायत की सीसी सड़कों का हुआ शिलान्यास

सरसौल ब्लाक के ग्राम पंचायत रहनस के मंगतखेड़ा, ग्राम पंचायत सलेमपुर के मजरा बैजाखेड़ा, ग्राम पंचायत सरसौल के मजरा रामनगर, भारतपुरवा, ग्राम पंचायत शीशूपुर, ग्राम पंचायत हाथीपुर के मजरा गंगागंज, ग्राम पंचायत के हरचंद्रखेड़ा के नौगवां, ग्राम पंचायत महुआगाँव, ग्राम पंचायत नागापुर के पतारी, ग्राम पंचायत रायपुर के काछिनखेड़ा, ग्राम पंचायत महोली, ग्राम पंचायत फुफुवार राजथोक, ग्राम पंचायत सलेमपुर से जूनियर हाईस्कूल से अमृत सरोवर तक, बड़ागांव रेलवे क्रासिंग, महाराजपुर कस्बा है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड के कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न



**डी श्रेणी में शामिल विभाग**

- जिला पंचायतीराज विभाग (डीपीआरओ)
- उपायुक्त उद्योग
- समाज कल्याण विभाग

**सी श्रेणी में शामिल विभाग**

- ग्राम विकास विभाग
- बेसिक शिक्षा विभाग
- लोक निर्माण विभाग
- उपायुक्त उद्योग

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सरसैयाघाट स्थित नवीन सभागार में सीएम डैशबोर्ड के कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने समीक्षा में कमजोर प्रदर्शन करने वाले डी तथा सी श्रेणी लाने वाले के विभागों को शो कॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 25 जुलाई तक विभागीय रैंकिंग में सुधार नहीं होता है तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध एडवर्स एंट्री की कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने समाज कल्याण अधिकारी सुश्री शिल्पी सिंह को पारिवारिक लाभ योजना में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी नेबेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि निपुण भारत अभियान के तहत कार्यों में गति लाए। उन्होंने उपायुक्त उद्योग को कड़े निर्देते देते हुए कहा कि अपने कार्यों में निष्ठा पूर्वक सुधार लाकर जिले की रैंकिंग में सुधार करे। उन्होंने ने डीसी एनआरएलएम (राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन) में छूटे हुए लाभार्थियों के खाते बैंक से लिंक कराने हेतु विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। साथ ही, समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि यदि बैंक लिंकेज कार्य में लापरवाही पाई गई तो उत्तरदायित्व तय कर कार्रवाई की जाएगी। बैंक लिंकेज कार्य हेतु साप्ताहिक मेलों का आयोजन कर छूटे लाभार्थियों के खाते लिंक कराना सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में नई सड़कों का निर्माण शीघ्र प्रारंभ करे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती दीक्षा जैन,जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सुश्री ईशा शर्मा अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## कूड़े कचरे का उपयोग करके खाद बनाने के लिए एक अभियान शुरू

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** कानपुर की श्रमिक भारती संस्था की पहल से अब घर घर कूड़े कचरे का उपयोग करके खाद्ध बनाने के लिए एक अभियान शुरू किया है जिसका नाम एकजुट कनपुरिया अभियान है ,,,,बता दें कि इस अभियान के तहत संस्थान के लोगो ने अभी तक 60 बस्तियों में अपनी एक टीम भी तैयार कर दी जहां पर हर बस्ती में दो जिम्मेदार लोगों को नियुक्त कर कूढा एकत्रित करके खाद्ध बनाने की विधि सिखाया है। कानपुर प्रेस क्लब में एक प्रेस वार्ता करते हुए श्रमिक भारतीय संस्था के पदाधिकारी व सदस्यों ने बताया कि की संस्था पिछले 39 वर्षों से कार्य कर रही है जिनका मुख्य उद्देश्य हर घर में कूड़ा कचरा का इस्तेमाल करके खाद बनाए जा सके एक जुट कनपुरिया अभियान का मुख्य उद्देश्य सामुदायिक नेतृत्व जन भागीदारी स्थानिक पार्षदों और नगर निगम के सहयोग से स्वच्छता व्यवस्था को एक मॉडल के रूप में प्रस्तुत करना है संस्था के पदाधिकारी ने यह भी बताया कि वह खाद का उपयोग करके हर घर में पौधे फल को घर के गमले में ही उगाने का कार्य करते हैं।

# ढूकापुर गांव के सामने महिला का रेलवेट्रैक के पास मिला शव, घर से किसी काम से निकली थी

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में शिवराजपुर थाना अंतर्गत एमा गांव की 32 वर्षीय महिला का शव रैलवे ट्रैक के किनारे मिला है ।मृतका की पहचान आरती पत्नी रवि के रूप में हुई है। वह एक बेटे और एक बेटी की मां थी। शनिवार सुबह करीब 10 बजे आरती घर का काम निपटाने के बाद शौच के लिए निकली थी। उसी दौरान तेज बारिश शुरू हो गई। आरती मिर्गी की मरीज थी और उसे पहलेभी कई बार दौरे पड़ चुके थें। ढूकापुर गांव के सामने हाईवे और रेलवे ट्रैक के बीच पानी से भरे गड्ढे में महिला का शव मिला। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। शुरुआत में लोगों को हत्या की शंका हुई बाद में परिजनों ने पहचान की और बताया कि मिर्गी का दौरा पडने से वह पानी में गिर गई होगी। घटना की जानकारी मिलने के बाद विवाहिता के पिता कानपुर देहात जनपद के शिवली थाना क्षेत्र के खखरा गांव निवासी मोहन पाल परिवार सहित बेटी के घर पहुंचे। उनके अनुसार उनकी बेटी का विवाह लगभग 8 वर्ष पूर्व रवि के साथ हुआ था। जब वह लोग मौके पर पहुंचे तो पाया कि घर पर ताला लगा मिला। ससुरालीजन फरार हैं और बेटी के दोनों बच्चे भी गायब हैं। उन्होंने बेटी के पति रवि,

जेठ प्रवीण कुमार और ससुर रामधीन पर बेटी की हत्या कर शव रोड किनारे फेंक देने का आरोप लगाया। थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

 पढ़ें पेज 12 पर...



## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

## भगवंत मान के गैर-जिम्मेदाराना बयान से मोदी के कूटनीतिक प्रयासों पर फिर सकता है पानी

**भगवंत मान को समझना चाहिए कि भारत जैसी उभरती वैश्विक शक्ति के लिए यह आवश्यक है कि उसके आंतरिक राजनीतिक मतभेद अंतरराष्ट्रीय छवि को प्रभावित नहीं करें। विदेश यात्रा जैसे संवेदनशील विषयों पर राजनीतिक बयानबाज़ी भारत की एकजुटता पर सवाल खड़े कर सकती है। इससे यह संदेश जा सकता है कि भारत का राजनीतिक नेतृत्व राष्ट्रीय हितों पर राजनीतिक लाभ को प्राथमिकता देता है, जो किसी भी देश की छवि के लिए सकारात्मक संकेत नहीं होता। हम आपको यह भी बता दें कि भगवंत मान ने पहली बार हल्के स्तर का बयान नहीं दिया है।**

*पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश यात्राओं पर कटाक्ष करते हुए एक बेहद गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणी की है जिसको लेकर विवाद गहरा गया है। देखा जाये तो राजनीति में एक दूसरे की आलोचना करना या विचारों से असहमति जताना स्वाभाविक है, लेकिन जब यह टिप्पणी देश की विदेश नीति या प्रधानमंत्री की अंतरराष्ट्रीय कूटनीति से जुड़ी हो, तब यह सिर्फ आंतरिक राजनीति तक सीमित नहीं रहती, बल्कि इसके राजनयिक प्रभाव भी हो सकते हैं। उल्लेखनीय है कि भगवंत मान ने एक मीडिया ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि वह 140 करोड़ लोगों वाले देश में नहीं रहते, बल्कि 10,000 की आबादी वाले देशों का दौरा करते हैं। इस बयान पर भारतीय विदेश मंत्रालय ने आपत्ति जताई है और अपने बयान में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विदेश यात्राओं की आलोचना वाली टिप्पणी की निंदा करते हुए इसे गैरजिम्मेदाराना करार दिया है। भगवंत मान का नाम लिए बिना मंत्रालय ने कहा कि भारत सरकार ''राज्य के एक उच्च पदाधिकारी'' द्वारा की गई उन अनुचित टिप्पणियों से खुद को अलग करती है, जिसमें मित्र देशों के साथ भारत के संबंधों की अनदेखी की गई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमने ग्लोबल साउथ के मित्र देशों के साथ भारत के संबंधों के बारे में राज्य के एक उच्च पदाधिकारी द्वारा की गई कुछ टिप्पणियां देखी हैं। उन्होंने भगवंत मान की टिप्पणी पर मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा, ये टिप्पणियां गैरजिम्मेदाराना और खेदजनक हैं तथा राज्य के किसी पदाधिकारी को शोभा नहीं देतीं। जायसवाल ने कहा, भारत सरकार मित्र देशों के साथ भारत के संबंधों को कमजोर करने वाली ऐसी अनुचित टिप्पणियों से खुद को अलग करती है। देखा जाये तो भगवंत मान को समझना चाहिए कि प्रधानमंत्री की विदेश यात्राएं केवल द्विपक्षीय या बहुपक्षीय बैठकें नहीं होतीं, बल्कि वे भारत की वैश्विक स्थिति, रणनीतिक भागीदारी, निवेश संभावनाओं और सांस्कृतिक सॉफ्ट पावर को मजबूत करने का माध्यम भी होती हैं। प्रधानमंत्री के विदेशी दौरों के दौरान दिये गये बयान और घोषणाएं भारत की विदेश नीति का चेहरा बनती हैं। ऐसे में जब देश का एक मुख्यमंत्री सार्वजनिक रूप से इन यात्राओं की खिल्ली उड़ाता है, तो विदेशी सरकारें और कूटनीतिक संस्थान भारत की आंतरिक एकता, राजनीतिक परिपक्वता और स्थायित्व पर सवाल उठा सकते हैं। भगवंत मान को समझना चाहिए कि विदेशी राष्ट्र भारत के भीतर के राजनीतिक मतभेदों को सावधानी से परखते हैं। भगवंत मान जैसे नेताओं की टिप्पणियां यह संकेत दे सकती हैं कि भारत की विदेश नीति पर विपक्षी दलों में विश्वास की कमी है। इससे भारत की राजनयिक विश्वसनीयता प्रभावित हो सकती है, विशेष रूप से तब, जब भारत ग्लोबल साउथ का नेतृत्व करने और जी20 जैसे मंचों पर मुखर भूमिका निभा रहा हो। भगवंत मान को समझना चाहिए कि एक लोकतांत्रिक देश में आलोचना और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता जरूरी है। लेकिन यह भी उतना ही जरूरी है कि नेता राष्ट्रीय मंचों और अंतरराष्ट्रीय मामलों पर सार्वजनिक बयान देते समय राष्ट्रीय हितों की मर्यादा का ध्यान रखें। प्रधानमंत्री विदेश में न केवल सरकार का प्रतिनिधित्व करते हैं, बल्कि पूरे भारत का भी। ऐसे में उनके प्रयासों का उपहास उड़ाना अंततः देश के सामूहिक सम्मान को नुकसान पहुंचा सकता है।*

### एक्सप्रेस आलेख

**दिलचस्प यह भी है कि अतीत में सत्ता और उत्तराधिकार के चलते अलग राह चुनने वाले दोनों चचेरे भाई उद्धव और राज एक कश्ती पर सवार होने की तैयारी में है और उसके लिए उन्होंने हिंदी विरोध की नाव तैयार की है। हिंदी विरोध को लेकर सवाल यह भी है कि मराठी मर्द राज ठाकरे की ताकत हजारों करोड़ का कारोबार करने वाली हिंदी फिल्मों के गढ़ में जाने से क्यों हिचकती है? कर्नाटक हो या तमिलनाडु, वहां के भी फिल्म निर्माताओं को जब सौ, दो सौ या पांच सौ करोड़ क्लब में शामिल होना होता है, हिंदी के बाजार पर ही उनका ध्यान जाता है। हिंदी के बाजार से प्यार और हिंदीभाषियों से दुर्व्यवहार-दोनों एक साथ नहीं चल सकते।**

## हिंदी विरोध के जरिए राष्ट्रीय मानस पर चोट



उमेश चतुर्वेदी

**हिंदीभाषी इलाकों में होने लगे तो क्या होगा, राजनीति को इस पर भी सोचना होगा। हिंदी को संपर्क भाषा इसलिए स्वीकार किया गया, क्योंकि वह देश को जोड़ने की कूव्वत रखती है। जबकि आज की राजनीति अपनी स्थानीय भाषाओं के नाम पर जिस भावना को फैला रही है, उससे देश का मानस बंटेगा..मानस बंटेगा तो देश में विघटन की प्रक्रिया को बढ़ावा मिल सकता है।**

इसे राजनीतिक विद्रूप ही कहेंगे कि हिंदी को राजभाषा बनाने का विचार देने वाली मराठी माटी पर ही हिंदीभाषियों को अपमानित किया जा रहा है। महाराष्ट्र की धरती पर हिंदीभाषियों को अपमानित करने में राजनीति के दो चेहरे साफ नजर आ रहे हैं। एक तरफ अपमानित करने वाली शिवसेना और महाराष्ट्र नव निर्माण सेना यानी मनसे है तो दूसरी तरफ राज्य की सत्ता है। हिंदीभाषियों को अपमानित करने वाली राजनीति का मकसद हिंदी विरोध पर मराठी मानुष की अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए अपना वोट बैंक मजबूत करना है तो दूसरी तरफ सत्ता और विपक्ष के एक हिस्से की राजनीति है, जो अपमानित करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई इस डर से नहीं कर रही कि कहीं इससे मराठी मानुष की धारणा कमजोर ना हो जाए और उसके जरिए उसका अपना समर्थक आधार ना खिसक जाए। राजनीति की इस चक्करघिन्नी में निम्न मध्यवर्गीय या हाशिये वाला हिंदीभाषी समुदाय ही पिस रहा है। उसका अपराध यह है कि वह महाराष्ट्र में रहते हुए मराठी ना बोलकर हिंदी बोल रहा है। हिंदी बोलने के लिए हिंदीभाषियों को प्रताड़ित करने वाली राजनीति का अतीत भी ऐसा ही रहा है। शिवसेना का उभार पिछली सदी के साठ के आखिरी वर्षों में मुंबई में मलयालम बोलने वालों को खिलाफ आंदोलन के बाद हुआ। मनसे के कार्यकर्ता 2008-09 के दौरान तो केंद्रीय नौकरियों के लिए मुंबई में परीक्षाएं देने आए उत्तर भारतीय विशेषकर उत्तर प्रदेश-बिहार के छात्रों को को खुलेआम पिटते रहे। उस समय की राज्य सरकार ने इस बदसलूकी के खिलाफ प्रभावी कदम उठाने से बचती रही थी और आज की सरकार का भी कुछ वैसा ही रवैया है। मराठी मानुष का बोध महारार्ष्ट्र में इतना गहरा है कि सरकारें चाहें जिस भी दल की हो, इस मसले पर तकरीबन एक जैसा रूख अपनाने से परहेज नहीं करतीं। भारत की संपर्क भाषा और राजभाषा के रूप में हिंदी को स्थापित करने का विचार देने में महाराष्ट्र की हस्तियों का बड़ा योगदान रहा है। लोकमान्य तिलक ने बंग-भंग के वक्त 1905 में वाराणसी की यात्रा की थी। वहां उन्होंने नागरी प्रचारिणी सभा के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जो कहा था, उसे महाराष्ट्र की हिंदीविरोधी राजनीति को जानना चाहिए। तिलक ने कहा था, 'निस्संदेह हिंदी ही देश की संपर्क और राजभाषा हो सकती है। लोकमान्य अकेले मराठी मानुष नहीं हैं, जिन्होंने हिंदी को लेकर यह विचार दिया। 1960 से पहले आज का गुजरात राज्य भी महाराष्ट्र का ही हिस्सा था। 1880 में गुजराती कवि नर्मदाशंकर दवे उर्फ नर्मद कवि ने लोकमान्य से करीब चौथाई सदी पहले हिंदी को संपर्क भाषा के रूप में आगे लाने का सुझाव दिया था। हिंदी को स्थापित करने की महात्मा गांधी की कोशिशों से भला कौन इनकार कर सकता है। 1918 में गांधी जी की अध्यक्षता में हुए इंदौर के हिंदी साहित्य सम्मेलन को हर हिंदीप्रेमी जानता है।



**हिंदी बोलने के लिए हिंदीभाषियों को प्रताड़ित करने वाली राजनीति का अतीत भी ऐसा ही रहा है। शिवसेना का उभार पिछली सदी के साठ के आखिरी वर्षों में मुंबई में मलयालम बोलने वालों को खिलाफ आंदोलन के बाद हुआ।**

लेकिन बहुत कम लोगों को पता है कि गांधी जी ने 1917 में भरूच में आयोजित गुजरात शैक्षिक सम्मेलन में पहली सार्वजनिक तौर पर हिंदी की ताकत को स्वीकार किया था। उन्होंने कहा था, ÷भारतीय भाषाओं में केवल हिन्दी ही एक ऐसी भाषा है जिसे राष्ट्रभाषा के रूप में अपनाया जा सकता है।÷ हिंदी के प्रचार को राष्ट्रीय कार्यक्रम मानने वाले काका कालेलकर भी मराठी भाषी ही थे। सतारा में जन्मे कालेलकर ने 1938 में कहा था, 'राष्ट्रभाषा प्रचार हमारा राष्ट्रीय कर्म है।' रचनात्मक आंदोलनकारी और गांधी जी के शिष्य विनोबा भी ताजिंदगी हिंदी के संघर्षरत रहे। उन्होंने हर भारतीय भाषा को एक-दूसरे के करीब लाने के लिए अनूठा सुझाव दिया था। उन्होंने हर भाषा से नागरी लिपि अपनाने का सुझाव दिया था। सिर्फ राजनीति ही नहीं, पत्रकारिता जगत की मराठीभाषी हस्तियों ने भी हिंदी को स्थापित करने में रचनात्मक भूमिका निभाई है और साहस दिखाया है। हिंदी पत्रकारिता आज जिस मुकाम पर है, उसमें बड़ा योगदान मराठीभाषी पत्रकारों और लेखकों का भी है। माधव राव सप्रे, बाबूराव विष्णुराव पराड़कर, रामकृष्ण खाडिलकर, लक्ष्मण नारायण गर्दे जैसे पत्रकारों ने हिंदी को नई शैली में गढ़ा, उसके शब्द गढ़े, और उसे ऊंचाई दी। हिंदी इन मराठीभाषी महात्मनों की शुक्रगुजार है। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई से निकले धर्मयुग ने दशकों तक हिंदीभाषी पाठकों के दिलों पर राज किया। ऐसे महाराष्ट्र की धरती पर अगर हिंदी बोलने वालों का अपमान होना दुखद ही कहा जाएगा। हिंदी को लेकर महाराष्ट्र की धरती पर अतीत में ऐसी सोच नहीं रही है।

हिंदी विरोध की ग्रंथि तमिलनाडु में आजादी के पहले से ही रही है, जिसका संक्रमण कर्नाटक तक पहुंचा है। कर्नाटक रक्षण वेदिके ने 2017 में हिंदी बेड़ा अभियान यानी हिंदी विरोधी अभियान चलाया। साल 2019 में हिंदी दिवस न मनाने के लिए भी राज्य में अभियान चला। शुरू में इन विरोध प्रदर्शनों को बड़ा समर्थन नहीं मिला। राजनीति और मीडिया के हलकों में इसकी सुरसुरी दिखी। ऐसे आंदोलनों का असर बाद में पता चलता है। जब विरोध की वैचारिकी के असर में जमीनी स्तर की सोच बदलने लगती है। एक राष्ट्रीयकृत बैंक की स्थानीय शाखा के प्रबंधक से जबरदस्ती हिंदी बोलने के लिए हुज्जत करने का दृश्य हो या फिर किसी ऑटोवाले का किसी हिंदीभाषी लड़की को थप्पड़ मारना, कर्नाटक में हिंदी विरोधी आंदोलन की जमीनी परिणति ही कहा जाएगा। निजाम का शासन कर्नाटक के उत्तरी हिस्से में रहा। दिल्ली सल्तनत के बादशाह मोहम्मद तुगलक ने 1327 ईस्वी में दिल्ली से महाराष्ट्र के दौलताबाद में अपनी राजधानी लेकर गया था। जिसे आज का महाराष्ट्र देवगिरि के नाम से जानता है। उसके साथ भी हिंदी वहां तक पहुंची थी। महाराष्ट्र का विदर्भ इलाका राज्य पुनर्गठन से पहले मध्य प्रांत और बरार का हिस्सा रहा। इस वजह से विदर्भ भी मोटे तौर पर हिंदी के प्रभाव वाला राज्य है। शायद यही वजह रहा कि महाराष्ट्र में हिंदी को लेकर विवाद नहीं रहा। विवाद की वजह अब मनसे और शिवसेना की राजनीति बनी है। इसका कारण नई शिक्षा नीति का वह प्रावधान है, जिसके तहत प्राथमिक स्तर पर भारतीय भाषायों के जरिए शिक्षा देने का प्रावधान है। इसके तहत जब प्राथमिक स्तर पर हिंदी में पढ़ाई कराने का आदेश आया तो राज्य की राजनीति में अपनी जगह खोज रहे शिवसेना-उद्धव और मनसे को हिंदी विरोध में ही अपना भविष्य नजर आया। एकनाथ शिंदे के अलग होने के बाद से शिवसेना-उद्धव भी परेशान है और शिवसेना से अलग होने के बाद से मनसे प्रमुख राज ठाकरे अपना राजनीतिक वजूद की खोज में हैं।

### आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | तृतीया 25:00 तक |
| नक्षत्रः | श्रावण 06:44 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | रविवार |
| योगः | प्रीति, 17:57 |
| सूर्योदयः | 05:36 |
| सूर्यास्तः | 19:16 |
| चंद्रमाः | मकर राशि में |
| राहुकालः | 17:34-19:16 |
| विक्रमी संवत्ः | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | सावन |
| शुभ मुहूर्तः | 11:59-12:53 |

## जन एक्सप्रेस

### बिगड़े फिर भी बोल !

*मान रहे ना मान ।*
*दे रहे मुंह खोल ।।*
*कॉमेडी का मंच नहीं ।*
*बिगड़े फिर भी बोल ।।*
*हुआ नहीं सुधार ।*
*रंगे अपने रंग ।।*
*टिप्पणी विवादित हो ।*
*इसी में उमंग ।।*
*बीच बचाव चल रहा पर ।*
*हुए नहीं गंभीर ।।*
*डटे अपनी बात पर ।*
*भरा तरकश तीर ।।*
*पर कुछ है मर्यादा ।*
*है पद का मजाक ।।*
*बोलने से ज्यादा ।*
*कट जाती भी नाक ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

## जल्दी प्रेग्नेंसी कंसीव करने में मदद करती है फर्टिलिटी मसाज

**आज** की भागदौड़ भरी जिंदगी के बीच महिलाओं को पीरियड्स, ओवुलेशन पीरियड्स सही न होने और सेक्स ड्राइव में कमी के कारण प्रेग्नेंसी कंसीव करने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। समय के साथ प्रेग्नेंसी कंसीव न कर पाने के कारण महिलाओं को मानसिक और शारीरिक तौर पर कई प्रकार की समस्याएं होती हैं। ऐसे समय में महिलाएं नेचुरल विकल्पों की तलाश करती हैं। प्रेग्नेंसी कंसीविंग की प्रक्रिया को आसान बनाने में फर्टिलिटी मसाज महिलाओं की मदद कर सकती है। फर्टिलिटी मसाज एक विशेष प्रकार की थेरेपेटिक मसाज होती है, जो शरीर के प्रजनन अंगों पर केंद्रित होकर उनके स्वास्थ्य और कार्यक्षमता को सुधारने में मदद करती है। जिससे प्रेग्नेंसी कंसीव करने में आने वाली तमाम परेशानियां दूर होती हैं।

**फर्टिलिटी मसाज क्या हैः** पुणे स्थित एलीट मोम्ज के निदेशक और राइजिंग मेडिकेयर हॉस्पिटल में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. विनोद भारती का कहना है कि फर्टिलिटी मसाज एक खास प्रकार की थेरेपी है। ये मुख्य रूप से प्रजनन तंत्र, लसीका सिस्टम , पाचन तंत्र और मानसिक संतुलन को संतुलित करने के लिए स्पेशलिस्ट द्वारा डिजाइन की गई है। फर्टिलिटी मसाज में महिलाओं को पेट के निचले हिस्से, पीठ, पेल्विक एरिया और कभी-कभी पूरे शरीर पर हल्के से लेकर गहरे तक स्ट्रोक्स दिए



जाते हैं। फर्टिलिटी मसाज उन महिलाओं के लिए ज्यादा फायदेमंद होती है, जिन्हें प्राकृतिक रूप से प्रेग्नेंसी कंसीव करने में परेशानी होती है।

**फर्टिलिटी मसाज का मुख्य उद्देश्यः** ओनलीमायहेल्थ के साथ खास बातचीत के दौरान डॉ. विनोद भारती बताते हैं कि फर्टिलिटी मसाज का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के गर्भाशय और अंडाशय में ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाना है। ब्लड सर्कुलेशन बढता है और प्लेसेंटा हेल्दी बनता है। फर्टिलिटी मसाज करने से महिलाओं का शारीरिक और मानसिक तनाव कम होता है। इससे शरीर के हार्मोन संतुलित होते हैं। आयुर्वेदिक एक्सपर्ट और डॉक्टर द्वारा किए जाने वाले इस मसाज के अंतर्गत झुके हुए गर्भाशय को सीधा किया जाता है। इससे प्रजनन अंगों की स्थिति मजबूत होती है और प्रेग्नेंसी कंसीव करने में आसानी होती है।

**फर्टिलिटी मसाज के प्रकारः** स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ का कहना है मुख्य रूप से फर्टिलिटी मसाज 4 प्रकार की होती है। डॉक्टर महिला की स्थिति, पीरियड्स सर्कल और उन्हें प्रेग्नेंसी कंसीव करने के दौरान क्या-क्या परेशानियां आ रही है, ये देखकर फर्टिलिटी मसाज करवाने की सलाह देते हैं। एब्डॉमिनल मसाज- फर्टिलिटी मसाज की इस प्रकिया में पेट के निचले हिस्से में मालिश की जाती है। इससे ब्लड फ्लो और प्रजनन अंगों को सुधारने में मदद मिलती है। लसीटिक ड्रेनेज मसाज- डॉ. विनोद बताते हैं कि आज के दौर में जंक फूड, कोल्ड ड्रिंक और पैकेज्ड जूस पीने से महिलाओं के शरीर में गंदगी जमा हो जाती है। इससे भी प्रेग्नेंसी कंसीव करने में परेशानी आती है। ऐसे में लसीटिक ड्रेनेज मसाज करने से शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकाला जाता है और प्रजनन अंगों को स्वस्थ बनाया जाता है। रिफ्लेक्सोलॉजी- पैरों के तलवे में स्थित प्रजनन अंगों के बिंदुओं पर दबाव डालकर सर्विक्स एरिया को स्वस्थ्य बनाया जाता है।

**फर्टिलिटी मसाज कैसे काम करती हैः** गर्भाशय और अंडाशय तक उचित मात्रा में ऑक्सीजन और पोषण पहुंचता है। इससे अंडाणुओं की गुणवत्ता में सुधार हो और प्रेग्नेंसी आसानी से कंसीव हो जाए। इस मसाज के जरिए तनाव और चिंता से प्रजनन हॉर्मोन जैसे ं¸, ं¸ं, प्रोजेस्ट्रोन और एस्ट्रोजन प्रभावित होते हैं। मसाज एंडोर्फिन (खुशी के हॉर्मोन) को बढ़ावा देती है।

### एक्सप्रेस विशेष

## केंद्र के इरादे से मध्य और निम्न वर्ग में आशा का संचार



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

**ऐशो-आराम की वस्तुएं तो हैं नहीं और कम से कम मध्यवर्गीय परिवार तो इन्हें खरीदता ही है तो निम्न वर्ग परिवार भी दूसरी कटौती या अपना पेट काटकर इन्हें खरीदता है। ऐसे में 12 प्रतिशत के स्लैब में बदलाव की चर्चा निश्चित रूप से सकारात्मक संदेश है।**

**देश** में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के चार स्लैब 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत में से दूसरे की इस समय जमकर चर्चा हो रही है। इससे मध्य व निम्न वर्ग में आशा का संचार होने लगा है। दरअसल समाज का मध्यम और निम्न वर्ग सबसे अधिक प्रभावित इसी स्लैब से है।इसका कारण भी है कि दैनिक उपभोग की अधिकांश वस्तुएं इसी स्लैब में आती है। खाने-पीने की वस्तुओं के साथ ही जूते-चप्पल, कपड़े आदि भी इसी स्लैब में आते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार 12 प्रतिशत के स्लैब पर निर्णय से सरकार पर 40 से 50 हजार करोड़ रुपये के राजस्व का असर पड़ेगा। माना जा रहा है कि केंद्र सरकार के इस स्लैब पर नए इरादे से बाजार में इन वस्तुओं की मांग बढ़ेगी और मांग बढ़ने से काफी मात्रा में राजस्व पूर्ति हो सकेगी। वैसे भी फ्री बीज के नाम पर बहुत कुछ जा रहा है तो फिर यदि बड़ी आबादी को राहत और लोकहित में कोई निर्णय किया जाता है तो वह अधिक लाभकारी होता है। जानकारों के अनुसार जीएसटी काउंसिल की आगामी बैठक में 12 प्रतिशत वाले स्लैब को या तो विलोपित करने पर विचार किया जा सकता है या फिर इसमें से आम उपभोग की वस्तुओं को पांच प्रतिशत की स्लैब के दायरे में लाया जा सकता है। यदि इस स्लैब को विलोपित नहीं भी किया जाता तो सीधे

**एक हजार रुपये से अधिक के कपड़े, जूते से लेकर घी, तेल, मक्खन, डेयरी उत्पाद,सब्जियां, फल, मेवे सहित खाद्य पदार्थ, पेय पदार्थ, 20 लीटर पैक में पीने के पानी की बोतल, कॉटन हैंड, बैग जूट का सामान, पत्थर और लकड़ी आदि की मूर्तियां, चश्मा, बच्चों की पेंसिल, स्लेट, खेल का सामान, यहां तक कि क्लीन एनर्जी डिवाइस सहित बहुत सारी वस्तुएं इस दायरे में आती है।**



आम उपभोग की वस्तुओं और सेवाओं को अन्य स्लैब में समायोजित किया जा सकता है। बढ़ती मंहगाई के कारण आम नागरिकों खासतौर से मध्य और निम्न मध्य वर्ग को राहत दिलाने के लिए इस पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। समूचे देश में कर की एकरूपता के लिए पहली जुलाई 2017 को जीएसटी को लागू किया गया था। अब तक जीएसटी काउंसिल की बैठकों में अनवरत सुधार व बदलाव किया जा रहा है। अगली बैठक होने से पहले ही 12 प्रतिशत के स्लैप में बदलाव की चर्चा को सकारात्मक माना जाना चाहिए।जीएसटी यानी एक राष्ट्र एक कर की अवधारणा अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के समय सामने आई थी। यह लागू हुई प्रधानमंत्री मोदी के दूसरे कार्यकाल में। हालांकि आम नागरिकों की मांग के बावजूद पेट्रोल-डीजल को अभी तक जीएसटी के दायरे में नहीं लाया जा सका है। पेट्रोल-डीजल के भाव बढ़ने पक्ष-विपक्ष हल्ला तो बोलते हैं पर कभी इन पदार्थों को जीएसटी के दायरे में लाने के सार्थक प्रयास नहीं करते। समान कर प्रणाली की अवधारणा सबसे पहले फ्रांस में आई। 1954 में फ्रांस में जीन वेप्टिस्ट कालवर्ट जीएसटी की अवधारणा सामने लाए और इस समान कर प्रणाली की सकारात्मकता का ही परिणाम है कि दुनिया क 160 देशों में जीएसटी जैसी समान कर प्रणाली प्रचलन में है। भारत में 12 प्रतिशत का स्लैब इसलिए महत्वपूर्ण हो जाता है कि दैनिक उपभोग की अधिकांश वस्तुएं इसी कर दायरे में आती हैं। एक हजार रुपये से अधिक के कपड़े, जूते से लेकर घी, तेल, मक्खन, डेयरी उत्पाद,सब्जियां, फल, मेवे सहित खाद्य पदार्थ, पेय पदार्थ, 20 लीटर पैक में पीने के पानी की बोतल, कॉटन हैंड, बैग जूट का सामान, पत्थर और लकड़ी आदि की मूर्तियां, चश्मा, बच्चों की पेंसिल, स्लेट, खेल का सामान, यहां तक कि क्लीन एनर्जी डिवाइस सहित बहुत सारी वस्तुएं इस दायरे में आती है। सीधी सी बात यह है कि यह वस्तुएं ऐशो-आराम की वस्तुएं तो हैं नहीं और कम से कम मध्यवर्गीय परिवार तो इन्हें खरीदता ही है तो निम्न वर्ग परिवार भी दूसरी कटौती या अपना पेट काटकर इन्हें खरीदता है। ऐसे में 12 प्रतिशत के स्लैब में बदलाव की चर्चा निश्चित रूप से सकारात्मक संदेश है। आगामी जीएसटी काउंसिल की बैठक में 12 प्रतिशत के स्लैब में अगर बदलाव करते हुए बड़े वर्ग को राहत दी जाती है तो यह देश की अर्थव्यवस्था को राहत देने वाला, एमएसएमई सेक्टर को बढ़ावा देने वाला और आम जन के हित का निर्णय होगा।

# कैसे ना इतराऊं मैं, मुझे बाबा मिला है... : सेवक विशाल

- धूमधाम से संपन्न हुआ श्री बालाजी ब्रह्मदेव संकीर्तन दरबार में गुरु पूर्णिमा महोत्सव
- महंत सेवक विशाल के नेतृत्व में तीन दिवसीय भाव महायज्ञ व भक्ति महोत्सव में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब





**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

काशीराम ईदगाह कॉलोनी स्थित श्री बालाजी ब्रह्मदेव संकीर्तन दरबार में श्री बाबा नीम करोली महाराज के पावन सान्निध्य में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर तीन दिवसीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समापन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। महंत सेवक विशाल के नेतृत्व में भव्य महायज्ञ और भक्ति महोत्सव का आयोजन विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी अपार श्रद्धा और आस्था के साथ किया गया।गुरु पूर्णिमा के पावन दिन दरबार में हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। भक्तों ने महंत सेवक विशाल के मधुर भजनों और संकीर्तन पर तालियों के साथ उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। इस अवसर पर हवन पूजन कर लोगों ने सुख-समृद्धि, आरोग्य एवं समस्त कष्टों की निवृत्ति की कामना की। भक्तों का विश्वास था कि हवन की आहुतियों से सभी संकटों का निवारण संभव है। कार्यक्रम में पीलीभीत ही नहीं, बल्कि लखनऊ, शाहजहांपुर, बरेली, बदायूं, गोला, लखीमपुर, पूरनपुर, बीसलपुर समेत विभिन्न जनपदों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हुए। शाहजहांपुर से आए प्रसिद्ध गायक विकास, नगर के चेतन शर्मा और कलाकार विकास नेवी बाबा ने अपने भक्ति संगीतों से दरबार में उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्तिभाव में सराबोर कर दिया।

महोत्सव में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ.आस्था अग्रवाल, पीलीभीत प्रेस क्लब अध्यक्ष एवं श्रमजीवी पत्रकार यूनियन मंडल अध्यक्ष ठाकुर अनिल सिंह, नौगवां पकड़िया अध्यक्ष पति संतोक सिंह संधू, सोनपुर ब्लॉक प्रमुख मानसी सिंह एवं उनके पति अपूर्व सिंह, सभासद एवं पत्रकार साकेत सक्सेना, वतन दीप मिश्रा सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने बाबा के श्री चरणों में नमन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।कार्यक्रम की शुरुआत 8 जुलाई को सुंदरकांड पाठ के साथ हुई, जिसके बाद 9 जुलाई को सिद्ध ब्रह्मदेव सरकार की भव्य झंडी यात्रा निकाली गई। झंडी यात्रा की विशेष बात यह रही कि भारी वर्षा के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह तनिक भी कम नहीं हुआ। पूरे जोश और भक्तिभाव से बाबा की जय जयकार करते हुए श्रद्धालु झंडी यात्रा में सम्मिलित रहे। इसी दिन दोपहर 12 बजे से आरंभ हुआ गुरु पूर्णिमा का मुख्य आयोजन देर रात तक भक्ति रस में सराबोर होकर चलता रहा।दरबार संचालक एवं आयोजक महंत सेवक विशाल के कुशल नेतृत्व में यह आयोजन न सिर्फ जिले में, बल्कि दूर-दराज क्षेत्रों तक चर्चा का विषय बन गया। हर किसी की जुबान पर बाबा नीम करोली महाराज के नाम और इस भव्य आयोजन की सराहना सुनने को मिल रही है। गुरु पूर्णिमा महोत्सव का यह आयोजन भक्तों के लिए एक आध्यात्मिक प्रेरणा बना, जिसने आस्था, भक्ति और सेवा की त्रिवेणी प्रवाहित कर दी।

## अंसार महलूद बने ऑल इंडिया मुस्लिम घोसी एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

घोसी समाज के लिए लगातार संघर्ष कर रहे जनपद खीरी निवासी अंसार महलूद को आल इंडिया मुस्लिम घोसी एसोसिएशन का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है।



आल इंडिया मुस्लिम घोसी एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर वली उल्लाह द्वारा प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने के बाद अंसार महलूद ने बताया कि घोसी समाज हमेशा उपेक्षा का शिकार रहा है।समाज को एकजुट और उसके उद्धार के लिए संगठन जिस तरह पूरे देश में काम कर रहा है, वह प्रदेश में भी संगठन को मजबूत करने और समाज के हित के लिए संघर्ष करेंगे। उनका मकसद होगा कि समाज के हर व्यक्ति को मुख्य धारा में जोड़कर उसे मजबूत किया जाए।अंसार महलूद को आल इंडिया मुस्लिम घोसी एसोसिएशन का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर इश्तियाक घोसी, जिला पंचायत सदस्य यासीन घोसी, पूर्व प्रधान शकील घोसी, पूर्व प्रधान कमरुद्दीन घोसी, पूर्व प्रधान आजाद घोसी,जब्बार घोसी, छोटे लाल घोसी आदि ने मुबारक बाद दी और उम्मीद जताई कि समाज की बेहतरी के लिए कार्य होगा।

# सावन में कांवड़ यात्रियों की सुविधा हेतु पालिका ने कसी कमर

> नगर पालिका परिषद की यह पहल न सिर्फ शहर की स्वच्छता को बढ़ावा दे रही है, बल्कि धार्मिक यात्रियों के प्रति प्रशासनिक संवेदनशीलता और समर्पण का परिचायक भी है। आमजन और श्रद्धालुओं में नगर पालिका की इस सक्रियता की सराहना की जा रही है।

- डॉ.आस्था अग्रवाल के नेतृत्व में सफाई व्यवस्था को लेकर व्यापक तैयारियाँ, पालिका अध्यक्ष ने मुख्य मार्गों का निरीक्षण कर दिए सख्त निर्देश



### कोताही पर होगी कार्रवाई- डॉ.आस्था अग्रवाल

पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि यदि किसी स्थान पर गंदगी मिली या लापरवाही सामने आई तो जिम्मेदार अधिकारी अथवा कर्मचारी के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रमुख शिवालयों के पास श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु नगर पालिका द्वारा जल टैंकरों की भी व्यवस्था की जाएगी। इससे कांवड़ यात्रियों को गर्मी और यात्रा के दौरान होने वाली असुविधा से राहत मिलेगी।

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

श्रावण मास में गंगाजल लाने वाले कांवड़ यात्रियों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण प्रदान करने हेतु नगर पालिका परिषद पीलीभीत ने व्यापक स्तर पर तैयारियाँ आरंभ कर दी हैं। पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने शनिवार को स्वयं शहर के प्रमुख मार्गों का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई और व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि सावन के हर सोमवार से पूर्व रात में कांवर यात्रा के रूट पर विशेष सफाई कराई जाएगी। झाड़ू लगाने के बाद कूड़ा उठाने की समुचित व्यवस्था होगी और मार्ग को चूने से सजाया जाएगा ताकि श्रद्धालु स्वच्छ वातावरण में मंदिर तक पहुंच सकें। उन्होंने यह भी सुनिश्चित कराया कि जहां-जहां कूड़ा डंपिंग पॉइंट हैं, वहाँ रोजाना सुबह समय से कूड़ा उठाया जाए और दिन में सफाई नायक स्थलीय निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था की निगरानी करें।

### मुख्य मार्गों और शिवालयों तक बेहतर व्यवस्था के निर्देश

डॉ.आस्था ने नौगवां चौराहा, ईदगाह चौराहा, लेखराज चौराहा, गीता मंदिर रोड, लोहा बाजार, लकड़ी मंडी, जाटों चौराहा से होते हुए बरेली दरवाजा व गौरीशंकर मंदिर तक कांवड़ यात्रियों के गुजरने वाले मार्गों की साफ-सफाई व पथ प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। दूधिया नाथ मंदिर समेत अन्य प्रमुख शिवालयों के आसपास भी प्रतिदिन सफाई और जल व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

### अधिशासी अधिकारी और निरीक्षकों को विशेष दायित्व

पालिका अध्यक्ष ने अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया कि वह स्वयं प्रतिदिन इन मार्गों का स्थलीय निरीक्षण करें। वहीं सफाई निरीक्षक को पूरे सावन मास में निरंतर सक्रिय रहने और सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति व कार्यों की मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा गया है।

# प्रतिभाओं का सम्मान, भविष्य का संवार, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में विजयी विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

- नगर पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने कहा पढ़ो, लिखो और देश का नाम रोशन करो



**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

सुमन कंप्यूटर इंस्टीट्यूट, अखिल भारतीय चित्रांश महासभा एवं छात्र युवा परिषद के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को शनिवार को एक सम्मान समारोह में पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम शहर के सेलिब्रेशन बारातघर में आयोजित हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय चित्रांश महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव वर्मा और विकास श्रीवास्तव उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर की गई।

प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा के अनुसार रामसेवक वर्मा (पुत्र केशव प्रसाद) ने प्रथम स्थान, केशव कुमार ने द्वितीय स्थान, और अभिषेक राजपूत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इनके अतिरिक्त सुशीला को चतुर्थ, वफिया शम्शी को पंचम, और फरीया खान को छठा स्थान प्राप्त हुआ। सभी विजेताओं को नकद पुरस्कार, मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। पालिकाध्यक्ष डॉ.आस्था अग्रवाल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा, समस्या आने पर घबराएं नहीं, समाधान खोजें। पढ़ाई और मेहनत के जरिए जीवन में हर मुकाम हासिल किया जा सकता है। पढ़ो, लिखो और देश का नाम रोशन करो।÷इस अवसर पर कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया, जिससे विद्यार्थियों का उत्साह द्विगुणित हुआ। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक सौरभ सक्सेना, सुरभि सक्सेना, राजन सक्सेना, अमिताभ बिहारी वर्मा, विनय सक्सेना, संजय सक्सेना, विपिन सक्सेना, कंचन सक्सेना, संजीव सक्सेना, सतीश गिरि, राजीव मधुर, रामजी सक्सेना, विश्वास सक्सेना, आयुष सक्सेना, सूर्य प्रकाश, संजीव राजपूत, अमन मिश्रा, खेमकरन, नेहा राजपूत, रंजन विश्वकर्मा, निर्मला, खुशनुमा सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।कार्यक्रम का सफल संचालन विनय सक्सेना द्वारा किया गया। समारोह के समापन पर आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों, अभिभावकों और अतिथियों का आभार जताया।

# गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड स्कूल में आयोजित हुआ पाँच दिवसीय पॉक्सो सत्र

- अवेयरिंग प्राइडियन टीम ने तीनों शाखाओं में किया जागरूकता अभियान, बच्चों को बताया गुड टच और बैड टच का अंतर

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



जिले के एकमात्र सी.आई.एस.सी.ई. बोर्ड से सम्बद्ध गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड स्कूल में पाँच दिवसीय पॉक्सो (क्ष्ह्रस्ह्र) सत्र का आयोजन किया गया। इस जागरूकता सत्र का उद्देश्य बच्चों को यौन अपराधों से बचाव एवं संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो एक्ट) के प्रति संवेदनशील बनाना और उनसे जुड़ी जानकारी देना था। इस कार्यक्रम के तहत विद्यालय प्रबंधन द्वारा अवेयरिंग प्राइडियन नामक एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसमें वैष्णवी मिश्रा, अनामिका, आराध्या ओझा, ज्योति, मिनहाज, अक्ष, पूजा सिंह, जानवी, पारवी लोधी, सताक्षी देशवार, प्रियांशी सिंह, तनिष्का, प्रियांशी चंद, वंशिका एवं स्पर्श गुप्ता शामिल रहे। इस टीम का मार्गदर्शन शिक्षक ऋतिक सिंह एवं शिक्षिका किंजा खान द्वारा किया गया।पाँच दिनों तक चली इस श्रृंखला में छात्र-छात्राओं को पॉक्सो अधिनियम की मूलभूत जानकारी दी गई, साथ ही उन्हें 'गुड टच' और 'बैड टच' में फर्क करना सिखाया गया। गठित टीम ने विद्यालय की तीनों शाखाओं में जाकर बच्चों से संवाद कर उन्हें आत्मरक्षा, जागरूकता और बोलने के अधिकार के प्रति सजग किया। कार्यक्रम के अंतिम दिन अवेयरिंग प्राइडियन टीम ने विद्यार्थियों की सभी शंकाओं का समाधान किया और उन्हें इस विषय पर समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। टीम ने अपील की कि सभी छात्र-छात्राएं इस जानकारी को अपने घर, मोहल्ले और समुदाय में भी साझा करें ताकि यौन अपराधों को समय रहते रोका जा सके। विद्यालय के प्रबंधक निशांत गोस्वामी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि, आज के समय में बच्चों को ऐसे विषयों की जानकारी देना अत्यंत आवश्यक है। यह एक महत्वपूर्ण सामाजिक मिशन है, जिसमें हम सभी को भागीदारी करनी चाहिए। उन्होंने बच्चों के उत्साह को सराहा और भविष्य में भी इस प्रकार के और सत्र आयोजित करने की बात कही। विद्यालय की अध्यक्ष सोनिया गोस्वामी ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसी पहल न सिर्फ विद्यालय स्तर पर बल्कि सामाजिक स्तर पर भी सकारात्मक बदलाव लाती हैं।

## छोटी काशी गोला में एक शाम भोलेनाथ के नाम में गूजेंगे शिव के जयकारे

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी।** पवित्र सावन माह में छोटी काशी गोला गोकर्ण नाथ की पवित्र भूमि पर आगामी 13 मई को हिन्दुस्तान के पत्रकार एवं सरदार पटेल सामाजिक एवं साहित्यक संगठन के अध्यक्ष पातीराम गंगवार का जन्म दिवस पर एक शाम भोलेनाथ के नाम अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन दिनांक 13 जुलाई दिन रविवार स्थान साईं मैरिज लॉन गोला समय रात्रि 8ः00 बजे से आयोजन किया जाएगा। जिसमे देश के कोने कोने से विख्यात कवि अपनी रचनाओं से भोलेनाथ की आराधना करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए युवा व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री अशोक कनौजिया ने सभी तैयारियां पूर्ण कर ली है। अखिल भारतीय कवि सम्मेलन के मुख्य अतिथि गोला गोकर्ण नाथ विधानसभा से भाजपा विधायक अमन अरविंद गिरि राष्ट्रीय कुर्मी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल वर्मा, कार्यक्रम अध्यक्ष विजय कुमार शुक्ल उर्फ रिंकू विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य पटेल शिखा अशोक कनौजिया, सहित कई राजनैतिक दिग्गज कार्यक्रम में सिरकत करेंगे। साहित्यकारों व अतिथियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम व्यवस्थापक पटेल अशोक कनौजिया ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं।

## एक्सप्रेस खबरें...

### जेठ की अश्लील हरकतें, विरोध करने पर बहू को बेरहमी से पीटा

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में विवाहिता ने अपने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता का आरोप है कि उसका जेठ उसके साथ अश्लील हरकतें करता है और जब उसने इस बात की शिकायत पति व सास से की, तो उल्टे उसे ही दोषी ठहराया गया।पीड़िता ने बताया कि उसका विवाह दो वर्ष पूर्व जाबिन नवी से मुस्लिम रीति-रिवाज से हुआ था। शादी के बाद से ही उसे दहेज को लेकर प्रताड़ित किया जाने लगा। आरोप है कि छह जुलाई को पति व सास ने उसे जबरन जेठ के कमरे में बंद कर दिया, जहां जेठ हामिद ने उसके साथ अश्लील हरकतें कीं और बलात्कार का प्रयास किया। शोर मचाने पर महिला को घर के आंगन में घसीटकर पीटा गया, गर्दन पर पैर रखकर जान से मारने की धमकी दी गई।पीड़िता ने बताया कि उसे 24 घंटे तक भूखा-प्यासा कमरे में बंद रखा गया और किसी को कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी दी गई। कोतवाल सतेन्द्र सिंह ने बताया कि मामले की शिकायत प्राप्त हुई है, जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### सास-बहू विवाद में मारपीट, पुलिस ने कराया मेडिकल, जांच शुरू

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र में सास-बहू के घरेलू विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। जानकारी के अनुसार सोमवती पत्नी छेदालाल ने आरोप लगाया कि घरेलू कहासुनी के बाद बहू ने उसे बुरी तरह पीट दिया, जिससे वह घायल हो गई।घायल महिला ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तत्काल एक्शन लेते हुए महिला को अस्पताल भिजवाया और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है। जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### नहर में मिला लापता ग्रामीण का शव, परिवार में कोहराम

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** सेहरामऊ थाना क्षेत्र के हरिपुर किशनपुर के पास स्थित खीरी ब्रांच नहर में एक अज्ञात शव मिलने से सनसनी फैल गई। बाद में शव की पहचान गांव सुल्तानपुर निवासी राम प्रताप सक्सेना (45) के रूप में हुई, जो 7 जुलाई से लापता थे। परिजनों ने बताया कि उन्होंने कई स्थानों पर तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। शुक्रवार को ग्रामीणों ने नहर में शव देखा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मामले की जांच की जा रही है।

### खेतों में घूमता दिखा बाघ का कुनबा, ग्रामीणों में दहशत

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र के शेरपुर कला गांव के पास शनिवार को बाघ व उसके शावकों की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। ग्रामीणों ने बाघ को खेतों के पास घूमते देखा और तुरंत वन विभाग को सूचना दी। स्थानीय निवासी अब्दुल्ला ने बताया कि वह अपने खेत में पालेज देखने गए थे, तभी उन्होंने बाघ को देखा और किसी तरह वहां से निकले। इसके बाद शोर मच गया कि पेट्रोल पंप के पीछे एक बाघिन अपने शावकों के साथ घूम रही है।वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर पड़ताल की और खेतों में पगचिह्न भी मिले। डिप्टी रेंजर कपिल कुमार ने बताया कि पीलीभीत टाइगर रिजर्व और सामाजिक वानिकी की टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं। ग्रामीणों को सतर्क रहने के लिए कहा गया है।

### स्कूली बच्चों से भरी वैन पलटी, बाल-बाल बचे सभी बच्चे

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** सेहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव पिपरा मुजप्ता के पास शनिवार सुबह एक बड़ा हादसा टल गया, जब स्कूली बच्चों से भरी एक वैन पलट गई। जानकारी के अनुसार वैन चालक नशे में था और तेज गति से वाहन चला रहा था।वैन अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से टकराई और पास के खेत में पलट गई। घटना के समय वैन में सात बच्चे सवार थे। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए सभी बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला। पुलिस मौके पर पहुंची और वैन को अपने कब्जे में ले लिया। गनीमत रही कि कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ। पुलिस मामले की जांच कर रही है और वाहन चालक पर कार्रवाई की तैयारी कर रही है।

### 17 वर्षीय किशोरी का शव कमरे में मिला

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** पलिया क्षेत्र में 17 वर्षीय किशोरी की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उसके परिजनों ने दूसरे गांव के युवक पर हत्या का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने मृतका के पिता की तहरीर पर जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। इंद्रा आवास कॉलोनी निवासी संतोष शर्मा की 17 वर्षीय पुत्री आरती का शव शनिवार सुबह घर के कमरे में मिला। मृतका के पिता संतोष ने दूसरे गांव के युवक पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है।उसको भागते हुए दो अन्य लोगों ने भी देखा।आरोपी के खिलाफ तहरीर दी गई है।

### स्वास्थ्य शिविर में दूसरे दिन 213 मरीजों का उपचार किया गया

**जन एक्सप्रेस। खंभारखेडा खीरी।** बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चलायें जा रहे स्वास्थ्य शिविर में दुसरे दिन 213 मरीजो का उपचार किया गया। जिसमें अस्थिरोग चिकित्सक द्वारा कर्मचारियों अधिकारियों एवं महिलाओं का इलाज किया जा रहा है। जोधपुर (राजस्थान) से आई चिकित्सकों की टीम द्वारा 243 मरीजों का अस्थिचिकित्सा पद्धति शरीर की मांसपेशियों, हड्डियों और जोड़ो के स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित कर शरीर में किसी प्रकार के दर्द जैसे साइटिका, स्पोंडलाइटिस, घुटने में दर्द, कंधे में दर्द, पैरों में रक्त संचार का कम होने का इलाज किया जा रहा है। आस्टियोपैथी चिकित्सा में हाथों का उपयोग करके शरीर की मांसपेशियों में खिंचाव व दर्द से निदान मिलता है। इस मौके पर चीनी मिल के युनिट हेड अवधेश गुप्ता, अवनी पांडेय, पुष्पेन्द्र ढाका,राजेश दुबे, संजय शुक्ला, तनवीर अहमद, विवेक सिंह उपस्थित रहे।

## थाना समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनी फरियाद

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** सदर कोतवाली में आज शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल और पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं।डीएम-एसपी सुबह 10ः50 बजे कोतवाली पहुंचे। उन्होंने 11ः18 बजे तक चार फरियादियों की शिकायतें सुनीं। राजस्व, पुलिस और अन्य विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। एसपी ने निर्देश दिए कि उच्चाधिकारी स्तर की शिकायतों को रिपोर्ट के साथ भेजा जाए। इससे समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित होगा। सदर कोतवाली प्रभारी हेमंत राय ने बताया कि कुल सात शिकायती पत्र मिले। कार्यक्रम में मोहल्ला गोविंद नगर के विमलेश कुमार ने अपनी पुत्री सारिका के दहेज प्रताड़ना का मामला उठाया। उन्होंने बताया कि ससुराल वालों ने दहेज के लिए बेटी को प्रताड़ित किया। इससे वह बीमार पड़ गई। बाद में उसे घर से निकाल दिया गया। मजबूरन वह अपनी बेटी को उसकी ससुराल से ले आए। थाना समाधान दिवस सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चला। डीएम-एसपी के जाने के बाद सदर कोतवाली प्रभारी और तहसीलदार ने भी शेष फरियादियों की समस्याएं सुनीं।

# सावन माह के प्रत्येक सोमवार को कांवरियों पर होगी पुष्प वर्षा : विजय शुक्ला रिंकू

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी**

शनिवार सायं 11 जुलाई नगर पालिका परिषद गोला के सभागार में व्यापार मण्डल एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने बैठक कर कांवरियों के स्वागत एवं पुष्पवर्षा के लिए योजना बनाई।सावन के प्रथम सोमवार 14 जुलाई को रोटरी क्लब गोला सेन्ट्रल, लायंस क्लब गोला और नगर पालिका परिषद गोला के सभासद सदर चौराहे पर कांवरियों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत करेंगे।द्वितीय सोमवार 21 जुलाई को पूर्व सैनिक सेवा परिषद, व्यापार मण्डल कंछल गुट, भारत विकास परिषद छोटी काशी और श्याम दीवाने सेवा समिति कांवरियों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत करेंगे, तीसरे सोमवार 28 जुलाई को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल, भारत विकास परिषद गोला,गोला कोचिंग एसोसिएशन और रोट्रेक्ट क्लब यूथ कांवरियों पर पुष्प वर्षा करेंगे । 04 अगस्त चौथे एवं अंतिम सोमवार को रोट्रेक्ट क्लब गोला छोटी काशी, गोला टूरिज्म तथा विद्यालय प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य कल्याण समिति पुष्प वर्षा कर कांवरियों स्वागत करेंगे। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि, सावन में लाखों की संख्या में श्रद्धालु छोटी काशी गोला बाबा के दर्शन के लिए आते है। प्रत्येक सोमवार को कांवरियों पर विभिन्न सामाजिक,शैक्षणिक एवं व्यापारी संगठनों द्वारा पुष्प वर्षा की जाएगी।इसके साथ जोड़ा घर बनाया जाएगा जिसमें सेवादार कांवरियों के जूता चप्पल निःशुल्क रखेंगे।यह सेवा पूरे सावन माह तक चलेगी।

बैठक में व्यापार मण्डल कंछल गुट जिला अध्यक्ष नानक चन्द्र वर्मा, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल जिला अध्यक्ष अरुण अवस्थी, नगर अध्यक्ष विनोद स्वर्णकार, अरविन्द गुप्ता रामजी, अभिषेक राजपूत, शैलेन्द्र सक्सेना, सुमित शाह, रवि सक्सेना, संजय अवस्थी, डा0 आदर्श दीक्षित, सर्वेश अनुराग, अमित त्रिपाठी, गौरव मिश्रा, श्याम राजपूत, प्रवीन गुप्ता, अली हुसैन, संजय तिवारी, अजय भानु अवस्थी, विकास मिश्रा, राजेश्वर सिंह पूर्व सैनिक, आकाश कुमार शर्मा, राजीव सिंह, शिवम गुप्ता, वीरेन्द्र गुप्ता सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन सतर्क : यात्रा मार्ग पर सुरक्षा, स्वच्छता व यातायात की तैयारियां तेज

- श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोपरि, सभी विभाग मिलकर करें समन्वय- डीएम
- भीड़ नियंत्रण, बैरिकेडिंग और रूट डायवर्जन की हो प्रभावी व्यवस्था- एएसपी विक्रम दहिया
- डीएम और एएसपी ने मझोला में पैदल गश्त कर लिया व्यवस्थाओं का जायजा, दिए सख्त निर्देश



**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

श्रावण मास के अवसर पर होने वाली कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। शनिवार को जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया ने संयुक्त रूप से थाना न्यूरिया अंतर्गत कस्बा मझोला में पैदल गश्त कर यात्रा मार्ग पर सुरक्षा, यातायात एवं स्वच्छता व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यात्रा मार्ग के विभिन्न बिंदुओं पर जाकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

### सुरक्षा और स्वच्छता पर रहेगा विशेष फोकस

जिलाधिकारी ने नगर निकाय अधिकारियों को निर्देश दिए कि यात्रा मार्ग पर नियमित साफ-सफाई, छिड़काव, पेयजल, शौचालय और प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने विशेष रूप से यह सुनिश्चित करने को कहा कि संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त सतर्कता बरती जाए। अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया ने कहा कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया जाए। भीड़ नियंत्रण के लिए बैरिकेडिंग की जाए और रूट डायवर्जन की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित हो। उन्होंने निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन कैमरों के उपयोग पर भी बल दिया।उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि रात्रिकालीन यात्रा के दौरान पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की जाए और किसी भी आपात स्थिति के लिए कंट्रोल रूम को पूरी तरह सक्रिय रखा जाए। अधिकारियों ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए पूरी संवेदनशीलता से कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही चिकित्सा शिविर, मोबाइल शौचालय और विश्राम स्थलों की भी समय पर व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। डीएम और एएसपी की निरीक्षण यात्रा से स्पष्ट है कि इस बार कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। अधिकारियों ने सभी संबंधित विभागों को सजग और सक्रिय रहने का निर्देश देते हुए कहा कि प्रशासनिक सतर्कता के साथ-साथ सामाजिक सहयोग से ही यह आयोजन सफल होगा।

## नियमों को दर किनार फर्राटा भर रहे निजी स्कूल वाहन

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी।** हैदराबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत जडौरा कोटबारा मार्ग पर शनिवार की अल सुबह बिना फिटनेस फर्राटा भर रही स्वामी विचार विवेकानंद बाल उद्यान की टाटा मैजिक ने अरूषी ट्रेडर्स व धर्मकांटा पर एक पालतू कुत्ते का किया ऐक्सीडेन्ट कर दिया जिससे कुत्ते की मौके पर मौत हो गई। इसके आरूषी ट्रेडर्स के मालिक रामम मिश्र ने डायल 112 को बुलाकर बिना परमिशन व फिटनेस फर्राट भर रही मैजिक को किया उनके सुपुर्द कर दिया ।जब इसकी जानकारी डायल 112 बालो ने टाटा मैजिक के ड्राइवर शिवाकांत से ली तो उसने कागज़ो के न होने की अनभिज्ञता जताई। हालांकि पुलिस ने यह मामला आरटीओ स्तर का होने के पश्चात उनका सुलह समझौता करा दिया और और टाटा मैजिक को छोड दिया। वही मौके पर पहुचे कुछ ग्रामीणो के अनुसार बच्चो को ढोने बाली इस टाटा मैजिक पर नम्बर प्लेट न होने से नाराजगी जाहिर करते हुये बताया कि इस क्षेत्र मे लगभग एक दर्जन से अधिक स्कूल संचालित हो रहे है ।जिसमे क्षेत्र के हजारो बच्चों को ले जाने के लिये दर्जनो वाहन बिना फिटनेस के फर्राटा भर रही है ।जिससे भविष्य मे कोई बडी घटना घटने से इन्कार नही किया जा सकता है।

# यूपी के इस जिले में कांवड़ रूट पर एक साथ नहीं बेच सकेंगे मांसाहारी-शाकाहारी भोजन

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर




गोरखपुर में कांवड़ियों के मार्ग पर वेज और नॉनवेज भोजन को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग ने नए नियम लागू किए हैं। ढाबों और रेस्टोरेंट को बोर्ड पर जानकारी देनी होगी कि वे क्या बेच रहे हैं। नियमों का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। टीम लगातार भोजन की गुणवत्ता की जांच करेगी।

नियम उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई
7 कावंड़ियों के रूट पर अब वेज (शाकाहारी) और नान वेज (मांसाहारी) एक साथ बेचने वाले ढाबे, रेस्टोरेंट और होटल नहीं चलेंगे। इन्हें या तो वेज भोजन बनाकर बेचना होगा या नानवेज। संचालकों को ढाबे, रेस्टोरेंट या होटल के सामने बड़े बोर्ड पर इसकी सूचना दर्ज करानी होगी, ताकि कांवड़ियों को दूर से ही पूरी जानकारी मिल जाए।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम भोजन की गुणवत्ता की भी लगातार जांच करेगी। तत्काल रिपोर्ट के लिए वैन भी टीम के साथ रहेगी। विभाग ने पूरे जिले में अलग-अलग टीमों का गठन कर जांच शुरू करा दी है।

## फंदा लगाकर युवक ने की खुदकुशी

जन एक्सप्रेस । देवरिया

थाना क्षेत्र के ग्राम करमाजितपुर में शुक्रवार की देर रात एक युवक ने कमरे के रोशनदान से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। जानकारी के अनुसार, परमात्मा निषाद (36) पुत्र राम प्रताप निषाद शुक्रवार को शाम को घर आया। बताया जा रहा है कि पत्नी और मां से किसी बात पर बहस हो गई। विवाद के बाद वह अपने कमरे में चला गया और रोशनदान में साड़ी का फंदा लगाकर जान दे दी घर वाले उसे खोजते हुए पहुंचे तो कमरे का हाल देख उनके होश उड़ गए। घर में पत्नी मां व एक सात वर्षीय पुत्री जोर-जोर से चिल्लाने लगे।

शोर सुनकर मौके पर आसपास के लोग जुट गए। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। थानाध्यक्ष नंदा प्रसाद ने बताया कि युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। परिवार भी सही जानकारी देने से कतरा रहे हैं।

# क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम का हुआ सफल आयोजन

### पंजाब नेशनल बैंक ने 16 किसानो को 1 करोड़ 25 लाख का ऋण स्वीकृत पत्र प्रदान किया

जन एक्सप्रेस । महाराजगंज




पंजाब नेशनल बैंक द्वारा सदर ब्लॉक परिसर में क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपजिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार गौतम, विशिष्ट अतिथि के रूप में लीड जिला प्रबंधक भूपेंद्र मिश्र तथा विशेष उपस्थिति में पंजाब नेशनल बैंक, अंचल कार्यालय लखनऊ से सहायक महाप्रबंधक मनीष जैन रहे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में वित्तीय समावेशन को प्रोत्साहित करना तथा आम नागरिकों, किसानों, स्वयं सहायता समूहों एवं छोटे उद्यमियों को बैंकिंग ऋण योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। मुख्य अतिथि शैलेंद्र कुमार गौतम ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार एवं बैंकों की संयुक्त पहल से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। उन्होंने उपस्थित जनता से इन योजनाओं का भरपूर लाभ उठाने का आग्रह किया। सहायक महाप्रबंधक, पीएनबी जोनल ऑफिस लखनऊ ने बैंक की ऋण योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि बैंक ग्राहक केंद्रित सेवाओं और त्वरित ऋण प्रक्रिया के माध्यम से समाज के हर वर्ग तक पहुंचने का प्रयास कर रहा है। लीड जिला प्रबंधक भूपेंद्र मिश्र ने वित्तीय समावेशन की दिशा में चल रही विभिन्न पहलों की जानकारी दी तथा जनसामान्य को बैंकिंग प्रणाली से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लाभार्थियों, बैंक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही। सभी ने बैंक की इस पहल की सराहना की और इसे ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस अवसर पर 16 किसानो को रूपये 1.25 करोड़ का ऋण स्वीकृत पत्र प्रदान किया गया।

# सरयू पुल से कूदे मानसिक मंदित की नाविकों ने बचाई जान, किए गए सम्मानित

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर



बड़हलगंज-दोहरीघाट सरयू पुल से शनिवार को नदी में कूदे 45 वर्षीय मानसिक मंदित को मुक्तिपथ पर मौजूद नाविकों ने जान बचा लिया। पुलिस ने प्राथमिक उपचार के बाद जब उसके बारे में पूछताछ की तो वह अपने बारे में कुछ बता नहीं सका। युवक की जान बचाने वाले बहादुर नाविकों को मुक्तिपथ व्यवस्थापक महेश उमर ने नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। थानाप्रभारी चंद्रभान सिंह ने बताया कि शनिवार करीब दो बजे बड़हलगंज दोहरीघाट पुल के पास टहल रहे युवक ने अचानक सरजू नदी में छलांग लगा दी। यह देख लोगों ने शोर मचाया। इस दौरान मुक्तिपथ पर मौजूद नाविक निर्भय साहनी अपने भाई नागेंद्र साहनी के साथ स्टीमर लेकर पहुंचे। करीब 20 मिनट की मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला जा सका। मौके पर पहुंच पुलिस युवक का प्राथमिक उपचार कराकर पूछताछ शुरू की, लेकिन वह कुछ बता नहीं सका। थाना प्रभारी के अनुसार, युवक मानसिक मंदित है। आस-पास के लोगों की मदद से युवक के पहचान का प्रयास किया जा रहा है। इधर, डूबते युवक को बचाने वाले बहादुर नाविकों को मुक्तिपथ व्यवस्थापक महेश उमर ने नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया है। इन दोनों नाविकों ने 24 से अधिक डूबते हुए लोगों को अब तक बचाया है।

## विवाहिता लापता पिता ने जताई हत्या की आशंका

जन एक्सप्रेस । देवरिया

लार थाना क्षेत्र के रुच्चापार गांव की 24 वर्षीय रानी की शादी बिहार के सिवान जिले के हुसैन गंज के तूफानी शर्मा से हुई है। रानी ने बृहस्पतिवार की रात को पिता के व्हाट्सएप पर मैसेज भेजकर अपनी हत्या की आशंका जताई थी। मैसेज आने के बाद जब मायके वाले उससे बात करने के लिए फोन मिलाया तो मोबाइल बंद बताने लगा। मायके वालों ने जब दूसरे नंबर पर फोन किया तो के बताया कि आपकी बेटी रात में किसी के साथ चली गई है। यह सुन मायके वालों के होश उड़ गए। रानी के घर वालों ने उसकी खोजबीन की, मगर पता नहीं चला। बेटी की हत्या की आशंका जताते हुए मायके वालों ने शुक्रवार को बिहार के हुसैनगंज थाने में तहरीर दी है। रुच्चापार गांव के रहने वाले घनश्याम गुप्ता ने बताया कि बृहस्पतिवार की रात बेटी ने रात करीब 11 बजे व्हाट्सएप पर मैसेज भेजा कि पिताजी ससुराल वाले उसकी हत्या की साजिश रच रहे हैं।


# गुजरात से मंगाते थे बोतल और क्यूआर कोड, चार जिलों में करते थे नकली शराब की सप्लाई, भंडाफोड़

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

गोरखपुर के बेतियाहाता में आबकारी विभाग ने छापा मारकर नकली शराब बनाने के धंधे का भंडाफोड़ किया। मौके से भारी मात्रा में नकली शराब क्यूआर कोड और अन्य सामान बरामद हुआ। पुलिस ने मुख्य आरोपी शैलेश को गिरफ्तार कर लिया है जो गुजरात से सामान मंगवाकर नकली शराब बनाता था और उसे वाराणसी भदोही जैसे शहरों में सप्लाई करता था।

वाराणसी समेत कई जिलों में सप्लाई
जागरण संवाददाता, बेतियाहाता में कई महीने से महराजगंज के घुघली कस्बे का शैलेश उर्फ पिंटू अवैध शराब बनाने का धंधा चला रहा था। कैंट पुलिस और आबकारी विभाग को इसकी भनक तब लगी जब गुरुवार की देर रात आबकारी की स्पेशल टीम छापेमारी करने पहुंची। शैलेश गुजरात से बोतल, क्यूआर कोड, ढक्कन आदि मंगवाता था। इसके बाद नकली शराब तैयार कर वाराणसी, भदोही, बलिया और देवरिया के सलेमपुर में सप्लाई करता था। आरोपित चिन्हित लोगों को ही नकली शराब की बोतलों को देता था। आबकारी विभाग इंस्पेक्टर मनीष त्यागी ने कैंट थाने में तहरीर देकर शैलेश के विरुद्ध केस दर्ज कराया।

आबकारी विभाग की विशेष टीम बेतीयाहाता पहुंचने के बाद जिला आबकारी अधिकारी समेत पुलिस को सूचना दी। इसके बाद संयुक्त रूप से बेतियाहाता स्थित मुरारी खेतान के मकान में छापेमारी की। ढाई घंटे तक चली छापेमारी में जल मिश्रित इम्पीरियल ब्लू की 20 हाफ बोतल, रायल स्टैग की 42 क्वाटर बोतल, 31 हजार 710 नकली क्यू आर कोड, 30 हजार 136 नकली कैप्स, 14 हजार 602 नकली ढक्कन और 10 हजार क्यूआकोड का रोल बरामद किया।



मौके पर ही टीम ने शराब की बोतलों पर लगे क्यूआर कोड को स्कैन किया तो वह फर्जी निकला। कागजात मांगने पर आरोपित शैलेश टीम को नहीं दिखा सका। इसके बाद टीम ने बरामद सामान को जब्त कर पुलिस को सिपुर्द कर दिया।

इस संबंध में जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि छापेमारी में अवैध शराब बनाने का धंधा और आरोपत को पकड़ा गया है। वहीं कैंट इंस्पेक्टर संजय सिंह ने बताया कि आबकारी इंस्पेक्टर की तहरीर पर केस दर्ज कर आरोपित शैलेश को गिरफ्तार किया गया है।

पानी मिलकार एक बोतल को बनाता था दो
आबकारी की स्पेशल टीम द्वारा की गई छापेमारी के बाद गिरफ्तार शैलेश ने पुलिस को बताया कि उसे रोजगार नहीं मिल रहा था। इसके बाद उसने इस धंधे को शुरू किया। इसके लिए गुजरात में संपर्क कर असली की तरह दिखने वाली बोतल और क्यूआर कोड समेत अन्य सामान मंगवाने लगा। यहां पर लाने के बाद शराब की असली बोतल खरीदकर वह लाता था। इसके बाद उसे आधा-आधा करके शेष बोतल में पानी मिलाकर वह पैक कर देता था। दिखने में वह भी असली शराब की बोतल की तरह लगता था। इसके बाद उसकी सप्लाई के लिए लोगों से संपर्क किया और चिन्हित लोगों को भेजने लगा।

# गोरखपुर के फुटपाथ को साढ़े तीन मीटर किया जाएगा चौड़ा

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

गोरखपुर में सीएम ग्रिड के तहत गोलघर की सड़क अब पिंपरी चिंचवाड़ की तर्ज पर बनेगी। सड़क के किनारे चौड़ा फुटपाथ बनेगा जिस पर पार्किंग की सुविधा होगी। दृष्टिबाधितों के लिए विशेष टाइल्स लगेंगी। फुटपाथ के नीचे ही सभी पाइपलाइन और बिजली के तार होंगे जिससे सड़क को बार-बार खोदने की समस्या से निजात मिलेगी।

सीएम ग्रिड के तहत बनने वाली गोलघर की सड़क अब पिंपरी चिंचवड़ नगर निगम की तर्ज पर बनाई जाएगी। इस सड़क के किनारे न सिर्फ तीन से साढ़े तीन मीटर चौड़ा फुटपाथ बनाया जाएगा बल्कि इस फुटपाथ पर पार्किंग की भी व्यवस्था होगी। हरेक 100 मीटर की दूरी पर करीब 30 मीटर की लंबाई में पार्किंग का प्रविधान किया जाएगा। साथ ही फुटपाथ दृष्टिबाधित विकलांगों के सुविधाजनक आवागमन अनुरूप बनाया जाएगा।

नगर निगम के इंजीनियरों की टीम महाराष्ट्र के पुणे स्थित पिंपड़ी चिंचवड़ नगर निगम में आयोजित कार्यशाला में शामिल होने और स्थानीय भ्रमण के बाद सीएम ग्रिड की इस सड़क की डिजाइन में बदलाव का निर्णय लिया है।

यह योजना मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम (अर्बन) के तहत बनाई जा रही है। इसके तहत शास्त्री चौक से आंबेडकर चौक होते हुए छात्रसंघ चौराहा तक, आंबेडकर चौक से हरिओम नगर तिराहा होते हुए मुख्य डाकघर तिराहा तक और हरिओम नगर से कचहरी चौराहा होते हुए टाउनहाल तक की सड़क बनाई जाएगी।

सीएम ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट योजना के तहत कुल तीन सड़कों का निर्माण प्रस्तावित है। इनमें कुल पांच सड़कें शामिल हैं। करीब 53.68 करोड़ की लागत से इन सड़कों का निर्माण होना है। पहली स्मार्ट सड़क 2.378 किलोमीटर लंबी और 15 मीटर चौड़ी होगी।

यह शास्त्री चौक से आंबेडकर चौक होते हुए छात्रसंघ चौराहा तक, आंबेडकर चौक से हरिओम नगर तिराहा होते हुए एस्प्रा तिराहा तक और हरिओम नगर से कचहरी चौराहा होते हुए टाउनहाल तक बनाई जाएगी।

इस सड़क के निर्माण पर करीब 27.02 करोड़ रुपये की लागत आएगी। दूसरी सड़क टाउनहाल स्थित शिवाय होटल से अग्रसेन तिराहा, विजय चौराहा होते हुए गणेश चौक तक बनेगी। इसकी लंबाई 1.250 किमी और चौड़ाई 15 मीटर होगी।

इस सड़क के निर्माण पर करीब 14.84 करोड़ रुपये की लागत आएगी। तीसरी सड़क कचहरी चौराहे से काली मंदिर तक बनेगी। इस सड़क की लंबाई करीब 0.842 किलोमीटर और चौड़ाई 28 मीटर होगी। इस सड़क के निर्माण पर करीब 11.82 करोड़ रुपये आएगी।

सड़क और फुटपाथ यह होंगी ये सुविधाएंसबसे बड़ा बदलाव फुटपाथ को लेकर किया जा रहा है। फुटपाथ की चौड़ाई बढ़ाई जाएगी। इस पर बैठने की भी व्यवस्था होगी। कुर्सी और टेबल इस तरह से डिजाइन किए जाएंगे, जहां लोग शतरंज और लूडो आदि खेल सकेंगे। वहीं फुटपाथ पर दृष्टिबाधित दिव्यांगों की सुविधा के लिए टैक्टाइल टाइल्स लगाई जाएगी। इस टाइल्स को अपने स्टीक से स्पर्श कर दृष्टिबाधित विकलांग आसानी से चल सकेंगे। मोड़ पर टाइल्स के उभारों में बदलाव होगा, जिससे उन्हें मुड़ने की जानकारी मिल जाएगी। इसके नीचे ही नाली, बिजली के तारों के लिए डक्ट और पीने के पानी व गैस की पाइपलाइन बिछाई जाएगी। इसका सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि नाली, बिजली या पीने के पानी संबंधी कोई खराबी आने पर सड़क नहीं खोदनी पड़ेगी, जिससे यातायात प्रभावित नहीं होगा।

## डीएम ने जलनिगम के अधिशासी अधिकारी को लगाई फटकार

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

कलक्ट्रेट सभगार में शुक्रवार को डीएम की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड पर विकास कार्यक्रमों की समीक्षा हुई। इसमें जिले की रैंकिंग प्रभावित करने वाले विभागों को चेतावनी देते हुए फैमिली आईडी में अपेक्षित प्रगति जाने समेत अन्य विकास कार्यों में शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करने की हिदायत दी गई। बैठक के दौरान जल जीवन मिशन योजना के तहत अपेक्षित सुधार नहीं होने पर जलनिगम के अधिशासी अधिकारी को फटकार लगाई। डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित प्राप्तांक एवं ग्रेडिंग के आधार पर विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने सीएम डैशबोर्ड की प्रगति रिपोर्ट में खराब श्रेणी प्रदर्शित करने वाले इंडिकेटर में रहने वाले विभाग व कार्यों से संबंधित विभागाध्यक्षों को योजनाओं

# पंचकर्म का शुल्क तय, जल्द सुविधा शुरू करने की तैयारी

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

गोरखपुर के आयुष विश्वविद्यालय में पंचकर्म उपचार सस्ता हो गया है। अब पांच हजार रुपये में सात दिनों का पैकेज मिलेगा। केरल से आए दो नए फिजियोथेरेपिस्ट भी तैनात किए गए हैं। राष्ट्रपति ने 2 जुलाई को विश्वविद्यालय का उद्घाटन किया था जिसके बाद चिकित्सा सेवाओं का विस्तार हो रहा है। ओपीडी और आईपीडी में जल्द ही नई शुल्क व्यवस्था लागू होगी।



ओपीडी में पंचकर्म का ट्रायल शुरू
जागरण संवाददाता, भटहट। महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय, पिपरी भटहट में पंचकर्म उपचार का शुल्क तय कर दिया गया है। आमजन को कम खर्च में गुणवत्तापरक उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय प्रशासन ने चार और सात दिनों का पैकेज निर्धारित किया है।

जल्द ही विधिवत सुविधा उपलब्ध शुरू करने की तैयारी है। क्लीनिकल एथिकल कमेटी ने विभिन्न सरकारी और निजी संस्थानों के शुल्क का अध्ययन करके शुल्क तय किया है। पांच हजार रुपये में पंचकर्म का पूरा पैकेज उपलब्ध कराया जाएगा।

दो जुलाई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण किया है। इसके बाद से यहां चिकित्सा सेवाओं का विस्तार तेजी से हो रहा है। ओपीडी में पंचकर्म का शुभारंभ प्रयोग के तौर पर शुरू किया गया है। इसका लाभ प्रतिदिन दो से तीन रोगियों को मिल रहा है। शुक्रवार को पंचकर्म विभाग में केरल से आए फिजियोथेरेपिस्ट विशन और आतिरा की तैनाती हुई। इसके साथ ही अब यहां फिजियोथेरेपिस्ट की संख्या तीन हो गई है।

# झपट्टा मारकर मोबाइल व पर्स छीनने के दो आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर



कप्तानगंज से पत्नी और बच्चों के साथ अपने घर सनेरा मल्ल छपरा बाइक से जा रहे युवक को 16 जून की देर शाम को साहिबगंज के समीप झपट्टा मारकर कर बाइक सवार बदमाशों ने मोबाइल छीन लिया था। पुलिस इस मामले में केस दर्ज किया था। मोबाइल के लोकेशन की मदद से पुलिस ने मोबाइल छीनने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

पडरौना कोतवाली थाना क्षेत्र के सनेरा मल्ल छपरा निवासी मनोज दीक्षित अपनी पत्नी और बच्चों के साथ कप्तानगंज गए थे। काम निपटाने के बाद देर शाम को वापस लौट रहे थे। अभी वह साहिबगंज के समीप पहुंचे थे कि बाइक पर पीछे बैठी पत्नी से झपट्टा मारकर मोबाइल व पर्स बाइक सवार दो युवक छीन लिए और फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस को सूचना दिया। इस मामले में केस दर्ज कर पुलिस विवेचना कर रही थी। सर्विलांस की मदद से पुलिस ने मोबाइल का लोकेशन ट्रेस किया और बाइक सवार छिनैती करने वाले युवकों को ट्रेस कर लिया। आरोपी युवक कप्तानगंज थाना क्षेत्र के भड़सर निवासी शिवम पटेल, धीरज विश्वकर्मा को मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर लिया। एसएचओ आनंद कुमार गुप्ता ने बताया कि मनोज दीक्षित ने मोबाइल तथा पर्स छीनने की तहरीर दी थी। इस मामले में गिरफ्तार दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

## आशा कार्यकर्ताओं ने सीएमओ कार्यालय घेरा, मानदेय भुगतान की मांग

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

बकाया मानदेय व प्रोत्साहन की मांग को लेकर आशा एवं आशा संगिनी कार्यकत्री सेवा समिति के जिला इकाई पदाधिकारियों ने शुक्रवार को सीएमओ कार्यालय का घेराव किया। मुख्य चिकित्साधिकारी को ज्ञापन सौंपकर भुगतान दिलाने की मांग की। साथ ही चेतावनी दिया कि अगर भुगतान नहीं मिला तो दस्तक अभियान में कार्य बहिष्कार करेंगे।

संगठन के जिलाध्यक्ष सरोज देवी ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात अधिकारियों से पूछने पर ठीक ढंग से जवाब नहीं दिया जा रहा है। 2025 में मार्च व जून में मिलने वाला रकम नहीं मिला है। विभाग की ओर से दस्तक अभियान में आशाओं से जरूरी कार्य तो लिया जाता है।

# दादी के अंतिम संस्कार से आ रहे थे दादा-पोते, बीच रास्ते में ही ऐसा क्या हुआ, हो गई दोनों की मौत

जन एक्सप्रेस । देवरिया

गौरीबाजार थानाक्षेत्र के बैतालपुर कस्बा निवासी प्रिंस मद्धेशिया 20 वर्ष पुत्र विनोद मद्धेशिया शुक्रवार की दोपहर अपनी दादी तेतरा देवी की मौत के बाद उनके दाह-संस्कार के लिए बरहज गया था। सभी संबंधी व शुभचिंतकों के साथ घर वापस आने के बाद रात के करीब 10 बजे रिश्ते में दादा गुलाब मद्धेशिया के छोड़ने के लिए घर से निकला था।

रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के रामलक्षन चौराहे के पास शुक्रवार की देर रात बैतालपुर निवासी और रिश्ते में दादा पोते की सड़क हादसे में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि एक एक पिकअप ने बाइक पर सामने से टक्कर मार दी। इसी बाइक से दोनों घर जा रहे थे। घटनास्थल पर ही युवक की और गंभीर रुप से घायल दादा की मौत इलाज के दौरान हो गई।

घटना के थोड़ी देर पहले ही दादी के अंतिम संस्कार से वापस लौटने के बाद प्रिंस अपने रिश्ते में दादा गुलाब को छोड़ने के लिए दुग्धेश्वर नाथ मंदिर छोड़ने के लिए निकला था। घटना की जानकारी होते ही परिवार में चीख पुकार मच गई। गौरीबाजार थानाक्षेत्र के बैतालपुर कस्बा निवासी प्रिंस मद्धेशिया 20 वर्ष पुत्र विनोद मद्धेशिया शुक्रवार की दोपहर अपनी दादी तेतरा देवी की मौत के बाद उनके दाह-संस्कार के लिए बरहज गया था।



सभी संबंधी व शुभचिंतकों के साथ घर वापस आने के बाद रात के करीब 10 बजे रिश्ते में दादा गुलाब मद्धेशिया 55 वर्ष पुत्र रामचंद्र मद्धेशिया को बाइक से छोड़ने के लिए दुग्धेश्वर नाथ मंदिर रुद्रपुर के लिए निकला। अभी उनकी बाइक रामलक्षन चौराहे के पास पहुंची थी, तभी सामने से विपरित दिशा में तेज रफ्तार से आ रही पिकअप वैन ने टक्कर मार दी।

इसकी चपेट में आने से प्रिंस की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, लोगों ने गुलाब को मेडिकल कॉलेज देवरिया पहुंचाया, जहां हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां ले जाते समय गुलाब ने भी दम तोड़ दिया। प्रिंस चार भाईयों में तीसरे नंबर का था। वह 12 वीं का छात्र था। वहीं गुलाब मंदिरों पर लगने वाले मेले में बिसारता की दुकान लगाते थे। इनके परिवार में पत्नी रंभा के अलावा कोई नहीं है।

थानाध्यक्ष नंदा प्रसाद ने बताया कि हादसे में दो लोगों की मौत हुई है। हादसे का कारण बने पिकअप वैन को हिरासत में ले लिया गया है जबकि चालक फरार हो गया। शव को भी पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# सुआंव नदी के तट पर जन सहभागिता से आयोजित हुआ वृहद श्रमदान कार्यक्रम

## एक जनपद एक नदी पुनरुद्धार पहल कार्यक्रम के तहत विधायक एवं डीएम ने नदी की सफाई कर किया श्रमदान

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

प्रदेश सरकार द्वारा एक जनपद एक नदी पुनरुद्धार कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसके तहत छोटी एवं सहायक नदियों के पुनरुद्धार एवं कायाकल्प किए जाना है। इसी क्रम में जिले में सुआव नदी का पुनरुद्धार कार्य संचालित हैं। शनिवार को सुआंव नदी के पुनरुद्धार के तहत वृहद श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन विकास खण्ड बलरामपुर के ग्राम हंसुआडोल में सुआंव नदी के तट पर किया गया।

कार्यक्रम के दौरान इस अवसर पर विधायक सदर पल्टूराम , डीएम पवन अग्रवाल द्वारा नदी की सफाई कर श्रमदान किया गया । इस दौरान वृहद श्रमदान कार्यक्रम में सभी विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों , ग्राम



प्रधान , स्वयं सहायता समूह की दीदियों, गैर सरकारी संगठन , ग्रामवासियों सहित सैकड़ों लोगों द्वारा प्रतिभाग किया गया एवं श्रमदान कर सुआंव नदी के पुनरुद्धार में सहभागिता दी गई। कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में सभी जनपदों में एक जिला एक नदी पुनरुद्धार पहल चलाई जा रही है , जनपद में योजना के तहत सुआंव नदी का पुनरुद्धार कार्य किया जा रहा हैं । उन्होंने कहा कि सुआंव नदी के पुनरुद्धार से जनपद में बाढ़ को नियंत्रण में सहायता मिलेगी एवं किसानों को बेहतर सिंचाई का साधन मिलेगा। इस अवसर पर डीएम ने बताया कि शासन के दिशानिर्देश में एक जनपद एक नदी पुनरुद्धार पहल के तहत जनपद में सुआंव नदी के पुनरुद्धार का कार्य संचालित हैं । जिसके तहत आज जनप्रतिनिधि एवं जनसहभागिता से विशेष श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि सुआंव नदी के पुनरुद्धार से बाढ़ नियंत्रण में मदद मिलेगी एवं कृषकों को सिंचाई की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी।

सुआंव नदी के पुनरुद्धार के तहत 49 कार्यों को चिन्हित कर लिया गया है जिसमें नदी में मिलने वाले 26 बरसाती नाले नदी के कैचमेंट एरिया में स्थित 15 तालाब तथा वृहद वृक्षारोपण कार्य सम्मिलित है। सुआंव नदी के पुनरुद्धार के तहत मनरेगा में 50 हजार मानव दिवस सृजित होगा। बताते चले कि जनपद में स्थित सुआंव नदी एक छोटी मध्यम आकार की नदी है।

### 320 वर्ग किलोमीटर में फैली है सुवांव नदी

सुआंव नदी जनपद बलरामपुर और श्रावस्ती जनपद की सीमा पर स्थित ग्राम गोपियापुर से निकलती है और यह राप्ती की प्रमुख सहायक नदी है। इसका बेसिन क्षेत्रफल 320.61 वर्ग किलोमीटर और इसकी लंबाई 120.8 किलोमीटर है। सुआंव नदी जनपद में नगर पालिका परिषद बलरामपुर सहित चार विकासखंडों– बलरामपुर, श्रीदत्तगंज, उतरौला और गैंडास बुजुर्ग से प्रवाहित होते हुए जनपद बलरामपुर और सिद्धार्थनगर की सीमा पर स्थित ग्राम रसूलाबाद के पास राप्ती नदी में मिलती है। वर्तमान समय में इसमें काफी गाद और अतिक्रमण हुआ है जिससे इसकी जल वहन और बाढ़ अवशोषण क्षमता कम हो गई है। इससे बाढ़ का जोखिम बढ़ गया है। सिंचाई बाधित हुई है और स्थलीय पारिस्थितिकी तंत्र और आजीविका प्रभावित हुई है। सुआंव नदी पुनरुद्धार योजना का उद्देश्य बाढ़ प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, सिंचाई में सुधार करने तथा ग्रामीण आजीविका का संबर्द्धन करने के लिए ड्रेसिंग, डिसिल्टिंग और संबंधित जल निकायों (तालाब, गूल, नहर) को पुनर्जीवित करके सुआंव नदी के प्रवाह को बहाल करना है। इससे जनपद के कई क्षेत्रों को बाढ़ जैसी आपदा से निजात मिलेगी। बरसाती नालों तथा तालाबों को सुआंव नदी के साथ जोड़ा जाएगा जिससे भूमिगत जल स्तर ऊपर उठेगा और वृहद पैमाने पर सिंचाई में भी उपयोग किया जा सकेगा। गंदे नालों का पानी नदी में ना मिले इसके लिए फिसल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट जैसे कार्य नगर विकास विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसके साथ ही वन विभाग द्वारा सर्वे करते हुए सुआंव नदी के तट पर पार्क और रमणीय स्थल विकसित करने के लिए कार्य योजना बनाने के साथ नदी के तट पर वृहद पैमाने पर वृक्षारोपण भी किया जाएगा। इस कार्य में ग्राम्य विकास विभाग, नगर विकास विभाग, सरयू ड्रेनेज खंड /सिंचाई विभाग, राजस्व विभाग, वन विभाग सहित गैर सरकारी संगठनों, वालंटियर तथा व्यापक जन सहयोग प्राप्त किया जाएगा।

# सदर विधायक ने किया सुआंव नदी के पुनरुद्धार कार्यक्रम का शुभारंभ




**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर के विधानसभा सदर क्षेत्र से विधायक पल्टू राम ने शनिवार को सुआंव नदी के पुनरुद्धार कार्यक्रम का शुभारंभ किया । जानकारी के अनुसार 12 जुलाई को विकास खण्ड बलरामपुर सदर के अंतर्गत ग्राम पंचायत हंसुआडोल में छोटी एवं सहायक नदियों के पुनरुद्वार कार्यक्रम के अंतर्गत सुआँव नदी पुनरुद्वार कार्यक्रम का शुभारम्भ विधायक बलरामपुर सदर पलटू राम ने किया। विधायक ने कहा कि चुनाव नदी बलरामपुर जिला मुख्यालय की लाइफ लाइन है इसके पुनरुद्धार से जिला मुख्यालय की सुंदरता में चार चांद तो लगेगा ही, साथ ही जल संचयन के क्षेत्र में भी लाभ मिलेगा । इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी बलरामपुर हिमांशु गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष भाजपा बलरामपुर बृजेन्द्र तिवारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ0 मुकेश रस्तोगी, डॉ0 जावेद, वरिष्ठ शासकीय अधिवक्ता पवन कुमार शुक्ला, भाजपा नेता आकाश पाण्डेय व युवा भाजपा नेता आशीष मिश्रा आशु सहित कई अन्य अधिकारी कर्मचारी व स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# थाना उतरौला में आयोजित समाधान दिवस में पहुंचकर डीएम और एसपी ने सुनी जनता की शिकायतें, निस्तारण के दिए निर्देश



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

शनिवार को थाना कोतवाली उतरौला में आयोजित समाधान दिवस में डीएम पवन अग्रवाल और एसपी विकास कुमार ने पहुंचकर लोगों की शिकायतों को सुना तथा निस्तारण के लिए निर्देशित किया। समाधान दिवस में डीएम एवं एसपी द्वारा शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुना गया तथा राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। डीएम ने कहा कि भूमि विवाद एवं लॉ एंड ऑर्डर के संवेदनशील मामलों में पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम बनाकर त्वरित कारवाही की जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व कर्मी एवं संबंधित विभाग यह सुनिश्चित करे कि सरकारी भूमि पर कोई अवैध कब्जा न हो , लापरवाही पर संबंधित के विरुद्ध कारवाही की जाएगी।

इस दौरान संबंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहें।

# एमएलके कॉलेज के पुरातन छात्र को किया गया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमएलके पीजी कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग में शनिवार को महाविद्यालय के पुरातन छात्र गोंडा जनपद मुख्यालय के एलबीएस डिग्री कॉलेज मे वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष के पद से सेवानिवृत प्राध्यापक प्रोफेसर श्रवण कुमार श्रीवास्तव को एमएलके कॉलेज में वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ राजीव रंजन व उनके सहयोगियों तथा पायनियर पब्लिक स्कूल के प्रबंध निदेशक डॉक्टर एमपी तिवारी द्वारा अंग वस्त्र तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया ।

जानकारी के अनुसार 12 जुलाई को एमएलके पीजी कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग में विभागाध्यक्ष डॉ राजीव रंजन के नेतृत्व में आयोजित एक सादे समारोह में महाविद्यालय के पुरातन छात्र रह चुके गोंडा जिले के श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज में वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष पद से सेवानिवृत्ति प्राप्त कर पहली बार महाविद्यालय मे आने पर प्रोफेसर श्रवण कुमार श्रीवास्तव का स्वागत अभिनंदन किया गया । कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पायनियर पब्लिक स्कूल के प्रबंध निदेशक डॉक्टर एमपी तिवारी के साथ कार्यक्रम संयोजक विभागाध्यक्ष डॉ राजीव रंजन तथा उनके सहयोगियों डॉ मोहम्मद अकमल तथा वीर प्रताप सिंह ने अंग वस्त्र तथा स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित किया । प्रोफेसर श्रीवास्तव ने 1986 में एमएलके पीजी कॉलेज से वनस्पति विज्ञान विषय से स्नाकोत्तर की परीक्षा उत्तीर्ण की । उन्होंने एमएलके कॉलेज से ही वनस्पति शास्त्र से पीएचडी पूर्ण किया । प्रोफेसर श्रीवास्तव ने मार्च



1991 में एलबीएस डिग्री कॉलेज में बतौर प्रवक्ता अध्यापन कार्य शुरू किया और 30 जून 2025 को वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष के पद से सेवानिवृत हुए । इस दौरान उनके राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय 22 थीसिस पेपर प्रकाशित किए गए । उन्होंने 55 राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में प्रतिभाग किया । वनस्पति शास्त्री प्रोफेसर श्रवण कुमार श्रीवास्तव को वर्ष 2023 में डाक्ट्रेट ऑफ़ साइंस विज्ञान विषय में मानद उपाधि प्रदान की गई । उन्होंने बताया कि वनस्पतियों से उनका विशेष लगाव है, इसीलिए उन्होंने पर्यावरण संरक्षण क्षेत्र में कार्य शुरू किया है । उन्होंने अब तक अलग-अलग स्थान पर कई हजार पौधों को रोपित करवाया है । उन्होंने अपने नर्सरी के अंदर तरह-तरह के पौधों को तैयार करके अलग-अलग स्थान पर प्लांटेशन करने का बीड़ा उठाया है । उन्होंने बताया कि शनिवारको आदि शक्ति मां पाटेश्वरी देवी का दर्शन पूजन अर्चन किया और कई दर्जन पौधे आरोपित करने के लिए उपलब्ध कराया, जिसमें नागलिंगम नाम का एकविशेष पौधा भी शामिल है । यह पौधा नाग फ़न के समान पुष्प तथा शिवलिंग के समान पत्ता दिखाई देता है । एनवायरमेंट तथा आयुर्वेद की दृष्टि से भी यह पौधा काफी लाभप्रद है । उन्होंने बताया कि नए-नए बच्चों की नर्सरी तैयार कर पौध रोपण का प्रक्रिया सतत जारी रहेगा ।

# संयुक्त सचिव ने किया उचित दर की दुकानों का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मन्त्रालय भारत सरकार के संयुक्त सचिव राजेन्द्र कुमार द्वारा आज आकांक्षी जनपद बलरामपुर का भ्रमण कर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत संचालित योजनाओं की स्थिति की समीक्षा की गयी। उनके द्वारा विकास खण्ड तुलसीपुर के शीतलापुर ग्राम पंचायत में स्थित उचित दर दुकान का भौतिक सत्यापन किया गया और उस उचित दर दुकान से सम्बद्ध कार्डधारकों से बातचीत करके सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत उपलब्ध कराये जा रहे लाभों के सन्दर्भ में जानकारी प्राप्त की गयी। ÷वन नेशन वन राशनकार्ड÷ के बारे में उनके द्वारा कार्डधारकों से पूछा गया। कार्डधारकों ने बताया कि उनको ÷वन नेशन वन राशनकार्ड÷ के बारे में जानकारी है, जिसके तहत कोई राशनकार्ड धारक अपना खाद्यान्न देश के किसी भी उचित दर विक्रेता से खाद्यान्न प्राप्त कर सकता है। संयुक्त सचिव द्वारा कार्डधारकों को ÷मेरा राशन ऐप÷ मोबाइल में डाउनलोड करने का सुझाव दिया गया, इस ऐप से कोई कार्डधारक अपने राशनकार्ड



के विवरण के साथ ही साथ किसी भी उचित दर विक्रेता के स्टॉक के बारे तथा उचित दर विक्रेता के मोबाइल नम्बर की जानकारी कर सकता है।उचित दर विक्रेता की दुकान पर आवश्यक इन्फ्रास्टक्चर उपलब्ध पाया गया और यह दुकान अन्नपूर्णा भवन में संचालित है। ज्वाइन्ट सेक्रेटरी द्वारा उचित दर विक्रेता से ईपॉस मशीन संचालित करने, ईपॉस मशीन को ईवेइंग मशीन से लिंक होने के सम्बन्ध में जानकारी किया गया। साथ ही सभी कार्डधारकों के आधार सीडिंग एवं ई0के0वाई0सी0 के सम्बन्ध में जानकारी की गयी। ज्वाइन्ट सेक्रेटरी द्वारा उचित दर विक्रेता को सुझाव दिया गया कि अपनी आय बढ़ाने के लिए उसी उचित दर दुकान में ही कॉमन सर्विस सेन्टर, बैंकिंग सेवा, 5 कि0ग्रा0 वाले गैस सिलेण्डर की बिकी तथा निर्धारित नान पी0डी0एस0 सामग्री की भी बिक्री कर सकते हैं। वितरण की समीक्षा के दौरान कार्डधारकों ने बताया कि उचित दर विक्रेता द्वारा ईपॉस मशीन से खाद्यान्न का वितरण किया जाता है। उचित दर विकेंता द्वारा ग्राम पंचायत के कार्डधारकों का एक ह्वाट्सऐप ग्रुप बनाया गया है, जब खाद्यान्न का वितरण प्रारम्भ होता है, तो उसकी सूचना ग्रुप के माध्यम से विक्रेता द्वारा कार्डधारकों को दे दी जाती है। इसके अतिरिक्त ई0के0वाई0सी0 एवं राशन से सम्बन्धित अन्य सूचनाएं भी समय-समय पर उचित दर विक्रेता द्वारा उसी ह्वाट्सऐप ग्रुप के माध्यम से दी जाती है। एक ही बार में अपने राशन कार्ड का खाद्यान्न सभी कार्डधारक प्राप्त करते हैं। खाद्यान्न वितरण की जो पर्ची ईपॉस मशीन से निकलती है, उसे भी उचित दर विक्रेता द्वारा कार्डधारकों को दिया जाता है। ज्वाइन्ट सेक्रेटरी द्वारा सभी कार्डधारकों को बताया गया कि यदि उचित दर विक्रेता के वितरण के प्रति किसी प्रकार की शिकायत हो तो आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर अथवा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। कार्डधारकों से यह पूछा गया कि राशन कार्ड में किसी सदस्य का नाम जोड़वाने या निरस्त कराने के बारे में उनको जानकारी है या नहीं। कार्डधारकों ने बताया कि राशन कार्ड में यूनिट जोड़वाने अथवा यूनिट निरस्त करवाने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जाता है। उन्होंने कहा कि अनुचित खाद्यान्न का वितरण न हो तथा वास्तविक लाभार्थी को खाद्यान्न प्राप्त हो, इसके लिए सभी लाभार्थियों की ई0 के0वाई0सी0 किया जाना अनिवार्य है।

ग्राम पंचायत शीतलापुर के उचित दर विक्रेता की दुकान की समीक्षा के उपरान्त तुलसीपुर नगर पंचायत के अन्तर्गत स्थित श्री इरफान आलम की दुकान पर जाकर दुकान का भौतिक सत्यापन करते हुए उस दुकान से सम्बद्ध कार्डधारकों से वार्तालाप किया गया और योजनाओं के बारे में जानकारी एवं फीडबैक प्राप्त किया गया तथा उन्हें आवश्यक जानकारियों भी प्रदान की गयीं।

दोनों उचित दर विकेताओं की दुकान की समीक्षा के उपरान्त ज्वाइन्ट सेक्रेटरी द्वारा गैसड़ी में स्थित मार्केटिंग शाखा द्वारा संचालित गेहूँ कय केन्द्र की जाँच की गयी और वहाँ के इन्फ्रास्टक्र और खरीद से सम्बन्धित अभिलेखों का अवलोकन किया गया तथा कुछ किसानों से भी बातचीत की गयी।

संयुक्त सचिव, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मन्त्रालय भारत सरकार द्वारा किये गये भौतिक सत्यापन एवं समीक्षा के समय मौके पर कुमार निर्मलेन्दु जिला पूर्ति अधिकारी बलरामपुर, श्री निश्चल आनन्द जिला खाद्य विपणन अधिकारी , राजू रंजन क्षेत्रीय प्रबन्धक भारतीय खाद्य निगम एवं खाद्य तथा रसद विभाग के पूर्ति निरीक्षकगण उपस्थित रहे।

# सहायक विकासखंड अधिकारी हुए सेवानिवृत, नम आंखों से लोगों ने दी विदाई

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज तराई बलरामपुर**

सहायक विकास खंड अधिकारी के सेवानिवृत्त पर ब्लॉक परिसर मे विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्ति सहायक विकास खंड अधिकारी कृष्ण कुमार श्रीवास्तव विदाई समारोह में भाव विभोर हो गए। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रवीण सिंह विक्की व नवनियुक्त बीडीओ सुनील कुमार आर्य , प्रधान संघ अध्यक्ष जगदंबा प्रसाद मिश्र ने फूल मालाओं से लादकर रामायण का पुस्तक व स्मृति चिन्ह देकर ब्लॉक से नम आंखों से विदाई दी।

ब्लॉक में तैनात सेवानिवृत्ति सहायक विकासखंड अधिकारी कृष्ण श्रीवास्तव लगभग पांच साल तक ब्लॉक में तैनात रहकर सेवा दी। नम आंखों से उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल में सरकार के महत्वपूर्ण जन कल्याणकारी योजनाओं को गांव गांव तक पहुंचाने का कार्य किया गरीबों को न्याय दिलाने का कार्य किया है। ब्लॉक के अधिकारियों व



कर्मचारियों द्वारा मिले सम्मान को कभी नहीं भूल पाएंगे।

उनकी सेवानिवृत्ति होने पर थाना ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रवीण सिंह विक्की ने कहा कि उनकी कार्यशैली व ईमानदारी को कोई भी ब्लॉक कर्मी भूल नहीं सकेगा। जिस तरह से उन्होंने बलरामपुर जिले के विभिन्न ब्लाक में सेवा दिया है। जितनी प्रशंसा की जाए कम है। उनके इस कार्यशैली से युवा कर्मियों को सीख लेने की भी जरूरत है। सेवानिवृत्ति एडीओ पंचायत को रामायण पुस्तक भेंट की साथ हीबीडीओ सुनील ने उनको गले लगाकर भावभीन हो गए। सभी ब्लॉक कर्मचारी व प्रधान संघ की आंखें नम हो गई। सभी ने उनको गले लगाकर विदा किया। कार्यक्रम का संचालन एडीओ पंचायत मालिकराम मौर्य ने किया। इस दौरान सचिव श्यामलाल, प्रधान मंगल देव, गणेश प्रसाद, लक्ष्मी प्रसाद, मोनू सिंह, केसरी सिंह, मोहम्मद उमर, शब्बीर ,रमेश कुमार वर्मा धर्मेंद्र सिंह कुमार सहित तमाम पंचायतकर्मी मौजूद रहे।

# दीर्घकालिक रणनीतिक दृष्टिकोण के कार्यान्वयन को और अधिक बनाएगी मजबूत

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

एफआर0010221234 - यूरोनेक्स्ट पेरिस ध् लंदन स्टॉक एक्सचेंजरू ईटीएल) ने घोषणा की कि यूनाइटेड किंगडम, यूटेलसैट द्वारा 19 जून, 2025 को घोषित पूंजी वृद्धि में भाग लेने वाला है। इस अन्य महत्वपूर्ण संदर्भ शेयरधारक की अतिरिक्त भागीदारी होने के बाद, इस घोषित पूंजी वृद्धि से जुटाई जाने वाली कुल राशि बढ़कर यूरो 1.5 बिलियन हो जाएगी, जो यूटेलसैट के दीर्घकालिक रणनीतिक दृष्टिकोण के कार्यान्वयन को और अधिक मजबूत बनाएगी। महामहिम की सरकार, यूनाइटेड किंगडम के विज्ञान, नवाचार और प्रौद्योगिकी सचिव के माध्यम से, फ्रांसीसी राज्य (एपीई - एजेंसी डेस पार्टिसिपेशन्स डे ल एटेट के माध्यम से), भारती स्पेस लिमिटेड, सीएमए सीजीएम, और एफएसपी (सामूहिक रूप से रिजर्व्ड कैपिटल इंक्रीज इन्वेस्टर्स) के साथ 'आरक्षित पूंजी वृद्धि' (रिजर्व्ड कैपिटल इंक्रीज) और आरक्षित पूंजी वृद्धि के बाद उसकी शेयरधारिता के अनुपात में राइट्स इश्यू की सदस्यता लेने की प्रतिबद्धता में शामिल हुई है, कुल निवेश राशि यूरो 163.3 मिलियन है। आरक्षित पूंजी वृद्धि (रिजर्व्ड कैपिटल इंक्रीज) के निवेशकों की प्रतिबद्धताएं, कैलेंडर वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही के अंत के आसपास आयोजित होने वाली शेयरधारकों की असाधारण बैठक में शेयरधारकों के अनुमोदन, नियमित नियामक अनुमोदन, तथा आरक्षित पूंजी वृद्धि (रिजर्व्ड कैपिटल इंक्रीज) के बाद के स्वामित्व ढांचे को दर्शाने वाले संशोधित, सांठगांठ न करने वाले शेयरधारकों का समझौता (नॉन-कंसर्टिंग शेयरधारकों का समझौता) की पारस्परिक रूप से स्वीकार्य शर्तों के तहत उचित निष्पादन, इत्यादि के अधीन हैं।

# पति की हत्या में पत्नी व प्रेमी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## पति को नींद की गोली खिलाकर बुला लेती थी प्रेमी को

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

थाना बरला पुलिस ने सुरेश हत्याकांड को लेकर नया खुलासा किया है। इस हत्याकांड में पत्नी और उसके प्रेमी के शामिल होने का दावा किया गया है।

सीओ बरला गर्वित सिंह के अनुसार पति सुरेश की हत्या से पहले बीना और उसके प्रेमी दोनों में फोन पर लगातार बातचीत भी हो रही थी। बीना अपने पति की लोकेशन मनोज को बता रही थी। घटना से पहले बीना ने ही पति को घर के बाहर बैठने भेजा था। मृतक के भाई विजय जब गोली की आवाज सुनकर दौड़कर आए तो बीना मनोज से कह रही थी कि जितनी गोली मारनी है मार, मगर आज बचने न पाए। पुलिस के अनुसार यह सब आठ साल से चल रहा था, मगर पति बेवफा के इस रिश्ते को सिर्फ बच्चों की खातिर निभा रहा था। पत्नी के प्रेम संबंधों में बाधा बन रहे पति सुरेश की बृहस्पतिवार की गोली मारकर हत्या करा दी। बीना पिछले आठ साल से अपने पति को धोखा दे रही थी। पति दिल्ली में रहकर सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था। कभी हफ्ते में तो कभी दस दिन में घर आता था। तीन बच्चों की मां बीना की दीवानगी का आलम यह था कि वह अपने से छह वर्ष छोटे प्रेमी को जब मिलने बुलाती तो अपने बच्चों व पति को खाने में नींद की गोलियां खिलाकर सुला देती थी। यह बात पिता की हत्या के बाद स्कूल से थाने पहुंचे तीनों बच्चों ने पुलिस से कही। यहां तक कह दिया कि उनकी मां को जेल भेज दो। आरोपी के मोबाइल में दोनों के आपत्तिजनक वीडियो फोटो देख खुद पुलिस अधिकारी दंग रह गए। पुलिस मुकदमे की मजबूती के लिए इन साक्ष्यों को विवेचना में शामिल करेगी। पत्नी के अवैध संबंधों की जानकारी सुरेश को लंबे समय से थी। कई बार पंचायत तक हुई। बात थाने गई। मामले में खुद पति ने हत्यारोपी मनोज के खिलाफ लिखित शिकायत दी थी। मगर खुद महिला ने अपने प्रेमी का पक्ष लिया, इसलिए पुलिस उस शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं कर सकी। अगर कार्रवाई की होती तो शायद हत्या तक बात न पहुंचती,मगर इतने के बावजूद सुरेश अपनी पत्नी को सिर्फ बच्चों की परवरिश की खातिर निभाता रहा। महिला ने तो उसे रास्ते से हटाने की ही ठान रखी थी।

एसपी देहात अमृत जैन बताते हैं कि आरोपी के मोबाइल में दोनों के आपत्तिजनक वीडियो-फोटो भी मिले हैं। उन्हें देखकर उजागर हुआ है कि दोनों लंबे समय से इस प्रेम संबंध में थे।साथ में यह भी देखा जाएगा कि इस साजिश में कोई अन्य तो शामिल नहीं था, उसे भी विवेचना में उजागर होने पर आरोपी बनाया जा सकता है। फिलहाल हत्या व हमले की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है। बरला पुलिस ने दोनों आरोपियों को शुक्रवार को जेल भेज दिया है।

# आया सावन: शिवालयों में बम-बम भोले के जयकारे

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

शुक्रवार से सावन की शुरूआत हो गई है। शहर के शिवालयों बम-बम भोले के जयकारों से गूंज उठे। बड़ी संख्या में भक्तों ने भगवान भोलेनाथ पर जल और दूध अर्पित किया, बेलपत्र-धतूरा आदि चढ़ाकर पूजा की।

शहर के खेरेश्वर मंदिर, मंगलेश्वर महादेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर उनका पूजन किया। पहला सोमवार 14 जुलाई को पड़ रहा है।इसलिए मंदिरों में विशेष तैयारी की जा रही है। अचलेश्वर धाम मंदिर, खेरेश्वर धाम मंदिर एवं गभाना के श्री सिद्धनाथ भुमियां बाबा आश्रम में बैरिकेडिंग की गई है. सावन मास में भगवान शिवशंकर एवं माता पार्वती की विशेष पूजा-अर्चना का महत्व है। इसके साथ ही इस महीने में कांवड़ यात्रा करना भी शिव की आराधना में शामिल है।

सावन के पहले सोमवार को भक्तों की भीड़ मंदिरों में उमड़ेगी। वे मंदिरों में पहुंचकर शिवलिंग का अभिषेक करेंगे। इसके साथ ही रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय मंत्र का जाप आदि धार्मिक अनुष्ठान भी होंगे। शहर के सभी मंदिरों में सावन मेले की तैयारियां शुरू हो गई है। इस बार पहला सोमवार 14 जुलाई को पड़ रहा है। इसलिए मंदिरों में विशेष तैयारी की जा रही है। अचलेश्वर धाम मंदिर, खेरेश्वर धाम मंदिर एवं गभाना के श्री सिद्धनाथ भुमियां बाबा आश्रम में बैरिकेडिंग लगाई जा रही है, क्योंकि यहां बहुत भीड़ रहेगी।

# मण्डलायुक्त और डीआईजी ने भदेश्वरनाथ मंदिर का भ्रमण कर लिया जायजा, दिए निर्देश





■ भदेश्वरनाथ मंदिर से अयोध्या बॉर्डर तक कावंड़ यात्रा मार्ग का बस द्वारा भ्रमण कर लिया जायजा।

जन एक्सप्रेस। बस्ती

श्रावण मास कांवड़ यात्रा को लेकर मंडल आयुक्त अखिलेश सिंह व पुलिस उप महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती संजीव त्यागी डीएम व एसपी व अन्य अधिकारियों के साथ श्रावण मास कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत भदेश्वरनाथ मंदिर परिसर का भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लिया। मण्डलायुक्त व डीआईजी बस्ती द्वारा कांवड़ यात्रा, श्रावण मेला, रुट डायवर्जन, बैरिकेडिंग, पार्किंग व श्रद्धालुओ के भीड़ के दृष्टिगत सभी तैयारियां की समीक्षा कर सभी संबंधित विभाग को समस्त शेष कार्य समय से पूर्व करा लेने, सीसीटीवी लगाने, दो पहिया चार पहिया वाहनों की अलग-अलग पार्किंग की व्यवस्था करने, महिला-पुरुष दर्शनार्थियों की प्रवेश व निकास हेतु अलग-अलग लाइन की व्यवस्था करने, पर्याप्त पुलिस बल महिला,पुरुष की ड्यूटी ब्रीफ कर शिफ्टवार लगाने, ड्रोन कैमरा से निगरानी करने, गर्भगृह में सादे वस्त्रों में पुलिस बल की ड्यूटी लगाने, किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य दल एवं एंबुलेंस सेवा को तैनात करने, सड़क मार्ग में बने गड्ढो को भरने, बिजली के खंभों की गार्डिंग करने,जनपद मंदिर परिसर को जोन व सेक्टर में विभाजित कर मजिस्ट्रेट अधिकारीगण को नियुक्त करने आदि हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

इसके बाद सभी अधिकारीगण के साथ कांवड़ यात्रा के सुगम संचालन, श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्थाओं के मद्देनजर भदेश्वर नाथ मंदिर से अयोध्या बार्डर तक बस द्वारा भ्रमण कर कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान सम्पूर्ण कांवड़ मार्ग पर पड़ने वाले प्रमुख स्थलों, विश्राम स्थलों, जलापूर्ति केन्द्रों, चिकित्सा सहायता बिंदुओं, सुरक्षा चेक पोस्ट एवं यातायात व्यवस्था की स्थिति का प्रत्यक्ष अवलोकन किया तथा मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की गयी।

डीआईजी बस्ती द्वारा सभी को स्थानीय प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य, यातायात, अग्निशमन, विद्युत, पीडब्लूडी एवं अन्य संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।

जिससे श्रद्धालुओं कांवड़ यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इस दौरान अपर जिलाधिकारी श्री प्रतिपाल सिंह चौहान, अपर पुलिस अधीक्षक बस्ती श्री ओमप्रकाश सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, डीपीआरओ, क्षेत्राधिकारी सदर श्री सत्येन्द्र भूषण तिवारी, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली, यातायात प्रभारी सहित तमाम पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

## जौनपुर जफराबाद में कांवरियों पर हुई पुष्प वर्षा, गूंजा सौहार्द और एकता का संदेश

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जफराबाद शनिवार को जफराबाद कस्बे में कांवर लेकर काशी विश्वनाथ जलाभिषेक के लिए रवाना हो रहे कांवरियों पर नगर पंचायत जफराबाद की ओर से भव्य पुष्प वर्षा की गई। इस अवसर पर क्षेत्र में आपसी प्रेम, सौहार्द और सामाजिक एकता की अनूठी मिसाल देखने को मिली। हर हर महादेव कांवरिया संघ के नेतृत्व में कांवरियों का एक जत्था जफराबाद से रवाना हो रहा था।

मुख्य मार्ग पर नगर पंचायत जफराबाद के चेयरमैन प्रतिनिधि डॉ. सरफराज खान ने अपने सहयोगियों के साथ कांवरियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन पर पुष्प वर्षा की। डॉ. खान के इस से न सिर्फ कांवरियों में उत्साह दिखा, बल्कि उन्होंने आपसी एकता व सौहार्द देखकर प्रसन्नता भी व्यक्त की।

इस अवसर पर सभासद रविकांत मोदनवाल, जोगेंद्र निषाद, ओवैश खान, अजहर जमाल, शाहनवाज, विवेक जायसवाल, वेद प्रकाश, शिवम, सौरभ सहित अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। कांवरियों पर पुष्प वर्षा का यह दृश्य जहां धार्मिक श्रद्धा से ओतप्रोत था, वहीं सामाजिक समरसता और भाईचारे का भी जीवंत उदाहरण बना।

# डॉ. शकुंतला आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज का मना स्थापना दिवस

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



**गौराबादशाहपुर।** डा.शकुन्तला आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज नयनसंड, गौराबादशाहपुर जौनपुर का प्रथम स्थापना दिवस शनिवार को मनाया गया। स्थापना दिवस के मौके पर कालेज परिसर में पौधरोपण का कार्यक्रम हुआ। पौधरोपण कर उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लिया। इस दौरान कालेज के संस्थापक डा. राम अवध यादव ने कहा कि उन्होंने इस मेडिकल कॉलेज की स्थापना इसीलिए किया कि भारतीय चिकित्सा पद्धति/ आयुर्वेद को फिर से पुनर्जीवित कर इसे प्रधानमन्त्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में विश्व स्तर पर स्थापित किया जा सके। तथा भारत को विश्वगुरु बनाया जाए। इस दौरान कालेज की चेयरमैन डा. शकुन्तला यादव ने कहा कि हम चाहते हैं कि हमारे यहां के छात्र छात्रा अच्छी आयुर्वेदिक शिक्षा लेकर मरीजों का बेहतर इलाज करें और भारत का नाम दुनियाभर में रोशन करें।

कालेज की प्राचार्य डा. बीना त्रिपाठी ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि अपने कॉलेज में अच्छी शिक्षा देना।

स्थापना दिवस कार्यक्रम के दौरान ही स्त्री रोग एवं प्रसूति तंत्र की विशेषज्ञ डा. शैलेश्वरी यादव का जन्मदिन भी मनाया गया।

इस अवसर पर कॉलेज के संस्थापक डा. रामअवध यादव, चेयरमैन डा. शकुन्तला यादव, प्राचार्य डा. बीना त्रिपाठी, डा. अरुण तिवारी, डा. शैलेश्वरी यादव, डा. धर्मेंद्र प्रजापति, डा. विमलेश तिवारी, डा. गौरीशंकर यादव. डा. रुद्र प्रताप तिवारी, डा. सचिन यादव, सतेंद्र यादव और समस्त शिक्षक समस्त स्टाफ व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# जौनपुर जलालपुर त्रिलोचन महादेव मंदिर में ड्रोन कैमरे से होगी निगरानी

■ डीएम, एसपी ने त्रिलोचन महादेव मंदिर पर श्रद्धालुओं को वितरित किया रुद्राक्ष का पौधा, महिला पुलिसकर्मी संग सुरक्षा के रहेंगे पुख्ता इंतजाम

जन एक्सप्रेस। जौनपुर





जलालपुर पूर्वांचल के ऐतिहासिक शक्तिपीठ त्रिलोचन महादेव मंदिर पर शनिवार को जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चंद, पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ, सीडीओ ध्रुव खड़िया ने अपने पूरे प्रशासनिक अमले के साथ मौके का सूक्ष्म निरीक्षण किया। मंदिर परिसर में अंदर फूल माला बेचने वालों को छोड़कर अन्य सभी दुकानों को अधिकारियों ने सुरक्षा के मद्देनजर वहां से बाहर शिफ्ट करने का निर्देश दिया। कहा कि यह बाहर विद्यालय परिसर में लगवा सकते हैं। इस दौरान वहां आने वाले हजारों कांवरिया भक्तों की सुरक्षा के लिए ड्रोन कैमरे से हर पल की सख्त निगरानी के कड़े निर्देश दिए। पानी में किसी प्रकार का कोई हादसा न हो , इसके लिए अलग से गोताखोरों की टीम तैनात कर दी गई है। दो घंटे तक चले इस सूक्ष्म निरीक्षण के दौरान डीएम दिनेश चंद्र ने विद्युत विभाग के एक्सियन से मेला क्षेत्र में सभी लटके हुए विद्युत तारों को तुरंत हटवाने की बात कही। डीपीआरओ नवीन सिंह, एसडीएम केराकत राजेश चौरसिया, सीओ केराकत ने मंदिर कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक कर समस्या का बारे में जानकारी लिया। इसके बाद मंदिर परिसर का निरीक्षण कर कमियों को दुरुस्त करने का संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देश दिया। डीएम ने सीडीओ और डीपीआरओ को मंदिर परिसर की साफ सफाई सावन माह भर कराते रहने के लिए कहा। इसके लिए उन्होंने सफाई कर्मियों की ड्यूटी अलग-अलग रोस्टर के मुताबिक लगाने का भी निर्देश दिया। प्रभारी चिकित्साधिकारी डा.आलोक सिंह को मंदिर परिसर में स्टाल लगाने की बात कही। आपातकालीन सेवा के रूप में चिकित्सकों की पूरी टीम और एंबुलेंस मौके पर मौजूद रहेगा।

### डीएम एसपी ने वितरित किया 200 रुद्राक्ष का पौधा

जलालपुर। पौधारोपण के प्रति आम जनता में जागरूकता लाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र, एसपी डॉ कौस्तुभ ने शनिवार को त्रिलोचन महादेव मंदिर में निरीक्षण के बाद उपस्थित श्रद्धालुओं को 200 पौधा रुद्राक्ष का वितरित किया। उन्होंने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य हर नागरिक द्वारा एक पौधा मां के नाम लगाकर प्रदेश स्तर पर इस महा अभियान को सफल बनाने के लिए किया जा रहा है। एसडीएम ने प्रधान और सेक्रेटरी को विद्यालय परिसर में मिट्टी डलवा कर प्लेन करने का निर्देश दिया ताकि जमा पानी सूख जाए।

### मंदिर मार्ग पर बैरियर लगाने का निर्देश

जलालपुर। त्रिलोचन महादेव मंदिर में जलाभिषेक के लिए उमड़ने वाले हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से संजीदा है । वह किसी भी प्रकार की कोई चूक नहीं होने देना चाहता।

### मामले की गंभीरता को देखते हुए

पुलिस अधीक्षक डा.कौस्तुभ ने केराकत सीओ और थाना प्रभारी त्रिवेणी सिंह को मंदिर मार्ग पर बैरियर लगाने और हाइवे से लेकर मंदिर के सभी इट्री प्वाइंट पर सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से दुरुस्त करने का निर्देश दियाहै। मंदिर से 500 मीटर पहले ही भारी वाहनों के लिए पार्किंग एरिया बनाने की बात कही है। महकमें के आला अफसर का तेवर सख्त देख पुलिस बैरियर लगवाने में जुट गई हैं।

### चोर उचक्कों पर खास नजर रखेगा ड्रोन कैमरा

जलालपुर। पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुम्भ ने केराकत तहसील के सीओ, थाना प्रभारी को गोताखोर की व्यवस्था करने को कहा। यह भी निर्देश दिया कि मेला क्षेत्र में दर्शनार्थियों का चेन व अन्य सामान उडाने वाले चोर उचक्कों पर खास नजर रखी जानी चाहिए। बाकी टाकी व ड्रोन कैमरा लगाकर पूरे मेला परिसर की नगरानी कराना सुनिश्चित करने को कहा।

# बिना मान्यता के चल रहे स्कूलों पर गिरी गाज, जिलाधिकारी ने दी सख्त चेतावनी

जन एक्सप्रेस। जौनपुर


कार्यालय:-जिलाधिकारी, जौनपुर।
आदेश

जौनपुर शिक्षा के नाम पर चल रहे फर्जीवाड़े पर अब जिला प्रशासन ने शिकंजा कस दिया है। जिले में बिना मान्यता के संचालित हो रहे प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों को लेकर जिलाधिकारी ने बड़ा कदम उठाया है। अब ऐसे स्कूलों को न सिर्फ बंद किया जाएगा, बल्कि दोबारा संचालन करते पाए जाने पर उनके प्रबंधकों से जुर्माना भी वसूला जाएगा।

शासन स्तर तक शिकायतें पहुंचने के बाद निदेशक, बेसिक शिक्षा लखनऊ के निर्देश पर यह कार्रवाई की जा रही है। जिलाधिकारी ने शुक्रवार को एक सख्त पत्र जारी कर जनपद में तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन कर दिया है। समिति में संबंधित तहसील के उपजिलाधिकारी को अध्यक्ष, थानाध्यक्ष को सदस्य तथा खंड शिक्षा अधिकारी को सदस्य सचिव नामित किया गया है।

जिलाधिकारी का निर्देश है कि यह समिति अपने-अपने कार्यक्षेत्र में स्थलीय निरीक्षण कर बिना मान्यता के संचालित स्कूलों को तत्काल प्रभाव से बंद कराए। यदि कोई स्कूल बंद किए जाने के बाद फिर से चलता हुआ पाया गया, तो उसके प्रबंधक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए शिक्षा निदेशक के आदेशानुसार भारी जुर्माना लगाया जाएगा।

इस आदेश के बाद जिले भर के अवैध रूप से चल रहे स्कूलों में हड़कंप मच गया है। शिक्षा विभाग के सूत्रों की मानें तो दर्जनों ऐसे स्कूल हैं जो वर्षों से बिना किसी मान्यता के चल रहे हैं और बच्चों के भविष्य से खुला खिलवाड़ कर रहे हैं। अब ऐसे संस्थानों की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है।

जिलाधिकारी के इस निर्देश से यह स्पष्ट संकेत मिल रहा है कि अब शिक्षा के क्षेत्र में किसी तरह की लापरवाही और फर्जीवाड़ा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन की यह सख्ती कितनी कारगर साबित होती है, यह तो आने वाला वक्त बताएगा, लेकिन फिलहाल अवैध स्कूल संचालकों की नींद जरूर उड़ गई है।

## प्रेमिका ने ट्रेन से कटकर खुद को किया मौत के हवाले

जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर

मिर्जापुर जिले के जिगना थाना क्षेत्र के चडेरु चौकठा के पास डाउन लाइन रेल पटरी पर शुक्रवार की रात प्रेमी- प्रेमिका ने आत्महत्या कर लिया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों में चीख- पुकार मच गई। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। प्रयागराज जनपद के मांडा थाना क्षेत्र के महेवाकला गांव निवासी शुभम सोनकर (23) पुत्र नंदलाल इसी थाना क्षेत्र के चकडीहा गांव निवासी अंजली देवी (20) पुत्री राजेश वर्मा आपस में प्रेम करते थे। 13 मई से ही एक साथ दिल्ली रह रहते थे। शुभम के पिता ने बताया कि छह जुलाई को शुभम घर आया। शुक्रवार की शाम पांच बजे बड़े भाई सत्यम सोनकर से दिल्ली जाने के लिए किराया व खर्चा लिया। प्रेमिका अंजली को कहां रखा था, यह दोनों परिवार को पता नहीं था। इधर, जिगना थाना क्षेत्र के चडेरुचौकठा के पास डाउन लाइन पर रात 11 बजे ट्रेन के सामने दोनों लेट गए। ट्रेन की चपेट में आने से दोनों की मौत हो गई। ट्रेन चालक की सूचना पर स्टेशन मास्टर ने जिगना पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को रेलवे लाइन से हटवाया। युवक के परिजनों को सूचना दी।

# स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली गई रैली

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



जफराबाद सिरकोनी विकास खंड अंतर्गत शनिवार को स्कूल चलो अभियान व नामांकन रैली का आयोजन पूर्व माध्यमिक विद्यालय नेहरूनगर व कौशल्या देवी प्राथमिक विद्यालय हूसेपुर में आयोजित हुआ। यहां मौजूद गांव के दर्जनों नागरिकों ने अपने-अपने बच्चों का नामांकन नजदीक के सरकारी विद्यालयों में कराने पर जोर दिया। कहा कि बच्चों के लिए प्रदेश सरकार तमाम सुविधाएं दे रही है। हमें हर हालत में उन्हें शिक्षित बनाकर समाज की मुख्य धारा में शामिल करना है। न्याय पंचायत स्तरीय संयुक्त स्कूल चलो अभियान व नामांकन रैली का शुभारंभ ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी अमरेश कुमार सिंह व नोडल शिक्षक संकुल डॉ.आशीष कुमार श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली का नेतृत्व करते हुए उनके साथ सिरकोनी ब्लाक के एकेडमिक रिसोर्स पर्सन क्रमशः विक्रांत जायसवाल, विनय कुमार यादव, मनोज कुमार यादव तथा नोडल शिक्षक संकुल क्रमशः डॉ.आशीष कुमार श्रीवास्तव व अविनाश कुमार यादव तथा न्याय पंचायत नेहरूनगर के सभी प्रधानाध्यापक मौजूद रहे। बच्चों की रैली को मुख्य मार्ग से गांव की बस्ती की ओर ले गए। पूरे रास्ते स्कूल चलो अभियान व नामांकन से सम्बंधित प्रेरणा गीत बजता रहा। बच्चे व शिक्षक प्रेरक नारे व जयघोष लगाते हुए आस-पास के निवासियों व अभिभावकों को अपने 6 वर्ष की आयु के बच्चों का निकट के परिषदीय विद्यालयों में नामांकन कराने हेतु जागरूक व प्रेरित किये। अभिभावकों ने भी अपने स्तर से परिषदीय विद्यालयों में अधिक से अधिक नामांकन कराने हेतु प्रयास करने की बात कही। रैली में दोनों विद्यालयों के बच्चों के साथ भगेलूराम, विनोद कुमार सिंह, राजकुमार यादव, धर्मराज, सुनील कुमार सिंह, संघमित्रा, अरुणा सिंह, शिवांकी सिंह, आस्था राजपूत, शिक्षक गण क्रमशः अरुण कुमार सिंह, विनय कुमार, मनीष कुमार सिंह, अतुल कुमार सिंह, डॉ. प्रतिमा सिंह, शिप्रा सिंह, शिक्षा मित्र क्रमशः आनन्द कुमार यादव, किरन श्रीवास्तव अन्य मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन न्याय पंचायत नेहरूनगर के नोडल शिक्षक संकुल डॉ. आशीष कुमार श्रीवास्तव ने किया।

# वृक्ष धरा के भूषण, करते दूर प्रदूषण



■ एक वृक्ष माँ के नाम卐के आधार पर स्कूल के बच्चों द्वारा रोपण किया गए सैकड़ों पौधे

जन एक्सप्रेस जौनपुर

श्रावण मास के पहले दिन पार्थ ग्लोबल एकेडमी सहकारी कालोनी पूर्वी रुहट्टा जौनपुर शहर के सभी छात्र छात्राओं एवं अध्यापिकाओं ने स्कूल कैम्पस में कुल 100 से अधिक छायादार वृक्षों का रोपण किया। सभी बच्चों ने बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल के निर्देशन में, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन एक वृक्ष माँ के नाम पर बढ़-चढ़ कर वृक्षारोपण किया, तथा शपथ ली, कि जब तक इस विद्यालय में रहूँगा, इसकी समय-समय पर सेवा और संरक्षण करता रहूँगा। जब कभी कैंपस में मेरा आना होगा, मैं अपने द्वारा लगाये गये पौधों को देखकर अत्यंत खुशी महसूस करूंगा। अन्त में अफ़्शा, अशियम आदि सहित स्कूल के समस्त बच्चों और छात्र छात्राओं को अध्यापिकाओं प्रतिभा सिंह,रश्मि सिंह, निहारिका शर्मा,साक्षी सोनी,श्वेता सिंह, सोनम मिश्रा,स्वाती श्रीवास्तवा एवं पार्वती मौर्या द्वारा वृक्षारोपण के महत्व को बताया गया कि किस प्रकार वृक्ष पर्यावरण को शुद्ध बनाते हैं, एवं हमें जीवन भी देते हैं, इसी लिए धर्म में कहा गया है कि एक वृक्ष दस पुत्र समान है जलवायु को शुद्ध रखने का एक ही माध्यम सबसे सरल है, वह है वृक्षारोपण। अन्त में विद्यालय की प्रधानाचार्या शिप्रा सिंह ने सभी बच्चों एवं अध्यापिकाओं को धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं सभी शिक्षिकाओं के साथ साथ प्रबन्धक डॉ0 सत्येन्द्र प्रताप सिंह एवं डॉ0 सरोज सिंह तथा अन्य शिक्षणेत्तर कर्मचारी पवन अग्रहरि, राजमन राव, प्रशान्त, करन कुमार, राधिका आदि लोग भी उपस्थित रहे।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर

नरायनपुर। अदलहाट थाना क्षेत्र के ग्राम सभा भभुआर में बृहस्पतिवार की रात को रेल लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से विपिन ओझा (37) गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे ट्रॉमा सेंटर वाराणसी पहुंचे, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई।

भभुआर निवासी विपिन ओझा परिवार के आशीष ओझा के साथ गांव में ही रेल लाइन के पार स्थित अपने मकान पर जा रहा था। आशीष ने बताया कि रेल लाइन पार करते समय मुगलसराय की ओर से आ रही ट्रेन को देख कर उसने आवाज दी लेकिन विपिन ने ध्यान नहीं दिया। ट्रेन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हुए विपिन को परिजन ट्रॉमा सेंटर वाराणसी ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

विपिन की दो बेटियां धीरी व साक्षी हैं।

वह रियल स्टेट का काम करता। वाराणसी में पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी होने के बाद परिजन शव लेकर घर आए।

पिता श्रीकांत ओझा ने बताया कि ट्रेन की चपेट में आने से विपिन गंभीर रूप से घायल हो गया था। वाराणसी में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## मुफ़्त सिलाई प्रशिक्षण से हुनरमंद और आत्मनिर्भर बनेंगी युवतियां: नितेश शर्मा

जन एक्सप्रेस। बस्ती

ग्रामीण क्षेत्र के युवतियों को हुनरमंद बनाने के लिए शनिवार को नगर पंचायत भानपुर के जगदीशपुर वार्ड में रूरल अवेयरनेस फॉर कम्युनिटी इवोलूशन के द्वारा संचालित निश्शुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य नितेश शर्मा ने पूजन अर्चन के साथ फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि नितेश शर्मा ने कहा कि प्रशिक्षण की इच्छुक माताएं व बहने मन लगाकर प्रशिक्षण प्राप्त करें।

यहाँ रेडीमेड गारमेंट और सिलाई कढ़ाई का प्रशिक्षण लेने के बाद आपको किसी के आश्रित नहीं रहना पड़ेगा। इस निश्शुल्क प्रशिक्षण से आप सभी आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार का सहारा बनेंगी। कहा कि सामाजिक संस्था रूरल अवेयरनेस फॉर कम्युनिटी इवोलूशन के प्रयास से ग्रामीण क्षेत्र की अनेक युवतियां हुनरमंद होकर अपने सपनों को साकार करेंगी। भाजपा नेता ने कहा महिला सशक्तिकरण व सिलाई प्रशिक्षण केंद्र आज के समय में बेटियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण प्रशिक्षण है। प्रशिक्षण केंद्र के व्यवस्थापक रामशंकर चौहान ने बताया कि यहां पर तीन बैच में 100 युवतियों को निश्शुल्क सिलाई का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

उद्घाटन कार्यक्रम में राम भारत यादव, संतोष चौहान, आकाश चौधरी, विपिन कुमार, चंद्रभान चौहान, राधा चौहान, दुर्गावती, पुष्पा, कुसुम, पूनम, नीलम, संगीत देवी, प्रमिला देवी, गायत्री देवी सहित बड़ी संख्या में मातृ शक्ति की मौजूद रही।

## आकाशीय बिजली गिरने से हुई युवक की मौत

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। मछली शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत जमालपुर निवासी धर्मेंद्र यादव पुत्र गौरी शंकर रूप भोलानाथ उम्र 28 वर्ष की आकाशी बिजली गिरने से मौत हो गई धर्मेंद्र अपने खेत में धान के फसल की रोपाई करवा रहा था कि अचानक बरसात प्रारंभ हो गई जिसके कारण पेड़ के नीचे छाया में बैठ गया तभी अचानक मौत मौत का कहर बनकर ए आकाश से बिजली से धर्मेंद्र का पूरा शरीर झुलस गया परिजन तत्काल उसे ष्द्धष् मछली शहर पर ले गए डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। मृत्यु की खबर सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया धर्मेंद्र को एक लड़का है इस मनहूस खबर से क्षेत्र में शोक छाई हुई है। ष्द्धष् मछली शहर के डॉक्टर ने पुलिस को सूचना दी।पुलिस द्वारा विधि कार्रवाई की जा रही है।

# लालगंज पुलिस की नाकामी! 53 दिनों में दुष्कर्म हत्या के मामले में खाली हाथ

# मासूम बालिका से दुष्कर्म, हत्या मामले में राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। बस्ती



5 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म हत्या के मामले में लालगंज पुलिस की नाकामी के चलते 53 दिन बीत गया लेकिन लालगंज पुलिस हवा में तीर चला रही है। पुलिस की लापरवाही के चलते अब तक खुलासा नहीं हो सकता है। सिद्धनाथ गांव में 5 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुराचार, हत्या मामले में पुलिस द्वारा खुलासा न किये जाने से रोष का माहौल है। 18 मई को घटित इस घटना के बारे अभी तक पुलिस के हाथ खाली है। शनिवार को भारत मुक्ति मोर्चा जिलाध्यक्ष आर.के. आरतियन के नेतृत्व में मोर्चा पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को 5 सूत्रीय ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में कहा गया है कि एक सप्ताह के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा कराया जाय और मृतक मासूम बच्ची के परिवार को एक करोड़ रूपये का मुआवजा देने के साथ ही उसके पिता के इलाज की व्यवस्था, परिवार में एक सरकारी नौकरी, सरकारी आवाज, जमीन उपलब्ध कराया जाय। मुक्ति मोर्चा जिलाध्यक्ष आर.के. आरतियन ने ज्ञापन देने के बाद कहा कि 5 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुराचार, हत्या के गंभीर मामले में लालगंज पुलिस के जांच की रफ्तार बहुत धीमी है। ऐसे में राज्यपाल स्वयं संज्ञान में लेकर पुलिस महानिदेशक से मामले की जांच कराकर सम्बंधित जांच अधिकारियों को निलम्बित कर नये सिरे से जांच कराकर हत्या मामले का खुलासा कराये। ज्ञापन सौंपने वालों में साधूशरन आर्य, गौरीशंकर कन्नौजिया, रामलौट सीपीएमएल, हृदय गौतम, दयानिधि आनन्द लवकुश राव, राजेश, जिग्नेश, अजय कुमार, शिवाजी पासवान, राहुल आजाद आदि शामिल रहे।

# तहसीलदार के निर्णय से आहत किसान ने खायी कीटनाशक दवा, गम्भीर

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**



**सिरौलीगौसपुर।** भूमि संबंधित वाद में तहसीलदार के निर्णय से आहत किसान ने खरपतवार नाशक दवा पीकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। इसकी जानकारी जब परिजनों को हुई तो वह उसे एक निजी अस्पताल में ले जाकर उपचार कराकर घर ले आये किंतु उसकी स्थिति में सुधार न होता देख पुनः किसी अस्पताल में ले जाकर भर्ती करवाया है। किसान की हालत गंभीर बनी हुई है। वही इस घटना के बाद से तहसील प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है।थाना सफदरगंज क्षेत्र के ग्राम परसा निवासी लल्लाराम शोभाराम व लायकराम पुत्रगण आसाराम बनाम गूना उर्फ शीतलदेइ पत्नी बालगोविंद निवासी ग्राम गुलवरिया थाना करनैलगंज जनपद गोंडा का भूमि संबंधित वाद तहसीलदार न्यायालय सिरौलीगौसपुर में चल रहा था जिसमें पूर्व में हुए एक आदेश के विरुद्ध वादी लालाराम पक्ष द्वारा की गई अपील पर तहसीलदार न्यायालय सिरौलीगौसपुर में सुनवाई चल रही थी। इसी बीच तहसील में कार्यरत तहसीलदार अन्ययत्र स्थानांतरण के बाद तहसीलदार रामसनेहीघाट महिमा मिश्रा को तहसील सिरौली गौसपुर का अतिरिक्त प्रभार सौपा गया था। तहसीलदार ने इस मामले में उपजिलाधिकारी के आदेश पर सुनवाई करते हुए 9 जुलाई को दोनों पक्षों के साक्ष्यों का अवलोकन करते हुए 11 जुलाई के लिए आदेश सुरक्षित कर दिया और 14 जुलाई की तारीख लगाकर प्रतीक्षा नोटिस तमिला कराया गया। इसी प्रकार एक दूसरे वाद रमेश बनाम छक्कन के मामले में भी तहसीलदार द्वारा 11 जुलाई को आदेश सुरक्षित करते हुए 15 जुलाई को साक्ष्य वादी को तारीख लगा दी गई।इसी बीच अचानक 11 जुलाई को ही नए तहसीलदार की नियुक्ति हो गई।नए तहसीलदार के पदभार ग्रहण करने के दिन ही अग्रिम कार्यवाहियों के लिए नियत पत्रावलियों में सीधे 11 जुलाई को आदेश सुरक्षित करने के बाद स्थानांतरण की सूचना पाते ही तहसीलदार महिमा मिश्रा ने इन दोनों वादों का निस्तारण करते हुए बिना विधिक प्रक्रियाओं को अपनाते हुए अंतिम आदेश पारित कर दिया। विपक्ष में आदेश पारित होने की सूचना मिलते ही वादी लल्लाराम बेचैन हो गया और रात में घर में रखा खरपतवार नाशक दवा पी लिया जिसके बाद उसकी हालत खराब होने पर परिवार में हड़कंप मच गया।आनन फानन में परिजन उसे किसी निजी अस्पताल में भर्ती कराकर उपचार कराया रात भर उपचार के बाद सुबह उसे घर ले आए और छप्पर के नीचे उसे लिटा कर ग्लूकोज की बोतल चढ़ाते रहे। किंतु उसकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। घटना की सूचना उपधिकारी प्रीति सिंह तक पहुंची इसके बाद उन्होंने तहसीलदार बालेंदु भूषण वर्मा को पीड़ित किसान के घर भेजा।पीड़ित किसान के घर पहुचकर तहसीलदार ने हाल-चाल जानने के साथ इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। पीड़ित किसान के पुत्र शमशेर वर्मा ने बताया कि हमारा भूमि संबंधित वाद तहसीलदार न्यायालय में विचाराधीन था जिसमें 9 जुलाई को तहसीलदार महिमा मिश्रा ने सुनवाई किया। 9 जुलाई की सुनवाई के बाद सीधे 11 जुलाई को विपक्ष के पक्ष में ऑर्डर कर दिया गया। शाम को हम खा पी कर लेट गए उसके बाद हमारे पिताजी की तबीयत खराब हो गई पता किया तो उन्होंने बताया कोई प्वाइजन पी लिया जिससे उनकी हालत बिगड़ गई । उन्होंने बताया कि एक बाहर की महिला ने कूट रचित दस्तावेजों के सहारे हमारे घर की महिला होने का दावा करके मुकदमा कर दिया है।

जबकि वह हमारे घर की महिला नहीं है। हमें न्याय दिया जाए। सिरौली गौसपुर एसडीएम प्रीति सिंह ने इस मामले का संज्ञान लेते हुए दोनों वादों की पत्रावलियां तलब कर मामले की जांच शुरू कर दिया है । वही इस संबंध में रामसनेहीघाट की तहसीलदार महिमा मिश्रा ने बताया कि हमने कोई गलत कार्य नहीं किया है नियमानुसार ही कार्य किया है। उन्होंने बताया ऑनलाइन डेटा में लगी तारीखे कंप्यूटर ऑपरेटर की गलती से लगी है। एसडीएम सिरौलीगौसपुर प्रीति सिंह ने बताया कि दोनों मामलों की पत्रावलियां सुरक्षित कर दी गई है। और जांच की जा रही हैं।

# संगठनों के अध्यक्षों की हुई बैठक, बनी रणनीति




**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

विभागों के संगठनों के अध्यक्ष, मंत्री एवं सक्रिय सदस्यों की एक बैठक आज स्वर्ण जयंती सभागार, विकास भवन में संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित संगठनों के पदाधिकारियों ने एक स्वर से निर्णय लिया कि जनपद स्तर की समस्याओं से निपटने के लिए हम सभी विभागों के संगठनों को एक मंच पर आना आवश्यक है। इसी क्रम में आज कर्मचारी-शिक्षक महासंघ बाराबंकी का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से संरक्षक मंडल में डॉ आर पी सिंह बिसेन अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, मोहम्मद मुस्तफा खान अध्यक्ष विकास भवन कर्मचारी परिषद तथा राम चरण यादव अध्यक्ष चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महासंघ का चयन किया गया। संयोजक मंडल में अवनीश द्विवेदी वन विभाग, गौरव वर्मा पशुपालन, राजेश मिश्रा संग्रह अमीन, धर्मराज सिंह पंचायती राज, रमेश वर्मा अध्यक्ष फार्मेसिस्ट फेडरेशन, अभिषेक सिंह बेसिक शिक्षा विभाग, कासिम अंसारी अल्पसंख्यक कल्याण, राजू धानुक पंचायती राज विभाग का चयन किया गया. कार्यालय सचिव पद पर धर्मेंद्र कुमार सिंह स्वास्थ्य विभाग तथा आशीष कुमार रोडवेज विभाग का चयन किया गया। कोषाध्यक्ष पद पर सुधीर कुमार पंचायती राज विभाग का चयन किया गया।

आज बैठक में त्वरित क्रिया दल का भी गठन किया गया जिसमें फूलचंद वाहन चालक संघ, शहाब खालिद अल्पसंख्यक विभाग, आनंद चौधरी स्वास्थ्य विभाग, डॉ कमल कुमार सिंह स्वास्थ्य विभाग तथा राकेश कुमार पशुपालन विभाग का चयन किया गया।

प्रिंट मीडिया के लिए अशोक कुमार पंचायती राज विभाग तथा सोशल मीडिया के लिए पीयूष कुमार शुक्ला लोक निर्माण विभाग का चयन किया गया।

ऑडिटर पद पर वीर प्रकाश वर्मा स्वास्थ्य विभाग का चयन किया गया। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने निर्णय लिया कि आगामी बैठक 25 जुलाई को आयोजित की जाएगी उसमें जो विभाग किसी कारण आज की बैठक में नहीं शामिल हो पाए उनको बुलाकर शामिल किया जाएगा तथा कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा।

# पीसीएफ को आवंटित हुई 590 मी.टन डीएपी खाद: राजितराम

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

जिला कृषि अधिकारी राजितराम ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी दी है कि जनपद में एक रैक चम्बल यूरिया एवं एक रैक एनएफएल डीएपी की प्राप्त हुई है, जिसका रैक पर निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान कम्पनी के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि यूरिया 1534.68 मी.टन तथा डीएपी 1184.00 मी.टन जनपद को प्राप्त हुई है, जिसमें से 40 प्रतिशत स्टाक 613.89 मी.टन यूरिया तथा 590.00 मी.टन डीएपी पीसीएफ को आवंटित की गयी है, जिसके सम्बन्ध में मौके पर उपस्थित पीसीएफ के प्रतिनिधि राहुल वर्मा को निर्देशित किया गया कि आवंटित यूरिया एवं डीएपी सीधे रैक से ही समितियों पर त्वरित गति से प्रेषण सुनिश्चित करें। कम्पनी के प्रतिनिधियों को भी निर्देशित किया गया कि सहकारी एवं निजी बिक्री केन्द्रों पर जो भी उर्वरक आपूर्ति हो रही है, उसका तत्काल आईडी उपलब्ध करा दे, ताकि कृषकों में किसी प्रकार की वितरण में समस्या न उत्पन्न होने पायें। जिला कृषि अधिकारी द्वारा तहसील नवाबगंज एवं रामनगर क्षेत्र 14 उर्वरक बिक्री केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यादव बीज भण्डार, न्यू किसान ड्रीम सेन्टर-त्रिलोकपुर, दीक्षित खाद भण्डार रामनगर का प्रतिष्ठान बन्द पाये जाने पर इनका उर्वरक विक्रय प्राधिकार-पत्र निलम्बित किया गया। जांच के दौरान इफको केन्द्र पर यूरिया एवं डीएपी की बिक्री केन्द्र प्रभारी द्वारा की जा रही थी, केन्द्र प्रभारी द्वारा बताया गया कि शनिवार को 12 बजे तक ही केन्द्र ओपन रहता है, इस सम्बन्ध में कृषकों की संख्या को देखते हुए केन्द्र प्रभारी को निर्देशित किया गया कि सभी कृषकों को उर्वरक उपलब्ध कराने के पश्चात ही केन्द्र बन्द करेगें। साधन सहकारी समिति रामनगर पर निरीक्षण के दौरान सचिव ललित शर्मा द्वारा डीएपी का वितरण किया जा रहा था, जिला प्रबन्धक पीसीएफ को दूरभाष पर आज चम्बल की लगी रैक से तत्काल यूरिया उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिया गया। सहकारी संघ रामनगर, निरीक्षण के दौरान कोई उर्वरक उपलब्ध नहीं पायी गयी, इस सम्बन्ध में भी जिला प्रबन्धक, पीसीएफ को एक गाड़ी डीएपी एवं एक गाड़ी यूरिया का तत्काल प्रेषण कराये जाने हेतु निर्देश दिया गया। कृषकों को किसी प्रकार की उर्वरक हेतु असुविधा न हो इसके लिए जिला कृषि अधिकारी कार्यालय में कन्ट्रोल रूम स्थापित है, जिसका नं0 9116295764 है, जिस पर कृषक भाई अपनी उर्वरक से सम्बन्धित किसी प्रकार की शिकायत पूर्वान्ह 10:00 बजे सायं 05 बजे तक दर्ज करा सकते है।

# ग्राम प्रधान ने किया पौधरोपण



**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

सिरौलीगौसपुर। क्षेत्र की ग्राम पंचायत परसा में हरियाली अभियान चलाया जा रहा है। ग्राम प्रधान शोभा वर्मा ने शनिवार को गांव के विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण किया।उन्होंने खेल मैदान, पंचायत भवन परिसर और कंपोजिट विद्यालय परिसर में फल, फूल और छायादार पौधे लगाए। प्रधान शोभा वर्मा ने बताया कि उनकी ग्राम पंचायत में अब तक 2150 पौधे लगाए जा चुके हैं।शोभा वर्मा ने ग्रामीणों से अपील की है कि हर व्यक्ति कम से कम एक पौधा अपनी मां के नाम पर लगाए। साथ ही उन्होंने लगाए गए पौधों की सुरक्षा और समय पर पानी देने की जिम्मेदारी भी ग्रामीणों को सौंपी। इस अभियान में शिक्षक प्रहलाद कुमार विमल ने भी योगदान दिया। उन्होंने करौरा गांव में स्कूली छात्राओं के साथ मिलकर अभिभावकों के घर पर पौधारोपण किया।

# मनाया गया गुरु पूर्णिमा उत्सव का कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**



संस्कार भारती अवध प्रान्त इकाई द्वारा लखपेड़ाबाग स्थित साहू पब्लिक स्कूल में गुरु पूर्णिमा का उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रख्यात समालोचक डा श्याम सुन्दर दीक्षित ने की। इस अवसर पर राजकीय इंटर कालेज के अवकाश प्राप्त अंग्रेजी प्रवक्ता एवं संस्कार भारती के पूर्व कोषाध्यक्ष मनोहर लाल वर्मा गुरु जी का पूजन वंदन रोली चंदन, अंग वस्त्र ,प्रतीक चिन्ह, श्रीफल,गीता की पुस्तक, छाता आदि उपहार भेंट कर अभिनंदन किया गया। प्रांतीय उपाध्यक्ष शिव कुमार व्यास ने एमएल वर्मा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को रेखांकित करते हुए संस्था के कार्यों और उद्देश्यो पर चर्चा की। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं नटराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर हुआ। तत्पश्चात प्रभात दीक्षित द्वारा प्रशिक्षित बहार सुगम संगीत की प्रशिक्षु बालिकाओ के द्वारा ध्येय गीत एव सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई, कार्यक्रम का शुरुआती संचालन बाराबंकी इकाई के महामंत्री सूर्यांशु शर्मा ने किया। संस्था अध्यक्ष रवि अवस्थी एवं कोषाध्यक्ष प्रदीप महाजन ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र प्रदान कर स्वागत किया। आज के कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय कवि संगम के काशी प्रांत के अध्यक्ष अटल नारायण उपस्थित रहे।

इस अवसर पर एक काव्यगोष्ठी आयोजित की गई जिसका संचालन रामकिशोर तिवारी किशोर ने किया। जिसमें उपस्थित सभी कवियों ने काव्यपाठ किया।

इस मौके पर अजय प्रधान, डॉ. अम्बरीष अम्बर, ओ.पी. वर्मा ओम, राजकुमार सोनी, रवि अवस्थी, डॉ. पुष्पेंद्र, डॉ. विनय दास, अजीत प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# कानपुर से उन्नाव को जोड़ने वाले जाजमऊ पुल से निकलते समय रहें सावधान



**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**

लखनऊ से कानपुर को जाने वाला नेशनल हाईवे जिसमें जाजमऊ पुल पर आए दिन गड्ढे होने के कारण होते हैं हादसे उन्नाव में लखनऊ से कानपुर को जोड़ने वाला नेशनल हाईवे जहां पर रोजाना आवागमन हेतु कई वाहन गुजरते हैं परंतु उन्नाव से कानपुर को जोड़ने वाला जाजमऊ पुल जो की काफी समय से क्षतिग्रस्त है जगह-जगह पर गड्ढे होने के कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं परंतु लखनऊ कानपुर के मुख्य हाइवे पर सरकार नहीं दे रही कोई ध्यान जिसके चलते रोजाना आम जनता हो रही है हादसों का शिकार ।सड़क पर गिट्टी बिखरने से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। देश में खराब सड़कों के कारण प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2022 में 4,61,312 सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं। इन हादसों में एक बड़ा कारण खराब सड़कें भी हैं। वर्षा के बाद ज्यादातर सड़कों को मरम्मत की जरूरत पड़ती है। पानी भरने की वजह से सड़कों पर गड्ढे हो जाते हैं, जिससे हादसे बढ़ जाते हैं। जनता हमेशा नेशनल हाईवे से गुजरने के लिए टोल टैक्स भी देती है उसके बावजूद जनता की सुविधाओं का ध्यान नहीं रखा जाता जिसके चलते लोगों के वाहन भी क्षतिग्रस्त हो जाते हैं और कई लोगों के परिवार उजड़ जाते हैं।

# प्रशिक्षण के लिए रवाना हुई दुर्गा वाहिनी की बहने



**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

अयोध्या जी कारसेवकपुरम में आगामी 13 जुलाई को होने वाले क्षेत्रीय बाल संस्कार केन्द्र प्रशिक्षण वर्ग के लिए शनिवार प्रातः बाराबंकी जंक्शन से मातृशक्ति एवं दुर्गा वाहिनी तीन दर्जन बहनें प्रतिभा करने के लिए ट्रेन से रवाना हुई। विष्व हिंदू परिषद विभाग संगठन मंत्री इंद्रेश जिलाध्यक्ष रामनाथ मौर्य जिला मंत्री राहुल कुमार ने वर्ग में जा रही बहनों को अंग वस्त्र पहनकर उत्सवर्धन किया। दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में जिले की बहनें बाल संस्कार केंद्र के संचालन के गुर सीखेंगी और बाल संस्कार केंद्र के माध्यम से भारतीय सनातन संस्कार कि बच्चों में अलख जगाएंगी। इस अवसर पर दुर्गा वाहिनी विभाग संयोजिका नेहा जिला उपाध्यक्ष सुषमा दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका, सरिता, जिला गौरक्षा प्रमुख संतोष अवस्थी, बजरंगदल के रवि शुक्ला, धर्म जागरण जिला संयोजक अमित अवस्थी आदि उपस्थित रहे।

# नगर पालिका का विकास घरों के अंदर घुसा बारिश का पानी, जनता हुई परेशान




**अस्पताल के बाहर भी पानी भर जाने से मरीजों और तीमारदारों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बुजुर्गों को भी अस्पताल जाने में दिक्कतें आई।**

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**

शुक्लागंज में बारिश ने जनता की समस्याएं बढ़ा दी हैं। शनिवार को रात से ही आसमान में काली घटाएं छाई और देखते ही देखते कुछ ही देर में झमाझम बारिश शुरू हो गई सुबह की बारिश के बाद गलियों में पानी का भराव होने से घरों में लोगों के वहां गंदा पानी घुसने लगा बारिश के कारण गंगाघाट पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 27 सहित अधिकतर वार्डो की गलियां जलमग्न हो गईं। श्रीनगर, प्रेम नगर, इंदिरा नगर, विंदा नगर, राम नगर, सहमत नगर, कंचन नगर, गोपीनाथपुरम्, अंबिकापुरम्, सुभाष नगर और अन्य कई इलाकों में नालों के चोक होने से गंदा पानी सड़कों पर भर गया। लोगों को घरों में कैद रहना पड़ा। जरूरी काम से निकलने वालों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ा। बच्चे स्कूल नहीं पहुंच सके कई दुकानों और घरों में पानी घुस गया।



अस्पताल के बाहर भी पानी भर जाने से मरीजों और तीमारदारों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बुजुर्गों को भी अस्पताल जाने में दिक्कतें आई। गंगाघाट कोतवाली में भी जबरदस्त जलभराव हुआ। मौसम को देखते हुए देर रात तक बारिश होने के संकेत मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में मध्यम से भारी बारिश की संभावना जताई है। परंतु पालिका द्वारा जिन क्षेत्रों में मुख्य रूप से विकास और सड़क निर्माण की ज़रूरतें थी वहां पर नहीं कराई गई बल्कि जो वार्ड पूरी तरह से विकसित थे वहां पर दोबारा मरम्मत के नाम पर गोलमाल कर दिया गया।

# संघर्षशील कार्यकर्ताओं से सुसज्जित कमेटी का होगा गठन: पुनिया

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

त्रिवेदीगंज, हैदरगढ़ एवं सुबेहा में संगठन सृजन अभियान 2025 ब्लॉक स्तर पर एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व सांसद डा. पीएल पुनिया एवं विशिष्ट अतिथि जिला प्रभारी दिनेश सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस मौके पर श्री पुनिया ने कहा कि जिस प्रकार ब्लॉक अध्यक्षों का गठन सुनिश्चित किया गया है, उसी प्रकार ब्लॉक स्तर पर ब्लॉक अध्यक्ष अपनी अपनी न्याय पंचायत स्तर एवं बूथ स्तर पर जल्द से जल्द कमेटियां गठित कर लें। श्री पुनिया ने कहा कि, संगठन सृजन अभियान का मकसद केवल कमेटियां गठन ही नही बल्कि स्वस्थ एवं संघर्षशील कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को बूथ स्तर पर अभियान चलाकर गठित करना है ताकि एक एक कार्यकर्ता समाज में फैली कुरीतियों तक अंकुश लगाने का कार्य कर सके। जिससे समाज में एक स्वच्छ वातावरण का माहौल बन सके और आने वाले समय में राहुल गांधी आने वाले समय में देश के प्रधानमंत्री बन सके और यह तभी सम्भव है जब बूथ स्तर तक जुझारू एवं संघर्षशील कार्यकर्ताओं से सुसज्जित कमेटी का गठन होगा। वहीं प्रदेशीय जनपदीय प्रभारी दिनेश सिंह ने कहा कि, संगठन सृजन अभियान नये व पुराने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाना।

# रामनगर समिति का निरीक्षण करने पहुंचे जिला कृषि अधिकारी

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

रामनगर। रामनगर सहकारी समिति पर शनिवार को जिला कृषि अधिकारी राजित राम ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान समिति पर डीएपी खाद का वितरण कार्य चल रहा था। अधिकारी ने वितरण व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया और मौजूद किसानों से सीधे संवाद किया। मौके पर किसानों से आवश्यक कागजातकृजैसे आधार कार्ड, खतौनी आदिकृकी जांच के बाद 1350 रुपये प्रति बोरी की दर से डीएपी खाद वितरित की जा रही थी। खाद लेने पहुंचे किसान राम सिंह मौर्य, रूपेंद्र यादव, गौरी शंकर और सीताराम मिश्रा ने बताया कि समिति से उन्हें बिना किसी परेशानी के निर्धारित दर पर समय से खाद उपलब्ध हो रही है। जिला कृषि अधिकारी ने वितरण रजिस्टर, स्टॉक विवरण और सत्यापन प्रक्रिया की जांच की और समिति की व्यवस्था को संतोषजनक बताया। उन्होंने समिति सचिव को निर्देश दिए कि खाद वितरण में पारदर्शिता एवं किसान हित सर्वोपरि रखा जाए कहा कि सरकार की मंशा है कि किसानों को समय से और सही मूल्य पर खाद उपलब्ध कराया जाए। रामनगर समिति में खाद वितरण की व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के समय समिति सचिव ललित कुमार शर्मा, सर्वदेव श्रीवास्तव प्रीतम सिंह, सहित समिति के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।



## एक्सप्रेस खबरें...

### दो बाइकों की भिड़ंत में घायल युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। मसौली।** बांसा बड़ागांव मार्ग पर स्थित हनुमान मंदिर के निकट आमने सामने दो बाईकों में हुई टक्कर में गंभीर रूप से घायल बीस वर्षीय युवक की इलाज के दौरान ट्रामा सेन्टर लखनऊ में मृत्यु हो गयी। बताते चले कि शुक्रवार की दोपहर करीब 12 बजे हनुमान मंदिर के निकट दो अपाचे बाइकों की आमने सामने हुई टक्कर में सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम कुड़ी निवासी अंकित यादव पुत्र सुभाष व दूसरी बाईक पर मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम बांसा निवासी करन पुत्र सुरेश, रंजीत पुत्र बाले व विनय मौर्य पुत्र ईष्वरदीन गंभीर रूप से घायल हो गये थे। जिनको जिला अस्पताल से ट्रामा सेन्टर लखनऊ रेफर किया गया था। जिसमें करन पुत्र सुरेशचंद्र वर्मा उम्र 20 वर्ष की मृत्यु हो गई। परिजनों के मुताबिक मृतक करन के पिता सुरेशचंद्र वर्मा की दो वर्ष पूर्व हार्ट अटैक के चलते मृत्यु हो गयी थी। एक मात्र संतान होने के कारण करन की मौत से बेवा माँ के सामने जीवन यापन की चुनौती बन गयी है। जानकारी होने पर मसौली पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### थाना समाधान दिवस पर पहुंचे डीएम-एसपी, सुनी समस्याएं

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। रामनगर।** शनिवार को थाना समाधान दिवस पर कोतवाली रामनगर में जनता की समस्याओं को सुनने के लिए जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय पहुंचे। थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना रामनगर में जनता की समस्याएं सुनी गई व उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। थाना रामनगर में जनसुनवाई के दौरान 02 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कराया गया। शेष प्रकरणों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर मामले के निस्तारण हेतु मौके पर रवाना किया गया। इसी प्रकार समस्त क्षेत्राधिकारी व प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा थाना समाधान दिवस पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुनकर उनके गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण कराया गया। समस्त थानों में कुल 46 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कराया गया।

### नशे में युवक ने फिर की आत्महत्या की कोशिश

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव। नवाबगंज।** परिजन से झगड़ कर फंदा लगाकर आत्महत्या का प्रयास कर रहे युवक को पीआरवी पुलिस ने दरवाजा तोड़ कर निकला और अपने पुलिस वाहन से तत्काल सीएचसी पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। युवक पहले भी आत्महत्या का प्रयास कर चुका है।सोहरामऊ थाना के गांव महनौरा निवासी अनूप सिंह (30) पुत्र मकरध्वज ने शनिवार दोपहर नशे में घर पहुंचा और पत्नी से विवाद करने लगा। पिता के डांटने पर युवक ने घर में दरवाजा अंदर से बंद करके पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या का प्रयास करने लगा तो परिजन ने पीआरवी पुलिस को फोन करके मदद मांगी। आरक्षी अखिलेश यादव व चालक रामपाल सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर उसे बाहर निकाला और अपने वाहन से तत्काल सीएचसी नवाबगंज पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।चचेरे भाई अभिषेक ने बताया अनूप अक्सर शराब पीकर घर में विवाद करता है। दो दिन पहले भी नशे में विवाद के बाद फांसी लगाने का प्रयास किया था।

### युवक के फांसी लगाने के मामले में पत्नी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव। नवाबगंज।** सोहरामऊ थाना क्षेत्र के दतौली गांव में 7 जुलाई को रात 8 बजे कमलेश यादव (30) नामक एक युवक ने अपने घर के कमरे में फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया था। जिसमें मौत का कारण हार्ट अटैक बताया गया था और बिसरा सुरक्षित रखा गया था।शनिवार को मृतक की पत्नी पूनम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पति का ग्राम पंचायत हसनापुर प्रधान के साथ पैसों का लेन-देन था। जब कमलेश ने प्रधान से अपने पैसे मांगे, तो प्रधान ने उन्हें देने से मना कर दिया। पूनम के अनुसार, इसी बात से आहत होकर उनके पति ने फंदे से लटककर अपनी जान दे दी।सोहरामऊ थाना प्रभारी शरद कुमार ने पुष्टि की है कि मृतक की पत्नी की तहरीर के आधार पर प्रधान चंद्रभान यादव के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# ‘कुर्सी ढूंढ़ना मुश्किल’, मौका मिलते ही बैठ जाओ डीके शिवकुमार के बयान से फिर सियासी भूचाल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बेंगलूरू



कर्नाटक की राजनीति में इन दिनों कुर्सी हर किसी की जुबान पर है। जिसे देखो वही इसी पर बात कर रहा है, कोई कह रहा है कि डीके शिवकुमार को सीएम बनना चाहिए तो वहीं कोई सिद्धारमैया को सीएम बने रहते देखना चाहता है। हालांकि खुद शिवकुमार या सिद्धारमैया खुलकर इस मसले पर कुछ नहीं बोल रहे उल्टा सरकार चलाने में वे किसी भी तरह से मतभेद से इनकार करते रहते हैं, लेकिन आज बोलते-बोलते राज्य के डिप्टी सीएम कुर्सी पर कुछ ऐसा बोल गए कि राज्य में सियासी भूचाल खड़ा हो गया। बैंगलोर बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित नादप्रभु केम्पेगौड़ा जयंती समारोह के उद्घाटन के मौके पर शिवकुमार की सीएम पद को लेकर टीस उभर आई और उन्होंने कहा कि कुर्सी ढूंढना मुश्किल है। जब आपको कुर्सी मिल जाए, तो आपको आकर उस पर ऐसे बैठना होगा कि फिर उठे ही ना। अब उनके इस बयान ने राज्य में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर चल रही अटकलों को और हवा दे दी है।

### शिवकुमार ने इशारों-इशारों में कह दी बड़ी बात

डीके शिवकुमार शुक्रवार को बैंगलोर बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित नादप्रभु केम्पेगौड़ा जयंती समारोह के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। यहां अपने संबोधन के दौरान उन्होंने यह टिप्पणी की। शिवकुमार ने वहां उपस्थित वकीलों को संबोधित करते हुए कहा कि मैं देख रहा हूं कि यहां बहुत सारी कुर्सियां खाली पड़ी हैं, इसके बावजूद कई वकील खड़े हैं। जबकि हम सभी एक कुर्सी खोजने के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। यहां बहुत सी कुर्सियां हैं, आकर बैठ जाइए। कुर्सी ढूंढ़ना मुश्किल है। जब मौका मिले तो आपको आकर इस पर बैठ जाना चाहिए। उसे खाली नहीं छोड़ना चाहिए। शिवकुमार ने आगे कहा कि आप लोगों को देख कर लगता है कि आप त्यागी(बलिदानी) हैं।

### कई और एलान भी किए

इस दौरान डीके शिवकुमार ने बार एसोसिएशन को समर्थन देने के लिए कई योजनाओं की भी घोषणा की इसमें केम्पेगौड़ा के नाम पर 10 एकड़ भूमि का आवंटन, वित्तीय अनुदान और वार्षिक पुरस्कार शामिल हैं। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन के विकास के लिए ग्रेटर बैंगलोर अथॉरिटी (जीबीए) से 5 करोड़ रुपये, केम्पेगौड़ा जयंती समारोह के लिए सालाना 5 लाख रुपये दिए जाएंगे और हर साल दो वकीलों को केम्पेगौड़ा पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

### क्या अभी भी सबकुछ ठीक नहीं

कांग्रेस में सत्ता-साझाकरण समझौते की अफवाहों के बीच शिवकुमार की इन टिप्पणियों ने नई अटकलों को हवा दे दी है, जबकि दोनों नेता नेतृत्व में किसी भी बदलाव से इनकार करते रहे हैं। खुद सिद्धारमैया कह चुके हैं कि वे अपना कार्यकाल पूरा करेंगे। उन्होंने बीते दिन ही कहा था कि वह पूरे पांच साल का कार्यकाल पूरा करेंगे और उन्होंने दावा किया कि उनके और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के बीच सत्ता में साझेदारी का कोई समझौता नहीं हुआ है। वहीं हाल ही में शिवकुमार ने भी कहा था कि सिद्धारमैया के नेतृत्व में किसी भी तरह के मतभेद की गुंजाइश नहीं है।

### सीएम ने स्वीकारा, शिवकुमार भी सीएम बनने के आकांक्षी

गुरुवार को मीडिया से बात करते हुए सीएम सिद्धारमैया ने स्वीकार किया कि शिवकुमार भी मुख्यमंत्री पद चाहते हैं और इसमें कुछ भी गलत नहीं है, लेकिन शिवकुमार ने खुद स्पष्ट किया है कि सीएम का पद फिलहाल खाली नहीं है। सिद्धारमैया ने कहा, उपमुख्यमंत्री शिवकुमार ने कभी यह नहीं कहा कि मुख्यमंत्री को बदला जाना चाहिए। मैं पूरे कार्यकाल के लिए सीएम हूं। मैं 2028 के विधानसभा चुनावों में भी पार्टी का नेतृत्व करूंगा। उन्होंने आगे कहा, हालांकि, मैं आलाकमान के आदेशों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। शिवकुमार और मैं, दोनों ही आलाकमान के फैसलों का पालन करने के लिए बाध्य हैं। फिलहाल, सत्ता-बंटवारे पर कोई चर्चा नहीं हुई है।

# पुष्कर शर्मा का केन्या टीम में चयन

## ‘पर्ल ऑफ अफ्रीका टी-20 टूर्नामेंट’ में दिखेगा जलवा

जन एक्सप्रेस। नैरोबी/हाथरस



उत्तर प्रदेश के छोटे से गांव ईसेपुर (हाथरस) से निकलकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के मंच तक का सफर तय करने वाले पुष्कर शर्मा ने एक नया इतिहास रच दिया है। केन्या में बस चुके पुष्कर का चयन केन्या की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम में हुआ है। वह 17 से 27 जुलाई 2025 तक युगांडा में आयोजित होने वाले ‘पर्ल ऑफ अफ्रीका टी-20 इंटरनेशनल टूर्नामेंट’ में केन्या का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस बहुप्रतीक्षित टूर्नामेंट में केन्या के अलावा युगांडा, नामीबिया (ए टीम), संयुक्त अरब अमीरात (श्व) और नाइजीरिया की टीमें हिस्सा लेंगी। क्रिकेट जगत की नजरें इस टूर्नामेंट पर टिकी हैं, और पुष्कर के चयन ने न सिर्फ केन्या बल्कि भारत के लोगों के लिए भी गर्व का क्षण ला दिया है।

### केन्या टीम में युवा जोश और अनुभव का संगम

केन्या टीम की 14 सदस्यीय सूची इस प्रकार है... 1. धीरन गोंडेरिया (कप्तान) 2. पुष्कर शर्मा 3. राकेप पटेल 4. व्रज पटेल 5. सुखदीप सिंह (विकेटकीपर) 6. तनज़ील शेख 7. लुकास ओलुओच 8. जसराज कुंडी 9. शेम नगोचे 10. विशाल पटेल 11. पीटर कोएच 12. जेरार्ड म्वेन्द्वा 13. फ्रांसिस मुतुआ 14. सचिन

*इस टीम में अनुभव और नई ऊर्जा का बेहतरीन संतुलन नजर आ रहा है। क्रिकेट प्रेमियों को उम्मीद है कि यह टीम इस टूर्नामेंट में केन्या को गौरव दिलाएगी और पुष्कर शर्मा अपनी बल्लेबाजी का जौहर दिखाएंगे।*

### पुष्कर को एक नई पहचान मिली

भारत में जन्मे पुष्कर अब केन्या के नागरिक हैं। केन्या में बसे प्रवासी भारतीयों के बीच पुष्कर को एक नई पहचान मिली है। उनकी यह उपलब्धि दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और खेल संबंधों को भी प्रगाढ़ करेगी। जन एक्सप्रेस की ओर से पुष्कर शर्मा को ढेरों शुभकामनाएं। अब दुनिया देखेगी, जब हाथरस का बेटा केन्या के लिए चमकेगा।

### अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहला कदम

अपने चयन पर भावुक पुष्कर शर्मा ने कहा, यह मेरे क्रिकेट जीवन का बेहद अहम पड़ाव है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेलने का सपना अब पूरा हो रहा है। मैं ईश्वर का आभारी हूं, और विशेष रूप से IndiaFirst Life Insurance का धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने मेरे सफर में पूरा सहयोग दिया।

### प्रेरणादायक रहा पुष्कर का सफर

पुष्कर शर्मा का क्रिकेट करियर संघर्षों और मेहनत की मिसाल है। हाथरस के ईसेपुर गांव में जन्मे पुष्कर का ननिहाल अतरौली के रूनपान गांव में है। उनके पिता स्व. शिवकुमार शर्मा, माता निर्मल शर्मा, पत्नी सीता शर्मा, बेटी विधि शर्मा, और बहनें ज्योति व निधि शर्मा भी इस उपलब्धि से गौरवान्वित हैं। पुष्कर ने 2015 में मुंबई अंडर-16 क्रिकेट टीम की कप्तानी की थी, जिसमें उनके साथ पृथ्वी शॉ भी टीम में शामिल थे। उन्होंने यशस्वी जायसवाल और अर्जुन तेंदुलकर जैसे सितारों के साथ भी खेला है। लगातार शानदार घरेलू प्रदर्शन और समर्पण के दम पर उन्होंने केन्या की राष्ट्रीय टीम में जगह बनाई है।

# 2000+ घर खरीदारों से वसूले 1100 करोड़

## 17 साल बाद फ्लैट मिला न प्लॉट, 681.54 करोड़ की अचल संपत्तियां कुर्क



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), गुरुग्राम क्षेत्रीय कार्यालय ने कई परियोजनाओं में विभिन्न घर खरीदारों के साथ धोखाधड़ी के एक मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत मेसर्स रामप्रस्थ प्रमोटर्स एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड (आरपीडीपीएल) और उसकी समूह कंपनियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। इन कंपनियों की 681.54 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया गया है। कुर्क की गई संपत्तियों में गुरुग्राम के सेक्टर 37डी, सेक्टर 92 और 95 में स्थित रामप्रस्थ सिटी की लगभग 226 एकड़ की दो प्लॉटेड कॉलोनियाँ और गुरुग्राम, हरियाणा के गाँव बसई, गाडोली कलां, हयातपुर और वजीपुर में स्थित लगभग 1700 एकड़ के भूखंड शामिल हैं। ईडी ने आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू), नई दिल्ली और हरियाणा पुलिस द्वारा दर्ज की गई कई एफआईआर के आधार पर पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत जांच शुरू की थी। यह जांच मेसर्स आरपीडीपीएल और इसके प्रमोटरों अरविंद वालिया, बलवंत चौधरी सिंह और संदीप यादव के खिलाफ कई घर खरीदारों की शिकायतों पर आधारित थी। घर खरीदारों को समय सीमा के भीतर फ्लैट या प्लॉट देने का वादा किया गया था। आरोप है कि कंपनी ने अपना वादा पूरा नहीं किया।

### परियोजनाओं के लिए 1100 करोड़ रुपये एकत्र किए

ईडी की जांच से पता चला है कि मेसर्स आरपीडीपीएल की विभिन्न परियोजनाएं जैसे प्रोजेक्ट एज, प्रोजेक्ट स्काईज, प्रोजेक्ट राइज और रामप्रस्थ सिटी (प्लॉटेड कॉलोनी परियोजना) सेक्टर 37डी, 92 और 95 गुरुग्राम में स्थित हैं, जिन्हें 2008-2011 में लॉन्च किया गया था। 14-17 साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी फ्लैटों या प्लॉट की जमीनों का कब्जा नहीं दिया गया है। जांच से पता चला है कि मेसर्स आरपीडीपीएल ने गुरुग्राम, हरियाणा में उक्त परियोजनाओं के लिए 2000 से अधिक घर खरीदारों से लगभग 1100 करोड़ रुपये एकत्र किए।

### कंपनी ने भूमि पार्सल आदि की खरीद में पैसा लगा दिया

जांच से यह भी पता चला है कि मेसर्स आरपीडीपीएल के प्रमोटर्स या निदेशकों ने घर खरीदारों से एकत्र की गई धनराशि को किसी दूसरे कार्य में लगा दिया। घर खरीदारों से वादा किया गया था कि उन्हें वादे के मुताबिक तय समय पर घर, फ्लैट या प्लाट मिल जाएगा। घरों के निर्माण कार्य को समय पर पूरा करने की बजाए कंपनी ने भूमि पार्सल आदि की खरीद में पैसा लगा दिया। उस पैसे को अग्रिम के रूप में अपनी समूह कंपनियों में भेज दिया। इस कारण आज तक फ्लैट और प्लॉट वितरित नहीं किए जा सके।

# फर्जी कॉल सेंटर ने अमेरिकी नागरिकों को ठगा, 62 किलो चांदी और 9.2 करोड़ की अचल संपत्ति जब्त

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), मुंबई क्षेत्रीय कार्यालय ने मेसर्स मैग्नेटेल बीपीएस कंसल्टेंट्स एंड एलएलपी द्वारा की गई साइबर धोखाधड़ी गतिविधियों की चल रही जांच के सिलसिले में अहमदाबाद, जयपुर, जबलपुर और पुणे स्थित कई परिसरों में तलाशी अभियान चलाया है। ईडी ने पुणे साइबर पुलिस द्वारा मेसर्स मैग्नेटेल बीपीएस कंसल्टेंट्स एंड एलएलपी नाम से एक फर्जी कॉल सेंटर चलाने में कथित रूप से शामिल आठ व्यक्तियों के खिलाफ दर्ज एक प्राथमिकी के आधार पर जांच शुरू की थी। पुणे में प्राइड आइकॉन बिल्डिंग की 9वीं मंजिल से जुलाई 2024 से संचालित उक्त कॉल सेंटर पर एक धोखाधड़ी ऋण योजना के माध्यम से अमेरिकी नागरिकों को निशाना बनाने का आरोप है। जांच एजेंसी ने आरोपियों के कब्जे से 7 किलो सोना, 62 किलो चांदी व 9.2 करोड़ की अचल संपत्ति जब्त की है।

# अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता में सिर्फ भागीदार नहीं भारत, बल्कि एक लीडर बनकर उभर रहा: जस्टिस सूर्यकांत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने कहा है कि भारत अब केवल स्थापित मध्यस्थता केंद्रों की बराबरी करने की कोशिश नहीं कर रहा, बल्कि यह सोचने और गढ़ने में जुटा है कि एक बहुध्रुवीय और गतिशील वैश्विक कानूनी व्यवस्था में मध्यस्थता और सुलह कैसी होनी चाहिए। स्वीडन के गोथेनबर्ग में 10 जुलाई को हुए एक राउंडटेबल कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने कहा कि भारत अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता में अब सिर्फ भागीदार नहीं, बल्कि एक थॉट लीडर बनकर उभर रहा है।

### देश में बन रहा मजबूत और भरोसेमंद मध्यस्थता तंत्र

जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि भारत में अब मध्यस्थता को वैकल्पिक नहीं, बल्कि मुख्य विवाद समाधान प्रणाली के रूप में देखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि कानूनी सुधारों, संस्थागत मजबूती और न्यायपालिका के सक्रिय सहयोग से देश में एक मजबूत और भरोसेमंद मध्यस्थता तंत्र बन रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत को अभी कुछ बड़ी चुनौतियों का सामना करना है, खासकर मध्यस्थता के निर्णयों को लागू करने की प्रक्रिया में आने वाली अड़चनों को दूर करना जरूरी है। इसके अलावा, संस्थानों को और मजबूत करने और कानूनी पेशेवरों को प्रशिक्षित करने के लिए दीर्घकालिक निवेश की आवश्यकता है।

### ‘संस्थागत विकास के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी जरूरी’

इस दौरान जस्टिस सूर्यकांत ने सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) को संस्थागत विकास के लिए जरूरी बताया और कहा कि मेक इन इंडिया व इनवेस्ट इंडिया जैसी पहलें भी इस दिशा में भारत की स्थिति मजबूत कर सकती हैं। जस्टिस सूर्यकांत ने यह भी कहा कि अब समय आ गया है कि मध्यस्थता और सुलह को वैकल्पिक न मानकर स्वतंत्र न्यायिक रास्तों के रूप में देखा जाए।

# इसरो के मानव अंतरिक्ष अभियान की तैयारी तेज

## गगनयान की उड़ान के लिए इंजन तैयार, मिशन एबॉर्ट परीक्षण सफल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार को बताया कि उसने गगनयान मिशन के लिए सर्विस मॉड्यूल प्रोपल्शन सिस्टम (एसएमपीएस) का काम सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इसके साथ ही इस सिस्टम के सभी जरूरी परीक्षण भी पूरे कर लिए गए हैं। शुक्रवार को इस सिस्टम का 350 सेकंड (करीब 6 मिनट) तक एक बड़ा परीक्षण किया गया। इसका मकसद यह देखना था कि अगर उड़ान के दौरान कोई गड़बड़ी हो जाए और मिशन को बीच में रोकना पड़े (जिसे %मिशन एबॉर्ट% कहा जाता है), तो यह सिस्टम सही तरीके से काम करता है या नहीं।

### क्या काम करेगा सर्विस मॉड्यूल

गगनयान मिशन भारत का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन है, जिस पर काम किया जा रहा है। इसरो ने एक बयान में कहा कि हॉट परीक्षण के दौरान प्रोपल्शन सिस्टम का प्रदर्शन पूर्वानुमानों के अनुसार सामान्य रहा। इसरो के मुताबिक, गगनयान के सर्विस मॉड्यूल में एक खास सिस्टम लगाया गया है जो दो तरह के ईंधन से चलता है। यह सिस्टम उस हिस्से को मदद करता है जो इंसानों को लेकर अंतरिक्ष में जाएगा। इसका काम रॉकेट को सही कक्षा (ऑर्बिट) में पहुंचाना, उड़ान के दौरान दिशा को नियंत्रित करना, जरूरत पड़ने पर रॉकेट की गति को धीमा करना और अगर कोई गड़बड़ी हो जाए तो मिशन को बीच में रोककर अंतरिक्ष यात्रियों को सुरक्षित वापस लाना है।

### सर्विस मॉड्यूल प्रोपल्शन सिस्टम को परखने के लिए मॉडल तैयार

इस सिस्टम में दो खास तरह के इंजन काम करते हैं - लिक्विड एपोजी मोटर (एलएएम) रॉकेट को उसकी सही कक्षा में लाने और फिर धीरे-धीरे नीचे लाने में मदद करते हैं। रिएक्शन कंट्रोल सिस्टम (आरसीएस) रॉकेट की दिशा को बहुत सटीक तरीके से नियंत्रित करता है। इसरो ने बताया कि एसएमपीएस को अच्छे से परखने के लिए एक मॉडल तैयार किया गया, जिसे सिस्टम डेमोंस्ट्रेशन मॉडल (एसडीएम) कहा जाता है। इस मॉडल में वह सभी हिस्से शामिल थे जो असली सिस्टम में भी होंगे - जैसे ईंधन टैंक से ईंधन भेजने वाला सिस्टम, हीलियम गैस का दबाव बनाए रखने वाला सिस्टम, उड़ान में काम करने वाले छोटे-छोटे इंजन (थ्रस्टर) और उन्हें नियंत्रित करने वाले उपकरण।

### चार घंटे तक चले परीक्षण

इस मॉडल पर इसरो ने 25 बार अलग-अलग तरह के परीक्षण किए - कुछ सामान्य हालातों में और कुछ मुश्किल हालातों में। ये सारे परीक्षण कुल 14,331 सेकंड (करीब 4 घंटे) तक चले। इनका मकसद यह देखना था कि यह सिस्टम गगनयान मिशन के अलग-अलग चरणों और इंसान को सुरक्षित ले जाने की जरूरतों पर खरा उतरता है या नहीं।

### एलपीएससी में तैयार किया गया प्रोपल्शन सिस्टम

इसरो ने बताया कि यह प्रोपल्शन सिस्टम उसके लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम सेंटर (एलपीएससी) में डिजाइन किया गया, यानी इसकी योजना बनाई गई, बनाया गया और तैयार किया गया। इसके सभी परीक्षण तमिलनाडु के महेंद्रगिरी में स्थित इसरो के प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स (आईपीआरसी) में किए गए, जहां रॉकेट के इंजन और उससे जुड़े सिस्टम की जांच और परीक्षण किए जाते हैं।

# तिरंगे का राजनीतिक और धार्मिक इस्तेमाल रोके सरकार, सुप्रीम कोर्ट में याचिका

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को राजनीतिक और धार्मिक मकसदों से इस्तेमाल करने पर रोक लगाने की मांग को लेकर एक अहम याचिका सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई है। इस याचिका में केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को निर्देश देने की मांग की गई है कि किसी भी राजनीतिक पार्टी या धार्मिक समूह को राष्ट्रीय ध्वज के पक्षपातपूर्ण या धार्मिक उद्देश्य के लिए उपयोग करने से रोका जाए। यह याचिका 14 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट की बेंच के सामने सुनवाई के लिए पेश की जाएगी। इस बेंच में मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन और एन वी अंजारिया शामिल हैं।

# गोकर्ण की पहाड़ियों में गुफा से मिली रूसी महिला, दो बच्चे भी साथ, आठ साल पहले खत्म हो गया था वीजा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कारवार



कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले के गोकर्ण में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक रूसी महिला अपनी दो छोटी बेटियों के साथ जंगलों के बीच एक गुफा में रह रही थी। महिला का नाम नीना कुटिना उर्फ मोहिनी है। वह आध्यात्मिक शांति की तलाश में भारत आई थी और बीते दो हफ्तों से वह अपनी बेटियों के साथ रामतीर्थ की पहाड़ियों में एक गुफा में रह रही थी। पुलिस के मुताबिक, नीना अपनी बेटियों प्रेया (6) और अमा (4) के साथ एक प्राकृतिक गुफा में रह रही थी। वहां उन्होंने एक रूद्र की मूर्ति रखी थी और दिन-रात पूजा और ध्यान करती थीं। आसपास घना जंगल, ढलान और खतरनाक पहाड़ियां थीं। वह किसी से संपर्क में नहीं थी और पूरी तरह एकांत में रह रही थी। पुलिस को यह जानकारी हाल में हुई एक लैंडस्लाइड के बाद क्षेत्र में गश्त के दौरान मिली, जब गुफा के बाहर कपड़े सूखते हुए दिखे।

### पुलिस की सतर्कता से मिली महिला और बच्चे

सर्कल पुलिस इंस्पेक्टर श्रीधर की टीम ने जब गुफा के आसपास कपड़े देखे तो संदेह हुआ। वे झाड़ियों के बीच से गुफा तक पहुंचे और वहां नीना और उसकी दो बच्चियों को देखा। दोनों बच्चे स्वस्थ थे और कोई दुर्घटना नहीं हुई थी, जो राहत की बात रही। पुलिस को यह देख हैरानी हुई कि महिला और बच्चे बिना किसी मदद के इतने दिनों तक वहां कैसे रह पाए।

### 2017 में ही समाप्त हो चुका था वीजा

उत्तर कन्नड़ के एसपी एम नारायण ने बताया कि महिला का वीजा 2017 में ही खत्म हो गया था। वह बिजनेस वीजा पर भारत आई थी और गोवा होते हुए गोकर्ण पहुंची। फिलहाल यह साफ नहीं हो पाया है कि वह भारत में कब से रह रही थी। उसका कहना है कि वह भारतीय संस्कृति और आध्यात्म से बहुत प्रभावित है और साधना के लिए यहां आई थी।

### अब आश्रम में ठहराया गया, होगी देश वापसी

पुलिस ने नीना और उसके बच्चों को गोकर्ण के एक साध्वी द्वारा चलाए जा रहे आश्रम में ठहराया है। उनके लिए रहने और खाने की व्यवस्था की गई है। साथ ही उन्हें बेंगलुरु ले जाकर डिपोर्टेशन की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। स्थानीय एनजीओ की मदद से रूसी दूतावास से संपर्क किया गया है और सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं।

# शिंदे गुट के मंत्री के बैग वाले वायरल वीडियो पर घमासान, राउत ने उठाए सवाल, कहा, कपड़े थे तो दिखाओ

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई



शिवसेना (यूबीटी) के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय राउत ने शनिवार को एक वायरल वीडियो को लेकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर सवाल खड़े किए। राउत ने कहा कि शिरसाट का दावा है कि बैग में सिर्फ कपड़े थे, लेकिन यदि ऐसा है तो बैग खोलकर दिखा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो वीडियो में है, वो सभी ने देखा। अगर कपड़े थे तो दिखाने में क्या हर्ज था? बता दें कि ये विवाद तब शुरू हुआ है, जब हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो चर्चा का विषय बना हुआ है, जिसमें शिंदे गुट के मंत्री संजय शिरसाट एक कमरे में बैठे दिख रहे हैं, उनके पास ही एक बैग रखा है। दावा किया जा रहा है कि इस बैग में नोटों की गड्डियों जैसा कुछ नजर आ रहा है।

### राउत ने फडणवीस पर उठाए सवाल

इस वीडियो के सोशल मीडिया पर वायरल होने के साथ ही महाराष्ट्र की सियासत में अलग तरह की गर्माहट देखने को मिल रही है। राउत ने मुख्यमंत्री फडणवीस की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए कहा कि शिवसेना (शिंदे गुट) ने सरकार को मजाक बना दिया है और मुख्यमंत्री इस पर चुप हैं। क्या ये सरकार को चलाने का तरीका है? इसके साथ ही राउत ने शिवसेना विधायक संजय गायकवाड़ पर भी हमला बोला। हाल ही में गायकवाड़ पर मुंबई के विधायक हॉस्टल की कैंटीन के कर्मचारी के साथ मारपीट का आरोप लगा था। पुलिस ने उनके खिलाफ गैर-संज्ञेय अपराध दर्ज किया है। राउत ने कहा कि यह साधारण मामला नहीं, हत्या के प्रयास जैसा है। सरकार ऐसे अपराधियों को क्यों बचा रही है?

### ‘शिंदे गुट दिल्ली के प्यादे’

इसके अलावा राउत ने एकनाथ शिंदे गुट पर जोरदार हमला किया। उन्होंने कहा कि शिंदे गुट के साथ हमारी दुश्मनी अब ऐसी हो गई है कि आमने-सामने बैठना भी मुश्किल है। उन्होंने शिंदे गुट को दिल्ली का प्यादा और महाराष्ट्र का दुश्मन कहा।

### महाराष्ट्र विशेष सार्वजनिक सुरक्षा विधेयक 2024 पर भी साधा निशाना

अंत में राउत ने राज्य विधान परिषद में पास हुए महाराष्ट्र विशेष सार्वजनिक सुरक्षा विधेयक 2024 को लोकतंत्र विरोधी करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कानून आदिवासी और सामाजिक कार्यकर्ताओं की आवाज दबाने के लिए लाया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा को उन लोगों से डर लगता है जो आदिवासियों के लिए लड़ते हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)